सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 21 नवम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 314, पेज 16, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 446 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी रही और सेंसेक्स 446.21 अंक चढ़कर 85,632.68 अंक पर बंद हुआ। } 14

## पीएम मोदी के दृष्टिकोण को साकार करेगी बिहार सरकार

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर नीतीश कुमार को बधाई दी और कहा कि यह डबल इंजन सरकार पीएम मोदी के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए और अधिक ऊर्जा से कार्य करेगी। } 16



## 10 दिन की हिरासत में दिल्ली धमाके के आरोपी

### जांच में अल फलाह के पूर्व छात्र के संबंधों का हुआ खुलासा

एजेंसी



नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को लालकिला विस्फोट मामले में चार आरोपियों को 10 दिन की एनआईए हिरासत में भेज दिया। इन लोगों को 10 नवंबर को लाल किले के निकट हुए कार विस्फोट के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। इस विस्फोट में 15 लोग मारे गए थे। वहीं दूसरी ओर लाल किले के पास हाल में हुए कार विस्फोट की जांच का दायरा बढ़ने के साथ दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा को इंडियन मुजाहिदीन के भगोड़े आतंकवादी और अल फलाह विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र मिर्जा शादाब बेग के बारे में एक नया सुराग मिला है।

विस्फोट के बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मुजम्मिल गनई, अदील राथर और शाहीना सईद के साथ-साथ मौलवी इरफान अहमद वागे को गिरफ्तार कर लिया था। इससे पहले दिन में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने उन्हें श्रीनगर में हिरासत में लिया और पटियाला हाउस अदालत में पेश किया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंजू बजाज चांदना ने चारों आरोपियों को 10 दिन की एनआईए हिरासत में भेज दिया। एनआईए ने चारों आरोपियों से पूछताछ के लिए अदालत से 15 दिन की हिरासत का अनुरोध किया था। अदालत परिसर में भारी सुरक्षा थी और ...शेष पृष्ठ 14 पर

## विश्व कप मुक्केबाजी में बेटियों का जलवा, जीते पांच स्वर्ण पदक

### निकहत जरीन, मीनाक्षी हुड्डा प्रीति पवार, अरुंधति व नूपुर शेओरन ने रचा इतिहास

एजेंसी

नई दिल्ली। विश्व मुक्केबाजी कप के फाइनल में भारत की बेटियों ने देश का मान बढ़ाया है। निकहत जरीन, मीनाक्षी हुड्डा और प्रीति पवार समेत पांच मुक्केबाजों ने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। निकहत (51 किग्रा) ने चीनी ताइपे की मुक्केबाज जुआन यी गुओ को हराकर यह जीत दर्ज की। निकहत के अलावा मीनाक्षी हुड्डा (48 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा), अरुंधति (70 किग्रा) और नूपुर शेओरन (80+ किग्रा) ने भी स्वर्ण पदक जीते।

ग्रेटर नोएडा के विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले जा रहे विश्व मुक्केबाजी कप 2025 के फाइनल मुकाबलों में भारत की बेटियों ने तिरंगा लहराया। मीनाक्षी हुड्डा ने उज्बेकिस्तान की फोजिलोवा फारजोना को 5-0 से हराकर 48 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। जीत के बाद उन्होंने कहा, 'मैं बहुत खुश हूं। मैं अपने डिस्ट्रिक्ट कोच विजय हुड्डा को धन्यवाद कहूंगी, जिन्होंने मुझे सपोर्ट किया। इसके बाद प्रीति पवार (54 किग्रा) ने इटली की सिरीन चाराबी को 5-0 से हराकर भारत की झोली में एक और स्वर्ण डाल दिया। अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) ने उज्बेकिस्तान की जोकिरोवा अजीजा को 5-0 से हराकर भारत को तीसरा स्वर्ण दिलाया। इसके बाद नूपुर (80+ किग्रा) ने उज्बेकिस्तान की सोटिम्बोएवा ओल्टिनोय को 5-0 से हराकर दिन का चौथा स्वर्ण जीता। वहीं, निकहत जरीन ने चीनी ताइपे की मुक्केबाज जुआन यी गुओ को हरा दिया। यह भारत का पांचवां स्वर्ण पदक है। विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल 2025 में भारतीय मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अब तक पांच से ज्यादा स्वर्ण पदक अपने नाम किए हैं। फाइनल में भारतीय पुरुष और महिला खिलाड़ियों ने दमदार मुकाबले खेले और घरेलू ...शेष पृष्ठ 14 पर




## संक्षेप

### कोयला जलाकर कमरे में सोये चार मजदूरों की मौत

कानपुर। पनकी औद्योगिक क्षेत्र में बृहस्पतिवार को चार मजदूर अपने किराए के कमरे में मृत पाए गए। पुलिस को संदेह है कि रात भर कमरे में कोयला जलाने से कार्बन मोनोऑक्साइड गैस के कारण दम घुटने से उनकी मौत हुई। सहायक पुलिस आयुक्त (पनकी) शिखर ने कहा कि मृतकों की पहचान अरुण वर्मा, संजू सिंह, राहुल सिंह और दाउद अंसारी के तौर पर हुई है। ये सभी देवरिया जिले के रहने वाले थे और औद्योगिक क्षेत्र में एक तेल मिल में काम करते थे। उन्होंने बताया कि कमरे में सात मजदूर रहते थे लेकिन तीन रात को कहीं बाहर चले गए थे। उन्होंने बताया कि बाकी चार मजदूरों ने रात का खाना बनाया और बाद में ठंड से राहत के लिए लोहे के बर्तन में कोयला जलाया। उन्होंने कमरा अंदर से बंद कर लिया था और कमरे में हवा आर-पार जाने की कोई व्यवस्था नहीं थी। जब वे सुबह तक नहीं उठे, तो साथी श्रमिकों ने बार-बार दरवाज़ा खटखटाया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

### अनिल अंबानी की 1400 करोड़ की सम्पत्ति कुर्क

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी और उनकी कंपनियों से संबंधित धन शोधन की जांच के तहत 1,400 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां कुर्क की हैं। अधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। संघीय जांच एजेंसी ने पहले इस मामले में 7,500 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की थी। सूत्रों ने बताया कि देश के विभिन्न भागों में स्थित संपत्तियों के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत अनंतिम कुर्की का यह नया आदेश जारी किया गया है। इस मामले पर अभी रिलायंस समूह से प्रतिक्रिया नहीं मिली है। सूत्रों ने बताया कि नवीनतम आदेश के तहत 1,400 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की गई है।

# बिहार में 10वीं बार नीतीश सरकार

### उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री मोदी, सीएम योगी समेत भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री रहे मौजूद







एजेंसी

पटना। जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने बृहस्पतिवार को एक भव्य समारोह में बिहार के मुख्यमंत्री पद की रिकॉर्ड 10वीं बार शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कई गणमान्य नेता उपस्थित रहे।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान भी इस अवसर पर मौजूद थे। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में कुमार और 26 सदस्यीय मंत्रिपरिषद को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कुमार ने बुधवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर राज्यपाल से नयी सरकार बनाने का दावा पेश किया था। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा बिहार सरकार में मंत्रियों के रूप में शपथ लेने वाले सभी साथियों को हार्दिक बधाई। यह समर्पित नेताओं की शानदार टीम है, जो बिहार को नयी ऊंचाइयों पर ले जाएगी। सभी को मेरी शुभकामनाएं। समारोह के अंत में प्रधानमंत्री ने अपने चिरपरिचित अंदाज में गमछा हवा में लहराकर उपस्थित जनसमूह का उत्साह बढ़ाया। शपथ ग्रहण समारोह के लिए गांधी मैदान में विशाल मंच तैयार किया गया था, जहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी शिरकत की। इनमें आंध्र प्रदेश के एन चंद्रबाबू नायडू, उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ, महाराष्ट्र के देवेंद्र फडणवीस, असम के हिमंत विश्व शर्मा और दिल्ली की रेखा गुप्ता शामिल थीं। शपथ लेने वालों में भाजपा विधायक दल ...शेष पृष्ठ 14 पर

## लुधियाना में आतंकियों व पुलिस के बीच मुठभेड़

लुधियाना (पंजाब)। हैंड ग्रेनेड के साथ बड़ी आतंकी घटना को अंजाम देने की फिराक में जा रहे दो आतंकियों के साथ कमिश्नरेट पुलिस लुधियाना की वीरवार की देर शाम को मुठभेड़ हो गई। लाडोवाल के पास उस समय मुठभेड़ हुई जब पुलिस की एक टीम गश्त कर रही थी तो दो आतंकी वहां से गुजर रहे थे। शक होने पर उन्हें रोकना चाहा तो आरोपी भाग निकले।

पुलिस टीम ने पीछा किया तो उन्होंने पुलिस पार्टी पर गोली चला दी। इसके बाद मुलाजिमों ने इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। तुरंत ही पुलिस की कई टीमें वहां पहुंच गई। पुलिस ने दोनों आतंकियों को घेर लिया। क्रास फायरिंग में दोनों घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को काबू किया और अस्पताल पहुंचाया। पुलिस की गोली से घायल हुए आतंकियों के कब्जे से पुलिस नेदो हैंड ग्रेनेड, चार पिस्तौल और पचास से अधिक कारतूस बरामद किए है। आतंकियों से बरामद हथियार से आशंका है कि दोनों किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। पुलिस कमिश्नर स्वप्न शर्मा खुद घटना स्थल पर पहुंचे हैं। उन्होंने तुरंत सारी जानकारी ली लेकर चंडीगढ़ ...शेष पृष्ठ 14 पर

## राज्यपाल व राष्ट्रपति को नहीं दे सकते निर्देश

### विधेयकों के लागू होने के लिए समय सीमा निर्धारित नहीं

एजेंसी



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि निर्धारित समय सीमा की समाप्ति के बाद, विधेयकों पर राज्यपाल या राष्ट्रपति की स्वतः स्वीकृति (डीम्ड एसेंट) कार्यपालिका के कार्यों को न्यायपालिका द्वारा अपने हाथों में लेने जैसा है, जो अस्वीकार्य है।

न्यायालय ने कहा कि अनुच्छेद 142 के तहत अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करते हुए न्यायालय द्वारा लंबित विधेयकों पर स्वतः स्वीकृति की अवधारणा वस्तुतः एक अलग संवैधानिक प्राधिकार की भूमिका और कार्य को अपने हाथ में लेने की तरह है। इस संबंध में राष्ट्रपति द्वारा राय मांगे जाने पर प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने सर्वसम्मति से कहा कि अनुच्छेद 200 और 201 के संदर्भ में स्वतः स्वीकृति की अवधारणा यह कहती है कि एक संवैधानिक प्राधिकार, यानी न्यायालय, किसी अन्य संवैधानिक पदाधिकारी, अर्थात राज्यपाल या राष्ट्रपति की भूमिका नहीं निभा सकता है। पीठ ने कहा, राज्यपाल के कार्य और इसी प्रकार राष्ट्रपति के कार्यों को इस तरह से हड़पना न केवल संविधान की भावना के प्रतिकूल है, बल्कि विशेष रूप से शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत के भी प्रतिकूल है - जो भारतीय संविधान के मूल ढांचे का एक हिस्सा है। पीठ में न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति ए एस चंदुरकर भी शामिल हैं। न्यायालय ने कहा कि अनुच्छेद 142 पर निर्भरता संवैधानिक प्रावधानों का अतिक्रमण नहीं है। संविधान का अनुच्छेद 142 शीर्ष अदालत को अपने समक्ष लंबित किसी भी मामले में पूर्ण न्याय करने के लिए आवश्यक कोई भी आदेश या डिक्री पारित करने का अधिकार देता ...शेष पृष्ठ 14 पर

## हत्या के मामले में सात को उम्रकैद

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले की एक अदालत ने हत्या के एक मामले में आरोपी सात लोगों को बृहस्पतिवार को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई और सभी पर 51-51 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

लोक अभियोजक राजीव कुमार ने बताया कि 15 जुलाई 2022 को खुर्जा नगर इलाके के शेखपेन मोहल्ले में रहने वाले इदरीस (65) की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इदरीस के बेटे आस मोहम्मद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसके पिता और दो भाई इरफान व इमरान आगे चल रहे थे और वह पीछे था। शिकायतकर्ता के मुताबिक, रास्ते में पहले से ही घात लगाए बैठे हमलावरों ने उसके पिता से मारपीट शुरू कर दी व गोलियां चलाईं, जिससे उसके ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बिहार में विकास, सुशासन को मिलेगी नयी दिशा

### नीतीश सरकार का शपथ ग्रहण लोकतंत्र की मजबूती व जन विश्वास का प्रतीक : धामी

प्रमुख संवाददाता



देहरादून/पटना। बिहार में नई सरकार के गठन के अवसर पर पटना के गांधी मैदान में आयोजित भव्य शपथ ग्रहण समारोह में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शामिल हुए। प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्रिमंडल के सदस्यों और देशभर के प्रमुख नेताओं की उपस्थिति के कारण यह समारोह राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का प्रमुख केंद्र रहा। मुख्यमंत्री धामी ने नवनियुक्त मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा और मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्यों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि यह अवसर भारतीय लोकतंत्र की मजबूती और जन-विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई सरकार बिहार को विकास, सुशासन और कल्याणकारी नीतियों के माध्यम से नई दिशा देगी। धामी ने कहा कि उत्तराखंड और बिहार के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक स्तर पर बहुत गहरे संबंध रहे हैं। शिक्षा से लेकर प्रशासनिक सेवाओं, सैन्य योगदान और औद्योगिक गतिविधियों तक दोनों राज्यों ने वर्षों से एक-दूसरे का सहयोग किया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस सहयोग ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 26.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 12.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- केन्द्रीय संस्कृत विवि में लगेगी खादी प्रदर्शनी (पृष्ठ-02)
- सौर क्रांति से गांव-गांव पहुंची रोशनी (पृष्ठ-02)
- बिजली की मांग तेज, जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता बढ़ी (पृष्ठ-14)
- रुपया 23 पैसे टूटकर 88.71 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)
- 600 रुपये गिरकर 1,26,700 रुपये पर सोना (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** मुख्यमंत्री योगी ने जंबूरी स्थल का किया निरीक्षण, विश्वस्तरीय व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के दिए आदेश

## अर्थव्यवस्था सशक्तीकरण में अहम भूमिका निभा रहा लखनऊ

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को 19वें भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के जंबूरी की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। यह आयोजन 23 से 29 नवंबर तक वृंदावन कॉलोनी स्थित डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में आयोजित होगा। 61 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद उत्तर प्रदेश इस प्रतिष्ठित डायमंड जुबिली संस्करण की मेजबानी कर रहा है, जो राज्य के लिए ऐतिहासिक क्षण है। 300 एकड़ में फैले जंबूरी परिसर को 32,000 प्रतिभागियों और 3,000 स्टाफ सदस्यों के लिए तैयार किया जा रहा है।

नेपाल, श्रीलंका, भूटान, अफगानिस्तान सहित एशिया-प्रशांत क्षेत्र के कई देशों के प्रतिनिधि भी इसमें हिस्सा लेंगे, जिससे इसका अंतरराष्ट्रीय महत्व और बढ़ जाता है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि




विश्वस्तरीय व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही की कोई गुंजाइश न रहे। उन्होंने आवास, स्वच्छता, सुरक्षा, भोजन, स्वास्थ्य सुविधाओं और डिजिटल कनेक्टिविटी तक हर व्यवस्था को सर्वोत्तम मानक के अनुरूप तैयार करने पर जोर दिया। सीएम ने स्काई साइक्लिंग और ज़िपलाइन एडवेंचर का विशेष प्रदर्शन भी देखा, जिसकी उन्होंने सराहना की। उनके साथ जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, प्रभात कुमार (सेवानिवृत्त कअर), राज्य मुख्य आयुक्त, स्काउट्स एंड गाइड्स, और डीएम लखनऊ विशाख जी मौजूद रहे। सुगम व्यवस्थाओं के लिए परिसर में 16 जर्मन हैंगर, 600 वाटर टैंक, 30 फड प्वाइंट, 2,200 से अधिक शौचालय, 100 किचन और चार केंद्रीय रसोईघर स्थापित किए जा रहे हैं, जो प्रतिदिन हजारों लोगों को भोजन उपलब्ध कराएंगे।

3,500 क्षमता वाला कॉन्फ्रेंस हॉल, अस्थायी पुलिस स्टेशन और 11 फायर टेंडर भी सुरक्षा और अनुशासन सुनिश्चित करेंगे। जंबूरी में देशभर से आए कैडेट 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को प्रदर्शित करते हुए उत्तर प्रदेश की समृद्ध संस्कृति और विविध व्यंजनों का अनुभव करेंगे। यह आयोजन लखनऊ में रोजगार सृजन और स्थानीय अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जहां हजारों श्रमिकों, ठेकेदारों और ...शेष पृष्ठ 14 पर

## हिंद-प्रशांत व दक्षिण एशिया क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण शक्ति है भारत

एजेंसी

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन। अमेरिका ने भारत के लिए एक्सकैलिबर प्रोजेक्टाइल, जेवलिन मिसाइल सिस्टम और संबंधित उपकरणों की कुल नौ करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की बिक्री को मंजूरी दे दी है। अमेरिका ने भारत को हिंद-प्रशांत और दक्षिण एशिया क्षेत्रों में राजनीतिक स्थिरता एवं शांति के लिए एक महत्वपूर्ण शक्ति बताया है।

अमेरिका ने यह भी कहा कि इस बिक्री से एक प्रमुख रक्षा साझेदार की सुरक्षा मजबूत होगी। रक्षा सहयोग एजेंसी ने बुधवार को एक बयान में कहा कि विदेश मंत्रालय ने भारत को अनुमानित लागत चार करोड़ 71 लाख अमेरिकी डॉलर पर एक्सकैलिबर प्रोजेक्टाइल और संबंधित उपकरणों की और अनुमानित लागत चार करोड़ 57 लाख अमेरिकी डॉलर पर जैवलिन मिसाइल सिस्टम एवं संबंधित उपकरणों की संभावित विदेशी सैन्य बिक्री को मंजूरी देने का निर्णय लिया है। रक्षा सहयोग एजेंसी ने संसद को बिक्री की जानकारी देते हुए आवश्यक प्रमाणीकरण प्रदान किया। एजेंसी ने कहा यह प्रस्तावित बिक्री अमेरिका-भारतीय सामरिक ...शेष पृष्ठ 14 पर

**अमेरिका ने भारत को एक्सकैलिबर प्रोजेक्टाइल जेवलिन मिसाइल सिस्टम की बिक्री को मंजूरी दी**

# कलश यात्रा के साथ ध्वजारोहण समारोह का शंखनाद

## 85,000 करोड़ का मेगा इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट, 25 को पीएम करेंगे ध्वजारोहण



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रामनगरी अयोध्या में आज गुरुवार को कलश यात्रा के साथ दिव्य, भव्य, अलौकिक और गौरवशाली ध्वजारोहण महोत्सव का शंखनाद हो गया। ध्वजारोहण के अनुष्ठान का शुभारंभ कल से हो रहा है। एक भव्य कार्यक्रम के दौरान 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राम मंदिर के 191 फीट ऊंचे शिखर पर ध्वजारोहण करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में अयोध्या में तैयारियां तेज हो गई हैं।

ध्वजारोहण कार्यक्रम के साथ ही अयोध्या के विकास और समृद्धि की एक और गौरवगाथा का प्रारंभ हो गया है।

अयोध्या अब केवल आध्यात्मिक नगरी नहीं बल्कि पर्यटन नगरी के रूप में भी अपनी पहचान स्थापित कर रही है। श्रीराम मंदिर के निर्माण के बाद अयोध्या के पर्यटन में जोरदार उछाल आया है। 2020 में अयोध्या में करीब 60 लाख पर्यटक आए थे। तब अयोध्या में श्रीराममंदिर का निर्माण नहीं हुआ था।

श्रीराम मंदिर का निर्माण होते ही अयोध्या में पर्यटकों की संख्या में जो बढ़ोतरी देखने को मिली है वो ऐतिहासिक है। इस साल जनवरी से जून के बीच लगभग 23 करोड़ पर्यटक अयोध्या आ चुके हैं।

अनुमान लगाया जा रहा है कि साल के अंत तक पर्यटकों की संख्या का आंकड़ा 50 करोड़ पार कर जाएगा। अयोध्या को पर्यटक नगरी बनाने का श्रेय डबल इंजन सरकार को जाता है। सीएम योगी आदित्यनाथ अयोध्या के विकास को लेकर गंभीर हैं। अयोध्या को पूर्ववर्ती सरकारों ने अछूता बना दिया था। वोटबैंक के लिए उन्होंने रामनगरी के साथ बहुत बड़ा अन्याय किया था। लेकिन 2017 में उत्तर प्रदेश की बागडोर संभालने के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के विकास को अपनी पहली प्राथमिकता में रखा। अयोध्या में दीपावली के अवसर पर दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन प्रारंभ हुआ। 2024 में श्रीराम मंदिर बनने के साथ साथ शहर के विकास का एक व्यापक खाका खींचा गया। 2031 तक मास्टर प्लान के तहत अयोध्या को हाईटेक सिटी के तौर पर विकसित कर दिया जाएगा।

### 2047 तक अयोध्या बनेगा एक वैश्विक आध्यात्मिक गंतव्य

अयोध्या को 2047 तक एक वैश्विक आध्यात्मिक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। जिस तरह प्राचीन काल में अयोध्या चमकती थी उसी तरह फिर इसके गौरव को वापस दिलाना है। इसी को ध्यान में रखते हुए अयोध्या को विकसित किया जा रहा है। 2047 तक उत्तर प्रदेश को विकसित प्रदेश बनाना है। इसी तरह अयोध्या को भी विकसित करने की योजना पर काम चल रहा है। इसके लिए अयोध्या के विकास में ट्रीटमेंट, आयुर्वेद थेरेपी और प्रकृति-थीम वाली जीवन शैली को प्राथमिकता दी जाएगी। जिन पर्यटकों पास शहर में लंबे समय तक रहने की क्षमता है उन पर्यटकों को प्रोत्साहित करने के लिए लग्जरी कॉटेज स्थापित किए जाएंगे। साथ ही जल क्रीड़ा, नदी क्रूज, हेलीकॉप्टर जॉयराइड और वैदिक और योग-आधारित प्रशिक्षण संस्थानों में शामिल होने के विकल्प भी होंगे। अयोध्या में विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार करीब 5,0000 करोड़ निवेश कर रही है। अयोध्या का विभिन्न क्षेत्रों में विकास करके इसे एक विश्व-स्तरीय शह बनाए जाने की योजना पर काम चल रहा है। उत्तर प्रदेश का पर्यटन सेक्टर अगले कुछ वर्षों में 70,000 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। इसमें अयोध्या का योगदान लगभग 25% रहेगा। अभी पर्यटन गतिविधियों से शहर की अर्थव्यवस्था सालाना 8,000झ12,500 करोड़ तक पहुंची है जिससे राज्य की आर्थिक वृद्धि में मदद मिल रही है। अयोध्या ने पर्यटन के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। अयोध्या अभी अकेले लगभग 1.5% तक उत्तर प्रदेश की जीएसडीपी में योगदान कर रहा है। यूपी को वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने की राह में अयोध्या की सीधी हिस्सेदारी है और निवेश और पर्यटन-ब्रांडिंग में इसकी हिस्सेदारी 100 फीसदी से ज्यादा है।

# उच्च शिक्षा मंत्री ने प्रस्तुत की विकसित उत्तर प्रदेश की रणनीति

विशेष संवाददाता (vol)

- विकसित उत्तर प्रदेश@2047 के तहत उच्च शिक्षा कॉनक्लेव में नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर मंथन
- उच्च शिक्षा कॉन्क्लेव में विश्वविद्यालयों के विकास और वैश्विक रैंकिंग पर चर्चा



**लखनऊ।** विकसित उत्तर प्रदेश @2047 संकल्प से समृद्धि तक राज्य स्तरीय अभियान के अंतर्गत गुरुवार को लखनऊ स्थित योजना भवन में उच्च शिक्षा कॉनक्लेव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय तथा उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने किया।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रस्तुत विकसित भारत-2047 का लक्ष्य एक राष्ट्रीय संकल्प है, जिसे पूरा करने के लिए सभी संस्थाओं को एकजुट होकर योगदान देना होगा।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विकसित उत्तर प्रदेश की आधारशिला है, जिसका मूल तत्व शिक्षा को संस्कार एवं रोजगार से जोड़ना है। प्रदेश में बीते वर्षों में विश्वविद्यालयों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है तथा हर मंडल में विश्वविद्यालय स्थापित करने की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। इससे शिक्षा का लोकव्यापीकरण होगा तथा गुणवत्ता सुधार के प्रयासों से राज्य के विश्वविद्यालयों की रैंकिंग में भी वृद्धि हुई है।

उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश बनने में उच्च शिक्षा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में आत्मनिर्भरता, नवाचार, स्टार्टअप, डीजी लॉकर, स्मार्ट क्लास, शोध और एआई आधारित तकनीकों के विस्तार पर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि राज्य के विश्वविद्यालय चुनौतियों को उपलब्धियों में बदलने की क्षमता रखते हैं और यह कॉनक्लेव इसी दिशा में एक मजबूत कदम है। मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 6 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य में शिक्षा की निर्णायक भूमिका है। उन्होंने बताया कि 2047 तक उत्तर प्रदेश के कम से कम 10 विश्वविद्यालयों को विश्व की शीर्ष 500 रैंक में शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा में अंतरराष्ट्रीय मानकों को अपनाने पर बल दिया। मुख्यमंत्री के सलाहकार डॉ. जीएन सिंह ने भारत की आर्थिक संभावनाओं, तकनीकी अंगीकरण तथा यूरोपीय विश्वविद्यालयों के साथ सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने वैश्विक मानकों वाली शिक्षा प्रणाली विकसित करने की दिशा में नवाचार और गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान को प्रमुख बताया।

मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार डॉ. केवी राजू ने उच्च शिक्षा के लिए एक्शन प्लान, मासिक मॉनिटरिंग, ऑपरेशनल एफिशिएंसी, स्टार्टअप इनोवेशन सेंटर, सीएसआर फंडिंग तथा शिक्षकों की सहभागिता बढ़ाने के लिए ठोस उपाय सुझाए।

# सपा विधायक सुधाकर सिंह का निधन, अखिलेश ने जताया दुख



- विधायक सुधाकर सिंह के निधन पर अखिलेश पहुंचे मेदांता हॉस्पिटल, परिजनों को बंधाया ढांढस

**लखनऊ।** सपा के मऊ जिले के घोसी विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुधाकर सिंह का गुरूवार को मेदांता हॉस्पिटल में निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे। सुधाकर सिंह के निधन की जानकारी मिलते ही सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव मेदांता पहुंचकर परिजनों से मिले। इस दौरान सुधाकर सिंह के बेटे सुजीत सिंह फूट-फूटकर रोने लगे। इस पर अखिलेश यादव ने उन्हें और अन्य परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया और सांत्वना दी।

अखिलेश यादव ने सुधाकर सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने सुधाकर सिंह के निधन को पार्टी की अपूरणीय क्षति बताया।

सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, पूर्व नेता विरोधी दल राम गोविंद चौधरी सहित बड़ी संख्या में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मेदांता हॉस्पिटल पहुंचकर सुधाकर सिंह के अंतिम दर्शन किये और परिजनों से मिलकर शोक प्रकट किया।

# सीएम योगी की युवा अनुकूल नीतियां यूपी की विकास यात्रा को दे रही है गति

## आईआईटीएफ में युवाओं की भागीदारी बन रही रचनात्मकता और उद्यमशीलता के प्रदर्शन का मंच

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश एक युवा केंद्रित विकास की लहर का साक्षी बन रहा है, जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण हमें भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ) में देखने को मिल रहा है। इस वर्ष आईआईटीएफ में यूपी की भागीदारी ने न केवल प्रदेश के युवाओं की रचनात्मकता और उद्यमशीलता को उजागर कर रही है, बल्कि योगी सरकार की युवा प्रतिभाओं को नवाचार एवं आत्मनिर्भरता के लिए प्रोत्साहित करने और विकास के अवसर सृजित करने की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित कर रही है।

सीएम योगी के विजन में प्रदेश में चलाए जा रहे रोजगार मेला, सीएम युवा कार्यक्रम और ओडीओपी योजना उत्तर प्रदेश के युवाओं को सशक्त बना रही हैं। जो न केवल राज्य के युवाओं को नौकरी के अवसर प्रदान करने, उनके कौशल का विकास करने और उनमें उद्यमिता व नवाचार को बढ़ावा दे रही है। जहां रोजगार मेले युवाओं को रोजगार से जोड़ते हैं, तो वहीं सीएम युवा कार्यक्रम का ध्येय उनके कौशल और क्षमताओं को मजबूती प्रदान करना है। सीएम युवा कार्यक्रम प्रदेश के युवाओं को कौशल, मार्गदर्शन और संसाधनों से लैस करता है ताकि वे अपने उद्यमों को शुरू कर सकें ताकि वे ऐसे उद्यम या व्यवसाय स्थापित कर सकें, जो दूसरों के लिए भी रोजगार सृजित कर सकें। सीएम योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना ओडीओपी, उन्हें उनके अपने ही जनपद में स्थानीय कौशलों को सफल व्यवसायों में बदलने में मदद करता है। सीएम योगी की इस योजना का अनुकरण वर्तमान में देश के अन्य राज्य भी कर रहे हैं। आईआईटीएफ में अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने वाले कई युवाओं ने साझा किया कि योगी सरकार की इन योजनाओं ने कैसे उनके स्टार्ट अप आइडिया, उनके परंपरागत व स्थानीय कौशलों को फलते-फूलते उद्यमों में बदलने में मदद की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सपना एक ऐसे भविष्य का है जहां उत्तर प्रदेश के युवा नौकरी तलाशने वाले न होकर नौकरी सृजित करने वाले बनें, जो आने वाले समय में उत्तर प्रदेश में नवाचार और आत्मनिर्भरता को गति दें, साथ ही राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बनाएं। आईआईटीएफ और यूपीआईटीएस जैसे अंतरराष्ट्रीय व प्रतिष्ठित मंचों में राज्य के युवा उद्यमियों की बढ़ती उपस्थिति योगी सरकार की सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता का मजबूत प्रतिबिंब है।

# सौर क्रांति से गांव-गांव पहुंची रोशनी

- बदल गयी ऊर्जा की तस्वीर

**लखनऊ।** कभी उत्तर प्रदेश के गांवों में शाम ढलते ही अंधेरा तेजी से फैल जाता था। घरों में टिमटिमाती रोशनी, बढ़ते बिजली बिल और अनिश्चित सप्लाई लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा थे। लेकिन योगी सरकार ने राज्य की ऊर्जा कहानी को बदलने का दृढ़ निश्चय किया। लक्ष्य सिर्फ बिजली देना नहीं था बल्कि प्रदेश के हर घर तक एक नई रोशनी, नई उम्मीद और नई समृद्धि पहुंचाना था। यही सोच आगे चलकर एक ऐसी क्रांति बनी, जिसने उत्तर प्रदेश को सौर ऊर्जा उत्पादन में राष्ट्रीय पटल पर तीसरे स्थान पर ला खड़ा किया। आज गांवों की छतों पर चमकते सोलर पैनल न सिर्फ बिजली पैदा कर रहे हैं, बल्कि नए भारत की परिकल्पना को साकार भी कर रहे हैं।

जब योजना शुरू हुई तो अंदाजा नहीं था कि जनता का इतना जबरदस्त समर्थन मिलेगा। लेकिन रिकॉर्ड बताते हैं कि उत्तर प्रदेश में कुल 13,46,040 आवेदन प्राप्त हुए। यह स्वयं दिखाता है कि लोग बदलाव के लिए कितने तत्पर थे। मात्र 18 महीनों में 2,81,769 सोलर रूफटॉप संयंत्रों का इंस्टॉलेशन और पिछले 4.5 महीनों में रिकॉर्ड 1,30,000 संयंत्रों की स्थापना ने उत्तर प्रदेश को महाराष्ट्र और गुजरात के बाद देश का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक राज्य बना दिया। प्रदेश में 976.21 मेगावॉट रूफटॉप सोलर कैपेसिटी स्थापित हो चुकी है। यह उपलब्धि न सिर्फ तकनीकी है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक रूप से भी परिवर्तनकारी है। सौर ऊर्जा योजना अब तक 2,85,025 उपभोक्ताओं के लिए वरदान साबित हुई है। जहां पहले प्रति घर 1500 रुपये तक का बिजली बिल आता था, वहीं अब सोलर रूफटॉप की वजह से हर महीने काफी बचत हो रही है। ऐसे में इससे एक साधारण परिवार के लिए आर्थिक स्थिरता और भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में यह बचत खेती-किसानी में सहारा बन रही है, जबकि शहरी इलाकों में बिजली पर निर्भर छोटे उद्यमों को नया जीवन मिल गया है। सौर ऊर्जा क्रांति ने सिर्फ रोशनी नहीं फैलाई बल्कि इसने रोजगार के विशाल द्वार भी खोले। अकेले उत्तर प्रदेश में 54,000 से अधिक युवाओं को सीधा रोजगार मिला है। देशभर में सोलर मॉड्यूल निर्माण, इन्वर्टर, वायरिंग, लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन जैसे क्षेत्रों में लाखों नौकरियां सृजित हुईं। साफ है कि यह योजना ऊर्जा के साथ-साथ रोजगार का भी उजाला लेकर आई है। मुफ्त बिजली, घरेलू बचत और रोजगार, इन तीन स्तंभों पर आधारित यह योजना अगले 25 वर्षों में प्रदेश की GDP में हजारों करोड़ रुपये का अतिरिक्त योगदान देगी। ऊर्जा लागत में कमी ने छोटे व्यापारों और स्टार्टअप्स को प्रतिस्पर्धा में और मजबूत बना दिया है। रोजाना 40 लाख यूनिट से अधिक बिजली का उत्पादन हो रहा है। यह सालाना करोड़ों यूनिट ऊर्जा उत्पादन के बराबर है और कार्बन उत्सर्जन में भारी कमी लाता है। जितनी कमी कई करोड़ पेड़ों के बराबर पर्यावरणीय लाभ देती है। सौर पार्क बनाने के लिए जहां 4000 एकड़ भूमि की आवश्यकता थी, उसे संरक्षित रख कर बड़ा कदम उठाया गया। यह भूमि कृषि, जल संरक्षण, उद्योग और अन्य सार्वजनिक हितों के लिए सुरक्षित रहेगी।

# भारत के पहले एआई सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा लखनऊ

## फतेहपुर में भारत का पहला एआई आधारित स्तन कैंसर स्क्रीनिंग केंद्र

विशेष संवाददाता (vol)



- एआई में वैश्विक मानक तय कर रहा उत्तर प्रदेश
- यूपी के 10 लाख किसान एआई से जुड़े, जवाबदेही मजबूत कर रही सरकार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश एआई के जरिए हर क्षेत्र में वैश्विक मानक तय कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि तकनीक के जरिए उत्तर प्रदेश हर क्षेत्र में शीर्ष पर पहुंचे। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ को देश की पहला पूर्ण विकसित एआई सिटी बनाई जा रही है। अन्य स्मार्ट सिटी मॉडलों की तुलना में यहां तकनीक ढांचों को मजबूत किया जा रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ लखनऊ को केवल राजधानी नहीं, बल्कि एआई आधारित शासन का राष्ट्रीय कमांड सेंटर बना रहे हैं।

दुनिया भर में सरकारें एक तरफ जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के जरिए सार्वजनिक सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रयत्नशील हैं। इसे लेकर अधिकतर देश और राज्य अभी प्रयोग कर रहे हैं, वहीं उत्तर प्रदेश एआई को ऐसे पैमाने पर लागू कर चुका है, जो कई वैश्विक उदाहरणों की बराबरी करता है।

यूपी का नेतृत्व करने वाले योगी आदित्यनाथ ने तकनीक को नारे की जगह शासन का सिद्धांत बना दिया है, जिसके जरिए भी यूपी अपने समृद्ध भविष्य को नए सिरे से गढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ी क्रांति देखने को मिल रही है। जहां स्वास्थ्य केवल इलाज नहीं, बल्कि पूवार्नुमान पर केंद्रित होना चाहिए। एआई इसे संभव बना रहा है। फतेहपुर में भारत का पहला एआई आधारित स्तन कैंसर स्क्रीनिंग केंद्र बनया गया है, जो अधिक सटीकता और शुरूआती पहचान में सक्षम है। सार्वजनिक स्वास्थ्य डेटा मैनुअल रिपोर्टिंग से हटकर प्रेडिक्टिव मॉडलिंग की ओर बढ़ रहा है। सरकारी मेडिकल कॉलेजों में निःशुल्क एआई और क्लाउड कोर्स, ताकि अगली पीढ़ी के स्वास्थ्य-तकनीक विशेषज्ञ तैयार किए जा सकें। शिक्षा ढाँचा डिजिटल रूप से नए सिरे से तैयार हो रहा है।

माध्यमिक शिक्षा परीक्षाओं में एआई सहायक भूमिका निभा रहे हैं, जिससे त्रुटियाँ और अनियमितताएँ कम हो रही हैं। शिक्षक व छात्र एआई टूल्स में प्रशिक्षित हो रहे हैं, जिससे सीखने के नए मार्ग खुल रहे हैं। उत्तर प्रदेश एआई आधारित व्यक्तिगत शिक्षा प्रणाली की नींव डाल रहा है।

कृषि में हाई-टेक बदलावः दस लाख से अधिक किसान एआई से जुड़े हैं। इसके जरिए कल्याण योजनाएं धीमी सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि रियल-टाइम सार्वजनिक सेवा बन चुका है। राज्य के कई नगर निगमों में एआई आधारित प्रणालियां कानून-व्यवस्था को नए स्तर पर ले जा रही हैं। इसके लिए अनेक कार्य हो रहे हैं, जिसके परिणाम भी मिल रहा है। भूमि विवादों से लेकर अवैध खनन तक यूपी शासन-प्रशासन एआई और सैटेलाइट विश्लेषण का उपयोग डेटा आधारित, निष्पक्ष निर्णय के लिए कर रहा है। इसके जरिए भ्रष्टाचार कम, समाधान तेज और जवाबदेही मजबूत हो रही है। एनआईसी से निर्मित ध्वनि प्लेटफॉर्म उत्तर प्रदेश का आधुनिक शासन इंजन बन रहा है।

# खादी महोत्सव का आगाज आज, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में लगेगी प्रदर्शनी

- प्रदेश के 160 से अधिक उद्यमी शिल्प, हस्तकरघा और स्वदेशी उत्पादों के साथ होंगे शामिल
- राज्य स्तरीय पुरस्कारों के माध्यम से उत्कृष्ट ग्रामोद्योग इकाइयों को किया जाएगा सम्मानित

**लखनऊ।** प्रदेश में स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देने, परंपरागत कला और खादी आधारित उद्योगों को नए बाजार उपलब्ध कराने तथा ग्रामीण आत्मनिर्भरता को सशक्त बनाने के 10 दिवसीय खादी महोत्सव 2025 का आयोजन केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गोमती नगर लखनऊ में किया जा रहा है। यह महोत्सव 21 नवम्बर से 30 नवम्बर तक चलेगा और इसमें खादी, ग्रामोद्योग, हस्तशिल्प और स्थानीय कला की समृद्ध विरासत को एक बड़े प्लेटफॉर्म पर प्रदर्शित किया जाएगा।

महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग तथा हथकरघा और वस्त्रोद्योग विभाग के मंत्री राकेश सचान द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 160 से अधिक उद्यमी और इकाइयां अपने उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री करेंगी। प्रदर्शनी में सहारनपुर के नक्काशीदार फर्नीचर, भदोही की कालीन, अमरोहा के गमछे और सदरी, सीतापुर की दरी और तौलिये, वाराणसी की रेशमी साड़ियां, प्रतापगढ़ के आंवला उत्पाद, लखनऊ की रॉयल हनी, माटी कला उत्पाद, बीकानेरी पापड़, लेदर उत्पाद, पारंपरिक जैकेट, वस्त्र और अनेक स्वदेशी उद्योग आधारित उत्पाद उपलब्ध रहेंगे। महोत्सव के दौरान चयनित उद्यमियों और लाभार्थियों को सम्मानित भी किया जाएगा। राज्य स्तरीय उत्कृष्ट इकाइयों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे तथा 05-05 चयनित लाभार्थियों को दोना मेकिंग मशीन, पॉपकॉर्न मशीन, हनी बॉक्स तथा 04 लाभार्थियों को विद्युत चालित चाक और 01 को पगमिल का वितरण किया जाएगा।

यह पहल प्रदेश के ग्रामीण उद्यमों को बेहतर संसाधन, आधुनिक उपकरण और आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप खादी महोत्सव-2025 न केवल ग्रामीण उद्योगों को प्रोत्साहन देने का माध्यम है, बल्कि यह स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने, कारीगरों को सम्मान दिलाने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह आयोजन प्रदेश के उद्यमियों के लिए नवाचार, व्यापार विस्तार और नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में न छूटे

## धर्मपाल सिंह ने सुलतानपुर में कई जिलों के कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने गुरूवार को संत तुलसीदास महाविद्यालय कादीपुर, सुलतानपुर में मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत सुलतानपुर, अमेठी, जौनपुर तथा प्रतापगढ़ जिले के जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, बीएलए-1, मंडल अध्यक्ष तथा अभियान के संयोजक व सह संयोजकों को सम्बोधित किया।

उन्होंने कहा मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया लोकतांत्रिक जनजागरण का अभियान है। मतदाता सूची के शुद्धीकरण से लोकतंत्र मजबूत होगा और मजबूत लोकतंत्र मजबूत राष्ट्र नवनिर्माण में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया सिर्फ प्रशासनिक औपचारिकता नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने की आधारशिला है। हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से जुड़े और हर बोगस नाम का मतदाता सूची से निष्कान हो, इस संकल्प के साथ संगठनात्मक तथा लोकतांत्रिक दायित्व को धर्म मानकर मतदाता पुनरीक्षण अभियान में सभी को जुटना है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि मतदाता शुद्धीकरण के काम में गांव की गलियों से लेकर शहर की बस्तियों तक हर द्वार पर दस्तक देने का संकल्प समाहित है। हर बूथ, हर घर तथा हर व्यक्ति तक पहुंचकर मतदाताओं का सहयोग करना है। उन्होनें कहा किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में न छूटे और कोई भी अपात्र मतदाता सूची में न रहे। इस उद्देश्य से जिला व विधानसभा स्तर पर वॉर रूम स्थापित किए गए है। जो प्रदेश के वॉर रूम से तकनीकी रूप से जुड़कर अभियान को गति देंगे। संगठनात्मक तालमेल, तकनीकी दक्षता, सतत मॉनीटरिंग तथा जन सम्पर्क व संवाद से जनसहभागिता करते हुए इस अभियान को जन-जन का अभियान बनाना है।

धर्मपाल सिंह ने कहा कि विधानसभा स्तर पर बीएलए-1 और बूथ स्तर बीएलए-2 को पूर्ण सामंजस्य और सहभागिता के साथ काम करना है। इनके साथ ही नियुक्त बूथ प्रवासी सहयोग की नई शक्ति बनेंगे। तीनों मिलकर कार्य विभाजन करें, बूथ अध्यक्ष को साथ लें और प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचने की रणनीति बनाकर काम करें। संपर्क, सत्यापन और सूचनाओं के आदान-प्रदान से अभियान को तीव्रता, पारदर्शिता तथा प्रमाणिकता मिलेगी।

धर्मपाल सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि इस कार्य में समग्र रूप से एकजुट होकर जुटें। मतदाता सूची के प्रमाणिक, सत्यापित और त्रुटिहीन होने से लोकतंत्र मजबूत होगा और लोकतंत्र की मजबूती का हमारा संकल्प भी सिद्ध होगा।

# सरदार पटेल राष्ट्रीय चेतना के अग्रदूत थे : धर्मपाल सिंह



**सुलतानपुर/लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने गुरुवार को सुल्तानपुर की कादीपुर विधानसभा में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह अभियान के अंतर्गत पार्टी द्वारा आयोजित यूनिटी मार्च पदयात्रा में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, युवाओं, समाजसेवियों एवं स्थानीय नागरिकों ने एकजुट होकर भारत की एकता, अखंडता के संकल्प के साथ मां भारती का जयघोष किया।

प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि सरदार पटेल स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री ही नहीं थे, बल्कि उस राष्ट्रीय चेतना के अग्रदूत थे, जिन्होंने अराजकता, विघटन और साम्राज्यवादी शक्तियों के षड्यंत्रों के बीच नवनिर्मित भारत को एक सूत्र में पिरोकर एक भारत-श्रेष्ठ भारत का आधार तैयार किया। उन्होंने कहा कि रियासतों के विलय का अभियान मानव इतिहास का ऐसा अनूठा अध्याय है, जिसका नेतृत्व केवल एक दूरदर्शी, कठोर और संवेदनशील राष्ट्रनायक ही कर सकता था। सरदार पटेल ने 562 रियासतों को जोड़कर जिस अखंड भारत का निर्माण किया, वही आज हमारी एकता, शक्ति और राष्ट्रीय गौरव की आधारशिला है।

उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का संपूर्ण जीवन अनुशासन और राष्ट्रहित की सर्वोपरि भावना का प्रतीक था। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी से ही एक सशक्त भारत का निर्माण संभव है। आज का यूनिटी मार्च इसी सामूहिक संकल्प और संगठन शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं एवं जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरदार पटेल की 150वीं जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित यह अभियान राष्ट्र के लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण है। ऐसे कार्यक्रमों से न केवल देश में एकता की भावना मजबूत होती है, बल्कि युवाओं के मन में राष्ट्रीय चरित्र, साहस और अनुशासन का संचार भी होता है।

# बच्चों को सुपोषण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करा रही सरकार

**लखनऊ।** सरोजिनी नगर ब्लॉक स्थित रामचौरा आंगनबाड़ी केंद्र पर महिला एवं बाल विकास विभाग की कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्या ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और केंद्र पर पंजीकृत लाभार्थियों के अभिभावकों के साथ विश्व बाल दिवस के अवसर पर आयोजित अभिभावक आंगनबाड़ी सम्मेलन का विधिवत उद्घाटन किया। अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र, समुदाय में महिलाओं और बच्चों को पोषण, वृद्धि निगरानी, और गतिविधि-आधारित शाला पूर्व शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि योगी सरकार बच्चों को सुपोषण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। हॉट कुक्ड मील योजना और नियमित अभिभावक सम्मेलनों से बच्चों की पोषण स्थिति में सुधार के साथ-साथ उनकी सीखने की क्षमता भी मजबूत हो रही है।

महिला एवं बाल विकास मंत्री बेबी रानी मौर्या ने मंत्री ने रामचौरा आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अभिभावक आंगनबाड़ी बैठक की गतिविधियों का अवलोकन किया और केंद्र में उपलब्ध सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कार्यरत कर्मचारियों से वार्ता करते हुए कहा कि बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए मौसमानुसार पौष्टिक आहार और सुदृढ़ शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। केंद्र पर आने वाली महिलाओं और बच्चों की समस्याएं एवं सुझाव भी सुने गए। मंत्री ने गोद भराई एवं अन्नप्राशन की औपचारिकताएँ भी संपन्न कराईं। कार्यक्रम के अंत में हॉट कुक्ड मील का वितरण किया गया। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग ने रॉकेट लर्निंग संस्था के सहयोग से अभिभावक आंगनबाड़ी बैठक में कई नए नवाचार शामिल किए, जिनका प्रदर्शन कार्यक्रम में किया गया।

# लखनऊ समेत 6 जिलों में रियल एस्टेट की 9 परियोजनाओं को मंजूरी




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने गुरुवार को छह जिलों लखनऊ, बाराबंकी, प्रयागराज, चंदौली, अलीगढ़ और नोएडा की नौ रियल एस्टेट परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन योजनाओं से 1586 यूनिट विकसित होंगी, जिनमें फ्लैट्स, प्लाट्स और विला शामिल हैं। परियोजनाएं आवासीय व मिश्रित विकास माडल पर आधारित हैं, जो शहरी और उपनगरीय दोनों क्षेत्रों की आवश्यकताओं को पूरा करेंगी।

प्राधिकरण की 189वीं बैठक गुरुवार को मुख्यालय पर हुई, अध्यक्षता यूपी रेरा के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी, वरिष्ठ अधिकारियों व विषय विशेषज्ञों ने विस्तृत समीक्षा के बाद 2009 करोड़ के निवेश वाली योजनाओं को स्वीकृति दिया है। स्वीकृत नौ परियोजनाओं में सबसे अधिक निवेश नोएडा में होगा, जहां 1536.99 करोड़ निवेश वाली तीन परियोजनाओं को हरी झंडी दे दी है।

स्वीकृत 9 परियोजनाओं में सबसे अधिक निवेश नोएडा में हुआ है, जहां 1,536.99 करोड़ रुपये निवेश वाली 3 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। यह क्षेत्र एनसीआर में स्थित होने के कारण निवेशकों के लिए अत्यंत आकर्षक है और रियल एस्टेट विकास के प्रमुख केंद्र के रूप में निरंतर उभर रहा है। इसके अलावा लखनऊ में 283.76 करोड़ रुपये की 1 परियोजना स्वीकृत हुई है, जो राजधानी क्षेत्र में आवासीय और वाणिज्यिक मांग को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बाराबंकी में 120.85 करोड़ रुपये की 2 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जिससे उपनगरों और उभरते क्षेत्रों में रियल एस्टेट विस्तार को गति मिलेगी। वहीं प्रयागराज में 11.47 करोड़ रुपये और चंदौली में 37.85 करोड़ रुपये की 1-1 परियोजनाओं को मंजूरी मिली है, जो पूर्वांचल क्षेत्र में विकास को प्रोत्साहित करेंगी। इसके साथ ही अलीगढ़ में 17.72 करोड़ रुपये की 1 परियोजना स्वीकृत हुई है, जो स्थानीय आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था में भी योगदान देगी। इन अनुमोदनों से यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि राज्य में विकास केवल बड़े महानगरों तक सीमित नहीं, बल्कि विभिन्न भूभागों में संतुलित रूप से फैल रहा है। इन 9 परियोजनाओं में होने वाला 2,008.64 करोड़ रुपये का निवेश राज्य की जीडीपी बढ़ोतरी में उल्लेखनीय योगदान देगा। निर्माण गतिविधियों से हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार अवसर उत्पन्न होने की संभावना है। साथ ही, सीमेंट, स्टील, पेंट, टाइल्स, विद्युत उपकरण, फर्नीचर, परिवहन, बीमा और वित्तीय सेवाओं जैसे सहायक उद्योगों को भी सकारात्मक बढ़ावा मिलेगा। इससे प्रदेश में आर्थिक सक्रियता में वृद्धि होगी और आवासीय अवसंरचना तथा व्यापारिक पारिस्थितिकी तंत्र और मजबूत होगा।

यू.पी. रेरा के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने कहा स्वीकृत परियोजनाएं यह दशार्ती हैं कि उत्तर प्रदेश का रियल एस्टेट क्षेत्र संतुलित व संरचित विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। यू.पी. रेरा पारदर्शी समीक्षा प्रक्रिया के माध्यम से यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक परियोजना नियामकीय मानकों का पालन करे, जिससे निवेशकों का विश्वास और घर खरीदारों की सुरक्षा दोनों सुनिश्चित हों।

# आवारा कुत्तों का प्रबंधन करने को बनेगी डॉग रिस्पांस टीम

## राज्य स्तरीय टोल फ्री नंबर 1533 पर कर सकेंगे शिकायत व सुझाव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में लगातार बढ़ते आवारा कुत्तों के प्रबंधन के लिए निकायों में डाग रिस्पांस टीम बनाने की तैयारी है। टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुपालन में सभी निकायों में उक्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। निकायों को पशु जन्म नियंत्रण के लिए अपने हेल्पलाइन नंबर और राज्य स्तरीय टोल फ्री नंबर 1533 प्रदर्शित करना होगा। जिससे लोग इस पर अपनी शिकायतें व सुझाव दे सकें।

नगर विकास विभाग ने सभी नगर आयुक्तों को निर्देश दिए हैं कि वो पशु जन्म नियंत्रण के लिए हेल्पलाइन नंबर का प्रचार-प्रसार करें। जिससे किसी भी शिकायत का समय पर निस्तारण किया जा सके। निकाय हेल्पलाइन नंबर के लिए पर्याप्त संख्या में कर्मचारी रखें और वहां के डाटा का रखरखाव ठीक से किया जाए। जिससे शिकायत मिलने पर आवारा कुत्तों को पकड़ने वाली टीम/पशु जन्म नियंत्रण टीम को जानकारी देकर उसका समय से निस्तारण कराया जा सके। इसके अलावा नगर आयुक्तों को सभी पशु जन्म नियंत्रण केंद्रों (एबीसी) का निरीक्षण करने के लिए भी कहा गया है। जो केंद्र निमार्णाधीन हैं उनको जल्द से जल्द पूरा करने और उनकी क्षमता का आंकलन करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। जिससे क्षमता के अनुरूप डाग कैचर और कैटल वाहन की खरीद की जा सके। सभी नगर निगमों पर पशु चिकित्सकों, अन्य स्टाफ की पर्याप्त संख्या, एंटी रेबीज वैक्सीन और जरूरी किट का भंडारण करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक नगर निगम को लखनऊ स्थित पशु जन्म नियंत्रण केंद्र में प्रशिक्षण के लिए कर्मचारी/अधिकारी को नामित करने के लिए कहा गया है। जिससे वो अपनी पूरी क्षमता से कार्य कर सके।

नगरीय निकाय के निदेशक अनुज झा ने बताया कि राज्य स्तरीय निगरानी समिति की बैठक में सभी नगर आयुक्तों को उच्चतम न्यायालय के निदेर्शों के पालन के जरूरी गाइड लाइन की जानकारी दी गई है। जहां जो भी खामियां मिलेंगी, उसे दूर किया जाएगा।

## बिना लाइसेंस श्वान पालने पर 24000 का जुर्माना



**लखनऊ।** शहर में पालतू कुत्तों के लाइसेंस संबंधी नियमों की जांच को लेकर गुरूवार सुबह जोन-8 अंतर्गत बंगला बाजार चौराहा, शारदाखंड, रुचिखंड सहित कई क्षेत्रों में पालतू कुत्तों के लाइसेंस की चेकिंग के लिए विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर पशु कल्याण विभागीय की टीम की ओर से सुबह 6:30 बजे प्रारंभ किया गया। अभियान के दौरान बिना लाइसेंस श्वान पालने के मामले सामने आने पर 4 व्यक्तियों से कुल 20000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। मौके पर ही लाइसेंस भी जारी किए गए। इसके अलावा रॉटवीलर कुत्ते को अस्थाई रूप से जब्त किया गया, जिसे बाद में निर्धारित जुर्माना अदा करने पर छोड़ा गया। कुल मिलाकर 24000 रुपये नगर निगम कोष में जमा किए गए। पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा ने बताया अभियान के माध्यम से लोगों को लाइसेंस तथा रैबीज जैसी जानलेवा बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

# घटिया सड़क बनाना ठेकेदार को पड़ा भारी, एक करोड़ का नुकसान

विशेष संवाददाता (vol)

- टेंडर होने के बाद अब अनुबंध नहीं करेगा नगर निगम

**लखनऊ।** गोमती नगर में घटिया सड़क बनाने वाले ठेकेदार से करीब एक करोड़ रुपये के काम छिनेंगे। फर्म को डिबार करने व एक साल के लिए टेंडर से प्रतिबंधित करने के निर्देश के चलते टेंडर हो चुके कार्यों का अवार्ड नहीं किया जाएगा।

इससे ठेकेदार को आवंटित सभी काम रूक जाएंगे। गोमती नगर विकल्प खंड तीन में घटिया सड़क बनाने के मामले में धामी कांस्ट्रक्शन नामक फर्म को नगर निगम ने एक साल के प्रतिबंधित किया है। इसके साथ ही फर्म के खिलाफ घटिया सड़क निर्माण के मामले में एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। फर्म पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने बुधवार को मौके पर जाकर जांच भी की थी। जिसमें सड़क घटिया पाई गई थी। ऐसे ठेकेदार के खिलाफ उन्होंने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

सूत्रों ने बताया कि एक साल पहले भी गोमती नगर विस्तार में घटिया सड़क निर्माण करने और काम में देरी करने को लेकर भी फर्म पर आरोप लगे थे और कार्रवाई को लेकर आदेश हुए थे मगर मामले को कुछ प्रभावशाली लोगों के दबाव में ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था लेकिन इस बार ऐसा नहीं हो पाया। नगर निगम के अधिशासी अभियंता अतुल मिश्रा ने बताया कि ठेकेदार फर्म पर एक साल का प्रतिबंध लगने के बाद अब धामी कांस्ट्रक्शन के साथ नगर निगम कोई नया अनुबंध नहीं करेगा। अवस्थापना व 15वें वित्त के कई काम फर्म को लॉटरी के जरिए इधर मिले हैं। लॉटरी इसलिए डाली गई थी क्योंकि एक काम के लिए कई फर्में पात्र पाई गईं थीं। ठेकेदार फर्म अब वही काम कर पाएगी जिनका अनुबंध हो गया है।

## नयी दरों पर गन्ना मूल्य भुगतान शुरू

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में गन्ना किसानों के हित में लिए गए फैसले के बाद नई दरों पर गन्ना मूल्य का भुगतान शुरू हो गया है। वहीँ वर्तमान पेराई सत्र 2025-26 में प्रदेश की 114 चीनी मिलों ने गन्ना खरीद के लिए इण्डेन्ट जारी कर दिया है तथा 104 चीनी मिलों में विधिवत पेराई कार्य प्रारम्भ हो चुका है। प्रदेश की 29 चीनी मिलों ने वर्तमान पेराई सत्र 2025-26 का गन्ना मूल्य 513.96 करोड़ का भुगतान सीधे गन्ना किसानों के खाते में कर दिया है। अधिकांश चीनी मिलें किसानों के हित में साप्ताहिक गन्ना मूल्य भुगतान कर रही हैं। अपर मुख्य सचिव ने समस्त जिला गन्ना अधिकारियों को निर्देश दिया है कि 23 सहकारी व 03 निगम क्षेत्र की चीनी मिलों के गन्ना क्रय केन्द्रों की स्थापना, समय से गन्ने की खरीद व उठान, क्रय केन्द्रों पर तौल लिपिकों की उपस्थिति का औचक निरीक्षण/ जांच आख्या मुख्यालय को तत्काल प्रेषित करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करेंगे कि सहकारी व निगम की चीनी मिलों के स्थापित तौल कांटो पर मानक बॉट की उपलब्धता, तौल की शुद्धता, साफ-सुथरे गन्ने की आपूर्ति हो।

# सफाई व्यवस्था में मिली खामियां, 25 हजार का जुर्माना



**लखनऊ।** नगर निगम प्रशासन ने शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के लिए जोन 1 और 5 में औचक निरीक्षण किया। अपर नगर आयुक्तों की टीमों ने मौके पर पहुंचकर डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, रोड स्वीपिंग, नाली सफाई और कचरा प्रबंधन की वास्तविक स्थिति देखी। निरीक्षण के दौरान दोनों जोनों में कई खामियाँ सामने आईं, जिन पर तत्काल कार्रवाई और निर्देश जारी किए गए।

जोन 5 में अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने ओम नगर वार्ड का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्ड में सफाई व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब पाई गई। निरीक्षण में पाया गया कि डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन नियमित नहीं हो रहा था। रोड स्वीपिंग का कार्य अधूरा था। नालियों की सफाई ठीक से नहीं की गई थी। वार्ड के खाली प्लॉटों में गंदगी जमा मिली। कूड़ा उठान के लिए उपलब्ध गाड़ियाँ संख्या में कम थीं। कचरा प्रबंधन का कार्य करने वाली लॉयन एनवायरो कंपनी के कर्मचारी वर्दी में नहीं मिले। इन गंभीर लापरवाहियों को देखते हुए कार्यदायी संस्था लॉयन एनवायरो पर 15,000 रुपये का जुर्माना लगाया और सफाई कार्य में तुरंत सुधार लाने के निर्देश दिए। सुबह 9 बजे, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार ने जोन 1 के राजा राम मोहन राय वार्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ जोनल सेनेटरी अधिकारी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संजीव कुमार, लखनऊ स्वच्छता अभियान प्रा.लि. के भास्कर राव, जोनल इंचार्ज हिमांशु शुक्ला और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। यहां मुख्य मार्गों पर स्थित जीवीपी पॉइंट पर कूड़ा एकत्र पाया गया। कई निवासी खुले में कचरा फेंकते मिले। लगभग 6002 परिवारों की आबादी वाले वार्ड में डोर-टू-डोर कलेक्शन के लिए केवल 09 वाहन उपलब्ध पाए गए। अधिकारियों ने समान संख्या में और वाहनों की जरूरत जताई। रोड स्वीपिंग से निकलने वाला कचरा बिन्स में डाला जा रहा था, जबकि बिन-फ्री सिटी लक्ष्य के तहत यह व्यवस्था सही नहीं मानी जाती। 62 अपार्टमेंट्स में से केवल 50% में ही डोर-टू-डोर कचरा उठान हो रहा था। मुख्य मार्गों पर कई स्थानों पर कूड़ा जमा मिला, सुपरवाइजर ने संसाधनों की कमी बताई। इन कमियों को देखते हुए लखनऊ स्वच्छता अभियान संस्था पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया। साथ ही आदेश दिया कि डोर-टू-डोर कलेक्शन के लिए वाहन बढ़ाए जाएं, रोड स्वीपिंग का कचरा सीधे मिनी ट्रांसफर स्टेशन तक पहुँचाने की व्यवस्था की जाए, पार्टमेंट्स से कचरा उठान को 100% किया जाए, सभी डेटा का दैनिक डिजिटल अपडेट सुनिश्चित किया जाए।

# ऋण मंजूरी व वितरण के लंबित आवेदनों का बैंक करें निस्तारण




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सूडा भवन में निदेशक सूडा पूर्वा दुबे ने बैंकर्स संग बैठक की। बैठक में पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृति एवं वितरण के लिए बैंकों में लंबित ऑनलाइन आवेदनों के शीघ्र निस्तारण पर चर्चा की गई। बैठक में निदेशक सूडा ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत ऋण वितरण एवं स्वीकृति के लिए लंबित आवेदनों के कारण लाभार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बैंक तत्काल रोडमैप बनाकर जल्द से जल्द आवेदनों का निस्तारण करना सुनिश्चित कराएं। जिससे कि लाभार्थियों को ससमय योजना का लाभ मिल सके।

बैठक में निदेशक सूडा ने कहा कि स्टेट बैंक आफ इंडिया में सर्वाधिक ऋण स्वीकृति के लिए 61 हजार से अधिक आवेदन लंबित हैं। ऋण वितरण के लिए 13 हजार से अधिक आवेदन लंबित हैं। इसी प्रकार पंजाब नेशनल बैंक में 19 हजार से अधिक आवेदन ऋण स्वीकृति के लिए लंबित हैं और ऋण वितरण के पांच हजार से अधिक आवेदन लंबित हैं। इंडियन बैंक में 14 हजार से अधिक आवेदन ऋण स्वीकृति के लंबित हैं जबकि इसी बैंक में चार हजार से अधिक आवेदन ऋण वितरण के भी लंबित हैं। यूनियन बैंक आफ इंडिया में 11 हजार से अधिक ऋण स्वीकृति के आवेदन और तीन हजार से अधिक आवेदन ऋण वितरण के लंबित हैं। निदेशक सूडा ने कहा कि लंबित आवेदनों के ससमय निस्तारण हेतु बैंकों को विभाग से जो भी सहयोग होगा वह पूर्व की भांति दिया जाता रहेगा, ताकि लंबित आवेदनों का समय से निस्तरण हो सके और लाभार्थियों को योजना का लाभ मिल सके। बैठक में सहायक निदेशक सूडा मोनिका वर्मा ने भी प्रतिभाग किया व सभी जनपदों के परियोजना अधिकारियों व शहर मिशन प्रबंधक ने वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया। इस दौरान बैंकर्स को समस्याओं से अवगत कराया गया तथा बैंक प्रतिनिधियों ने जल्द से जल्द प्रभावी निस्तारण का आश्वासन भी दिया। प्रदेश में योजना के अंतर्गत लंबित आवेदनों के सर्वाधिक निस्तारण में बैंक आफ इंडिया, यूको बैंक तथा बैंक आफ बड़ौदा के प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया।

## उत्पीड़न के विरोध में बिजली अभियंताओं ने बांधी काली पट्टी

**लखनऊ।** विद्युत अभियंताओं के उत्पीड़न के विरोध में राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ ने गुरुवार से आंदोलन शुरू कर दिया। कर्मचारियों ने पहले दिन काली पट्टी बांधकर अपने-अपने कार्यालयों में विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने लोकतांत्रिक तरीके से किए गए आंदोलन के दौरान की गई उत्पीड़न की सभी कार्रवाइयां समाप्त कराने की मांग की। अभियंता संघ के महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि मार्च 2023 को ऊर्जा मंत्री के सभी उत्पीड़न की कार्रवाइयों को वापस लेने के स्पष्ट निदेर्शों के बावजूद अभी तक उत्पीड़न की कार्रवाइयों को समाप्त नहीं किया गया है। सर्घष समिति के शैलेन्द्र दूबे ने कहा कि आने वाले दिनो में बिजली विभाग को निजीकरण के तरफ ले जाने का प्रक्रिया तेज हो गयी है।

# वर्टिकल व्यवस्था में कई उपभोक्ताओं का लोड बढ़ा, 193 का हुआ निस्तारण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विद्युत बिल सम्बभी 272 सप्लाई सबंधित 193 शिकायते प्राप्त हुई। मुख्य अभियन्ता द्वारा स्वयं ओल्ड 1912 कार्यालय पर स्थापित हेल्प डेस्क पर बैठकर उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुना गया तथा निवारण कराया गया। नई वर्टिकल व्यवस्था में इसके अतिरिक्त लखनऊ मध्य क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर उपभोक्ताओं की समस्याओं के निस्तारण के लिए व 1912 पर दर्ज कराने के लिए वर्तमान में 16 नम्बर हेल्प डेस्क का संघालन किया जा राम है। जिसमें 6 स्थायी एवं 10 अस्थाई हेल्प डेस्क है। हेल्प डेस्क को जिन स्थानों पर संचालित किया जा रहा है वहाँ पुरानी व्यवस्था में उपखण्ड अधिकारी (वितरण) एवं अधिशासी अभियन्ता (वितरण) के कार्यालय संचालित हो रहे थे। पूर्व में शिकायतों के लिए उपनोकाओं को खण्ड व उपखण्ड कार्यालय जाना पड़ता था जहाँ पर उपभोक्ताओं को कार्यालय के चक्कर काटना पता था जबकि नई प्यारथा पूरी तरह फेसलेस व्यवस्था है। उपभोक्ता गोती राम पुत्र स्व० द्विज राम एवं श्रीमती ललिता देवी की स्मार्ट मीटर की पेमेण्ट सम्बन्धी समस्या थी जिसको तत्काल अपडेट किया गया। उपभोक्ता रमेश कुमार को बिल समय से प्राप्त नहीं हो रहा था जिसको त्वरित बिल उपलब कराया गया। उपभोक्ता मोहम्मद फैसल अंसारी का मोबाइल नं० उनके बिल में अपडेट नहीं था, जिसको तुरन्त अपडेट किया गया। झटपट पोर्टल पर नये कनेक्शन के लिए बाद आवेदित आवेदनकर्ता विजय लक्ष्मी 2 किलोवाट घरेलु नये कनेक्शन मे. सिंह ट्रेडर्स द्वारा झटपट पोर्टल पर किलोवाट अस्थायी नये कनेक्शन के लिए नई व्यवस्था लागू होने के उपरान्त विगत 6 दिवसों से उपभोक्ताओं का सकारात्मक फीड बैंक प्राप्त हो रहा है। अभी इसका शुरूआती दौर है इसमे विद्युत सेवा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बदलाव आया है। कुछ समय बाद इसका व्यापक लाभ सम्मानित उपभोक्ताओं को होने लगेगा तथा क्षेत्र के उपभोक्ताओं को विद्युत्त सम्बन्धी समस्याओं के सम्बन्ध में बिजली आफिसों के चक्कर काटने की कोई आवश्यकता नहीं होगी, अपितु 1912 पर शिकायतों का निस्तारण तय समय सीमा किया जाना सुनिश्चित होगा। नई व्यवथा में दो नई विंग बनायी गयी है जिसमें से एक तकनीकी एवं दूसरी वाणिज्यिक जिसका नियंत्रण अधीक्षण अभियन्ता कर रहे है तथा इससे आगामी समय में उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति प्राप्त होगी। उपभोक्ताओं से यह भी विनम्र अपील है कि इस गहत्वपूर्ण बदलाव में हमें अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करें व पुराने ऐसे कार्मिक जिनका इस नई वर्टिकल व्यवस्था लागू होने से उनके व्यक्तिगत हित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, तो ऐसे लोगों द्वारा फलाई जा रही अफवाहों से चचें। भविष्य में इस नई वर्टिकल व्यवस्था के व्यापक फायदे भी दिखने लगेगें जब उनकी शिकायतों का निस्तारण 1912 पर दर्ज कराकर यथाशीघ्र किया जायेगा। जानकीपुरम 15 नवंबर से लागू हुई वर्टिकल व्यवस्था के बाद बिजली उपभोक्ताओं की 1912 पर दर्ज होने वाली शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया अब पहले से कहीं अधिक सुव्यवस्थित और तेज हो गई है। नई प्रणाली के तहत शिकायतों की संख्या बढ़ी नहीं है, बल्कि उनका केंद्रीकृत व फेसलेस समाधान मुख्य कार्यालय द्वारा लगातार मॉनिटर किया जा रहा है। जानकीपुरम जोन के मुख्य अभियंता ने फील्ड टीमों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि 1912 से फॉरवर्ड होने वाले हर केस पर निर्धारित समय से पहले कार्रवाई हो, चाहे वह सप्लाई में बाधा हो, बिलिंग त्रुटि हो या मीटर से संबंधित समस्या। जोन के अधिकारियों के मुताबिक, वर्टिकल सिस्टम का सबसे बड़ा लाभ यह है कि उपभोक्ता को अलग-अलग अधिकारियों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। अब शिकायतें सीधे केंद्रीय पोर्टल पर दिखाई देती हैं और उनके समाधान की प्रगति रियल-टाइम में ट्रैक की जाती है। इसके साथ ही, जोन स्तर पर भी टीमों को तैनात किया गया है, जो निर्धारित समय सीमा के भीतर फील्ड में जाकर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कर रही हैं। विद्युत विभाग का दावा है कि इस फेसलेस और केंद्रीकृत प्रणाली से न सिर्फ पारदर्शिता बढ़ी है, बल्कि देरी की संभावनाएँ भी कम हुई हैं। अधिकारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में इसके सकारात्मक परिणाम उपभोक्ताओं को स्पष्ट रूप से दिखेंगे।

## तीन बड़े गृहकर बकायेदारों के कार्यालय व भवन सील

**लखनऊ।** गृहकर बकायेदारों के खिलाफ नगर निगम जोन 4 ने गुरुवार को बड़ा अभियान चलाते हुए तीन प्रमुख संस्थानों के कार्यालय और भवन सील कर दिए। अभियान का नेतृत्व जोनल अधिकारी शिल्पा कुमारी ने किया। पहली कार्रवाई सरोज इंस्टीट्यूट में की गई, जहां ?51,01,635.87 का गृहकर बकाया होने पर संस्थान के प्रशासनिक ब्लॉक को सील किया गया। दूसरी कार्रवाई खरगापुर सरसवां वार्ड में विनायक मार्बल के कार्यालय पर हुई, जिस पर ?5,37,336 का बकाया था। वहीं तीसरी कार्रवाई में इसी वार्ड स्थित शानोक डॉट कॉम कमर्शियल कॉम्प्लेक्स को ?4,29,868 का बकाया न चुकाने पर सील किया गया। अभियान में टैक्स सुपरिंटेंडेंट बनारसी दास, टैक्स इंस्पेक्टर सहित जोन के अधिकारी मौजूद रहे।

# ओमैक्स और अमरावती में बनेंगे गरीबों के भवन

## दुर्बल एवं अल्प आय वर्ग के लोगों के लिए भवनों का निर्माण पूर्ण कराने के दिये निर्देश



विशेष संवाददाता (vol)

- विद्युत स्टेशन, एसटीपी, पार्क व सड़कों के आधे-अधूरे निर्माण पर डेवलपर्स को अल्टीमेटम
- विकास शुल्क की बकाया धनराशि की होगी वसूली, बंधक सम्पत्ति का कराया जाएगा सत्यापन

**लखनऊ।** शहीद पथ के पास स्थित ओमैक्स रेजीडेंसी व अमरावती आईटी सिटी में ईडब्ल्यूएस व एलआईजी श्रेणी के भवन जल्द लांच होंगे। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने गुरूवार को दोनों इंटीग्रेटेड टाउनशिप का निरीक्षण करके इस बाबत निर्देश दिये हैं। वहीं, टाउनशिप में विद्युत स्टेशन, एसटीपी, पार्क व सड़कों के आधे-अधूरे निर्माण पर उपाध्यक्ष ने नाराजगी जताते हुए डेवलपर्स को विकास कार्य पूर्ण कराने का अल्टीमेटम दिया है।

एलडीए के मुख्य नगर नियोजक केके गौतम ने बताया कि शहीद पथ के पास ग्राम-मस्तेमऊ व बक्कास में अमरावती ग्रुप की ओर से लगभग 115 एकड़ क्षेत्रफल में आईटी सिटी टाउनशिप विकसित की जा रही है। उपाध्यक्ष ने सबसे पहले यहां का निरीक्षण किया। योजना में ले-आउट प्लान के अनुसार आंतरिक सड़कों का निर्माण अधूरा पाया गया। विकासकर्ता ने 02 जगह एसटीपी के निर्माण के लिए जमीन तो खरीदी है, लेकिन एक का निर्माण भूतल तक और दूसरे का निर्माण अभी शुरू ही नहीं कराया। विद्युत सब स्टेशन का निर्माण कार्य भी पूरा नहीं था। इस पर उपाध्यक्ष ने विकासकर्ता को समस्त विकास कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

**■ सड़कों की खराब हालत पर जवाब तलब :** एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने शहीद पथ पर पुलिस मुख्यालय के पीछे 103 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित की जा रही ओमैक्स ग्रुप की टाउनशिप का निरीक्षण किया। यहां एप्रोच रोड व आंतरिक सड़कों की खराब हालत देखकर उपाध्यक्ष ने विकासकर्ता से जवाब तलब किया है। उन्होंने मेसर्स ओमैक्स के प्रतिनिधियों को 02 महीने के अंदर सड़कों की मरम्मत का कार्य पूर्ण कराने का अल्टीमेटम दिया। टाउनशिप में भूमि विवाद के चलते ग्रीन एरिया/पार्क विकसित नहीं किया गया है। जिस पर उपाध्यक्ष ने विवाद का निस्तारण कराकर पार्क का विकास कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

**■ दुर्बल आय वर्ग वालों को मिलेगी सौगात :** ओमैक्स व अमरावती ग्रुप की टाउनशिप में ईडब्ल्यूएस एवं एलआईजी भवनों के निर्माण की प्रगति धीमी पायी गयी। इस पर उपाध्यक्ष ने विकासकताओं को भवनों का निर्माण शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि दुर्बल एवं अल्प आय वर्ग के लोगों को आवास उपलब्ध कराना शासन की पहली प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दोनों टाउनशिप में मॉरगेज/बंधक संपतियों का एक सप्ताह में सत्यापन कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

# जनता अदालत में पहुंचे फरियादी, रजिस्ट्री न होने की शिकायत

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण में गुरुवार को जनता अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान रजिस्ट्री, नामांतरण, अवैध निर्माण और कब्जे आदि से सम्बंधित कुल 40 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 11 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। वहीं, शेष मामलों में समय-सीमा निर्धारित करते हुए अधिकारियों को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया।

बाबूलाल और शीला ने बताया उन्होंने साल 2020 में बसंत कुंज योजना के सेक्टर-ए में भूखंड खरीदा था। दो साल से वह रजिस्ट्री के लिए दौड़ रहे हैं। इसी वर्ष अक्टूबर में एलडीए ने रजिस्ट्री तैयार होने का मैसेज भेज दिया। लेकिन रजिस्ट्री अभी तक नहीं हो पाई है। सचिव विवेक श्रीवास्तव तथा अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा को समस्या बताई। अब अधिकारियों ने शीघ्र रजिस्ट्री कराने का आश्वासन दिया।

कुर्सी रोड बेहटा के नफीस ने बताया कि उनके खेत के पास बिल्डर ने काफी बड़ा अपार्टमेंट बनाया है। उसने कोई सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट नहीं बनाया है और सीधे जमीन के नीचे सीवर डाल रहा है। इसकी वजह से उनके खेत में लगे नलकूप से सीवर वाला पानी निकल रहा है। उससे बहुत बदबू आती है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बिल्डर के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि बिल्डर ने नक्शा भी पास नहीं कराया है। बाग जुम्मा मिर्जा कॉलोनी चौपटिया के अपने मकान की रजिस्ट्री कराने के लिए गुलशन कुमार चड्ढा गुरुवार को जनता अदालत में पहुंचे।

गुलशन कुमार ने बताया कि उनका मकान 1959 का है। उन्हें पता ही नहीं था कि इसकी रजिस्ट्री भी करानी पड़ेगी। करीब 7 वर्ष पहले उन्होंने रजिस्ट्री के लिए आवेदन कर दिया था। उन्होंने कहा कि उन्हें किसी से पता चला कि रजिस्ट्री करानी जरूरी है। इसलिए वह अब आए हैं।

बसंत कुंज सेक्टर-ए के भी आवंटी अपनी फरियाद लेकर पहुंचे। कानपुर से पहुंचे राजेंद्र कुमार ने बताया कि उनकी मां राजरानी के नाम सेक्टर-ए में 75 वर्ग मीटर का प्लॉट आवंटित किया गया था, लेकिन रजिस्ट्री नहीं हो रही। 6 महीने से दौड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि यहां कुल 272 लोगों के प्लॉट फंसे हुए हैं और सभी की रजिस्ट्री नहीं की जा रही।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# लखनऊ से सहारनपुर तक 200 से अधिक मोबाइल नंबर सर्विलांस पर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दिल्ली विस्फोट के बाद सैकड़ों मोबाइल नंबरों में 200 से अधिक ऐसे नंबर चिह्नित किए गए हैं जिनको संदिग्ध माना जा रहा है। इन सभी को सर्विलांस पर लेकर पड़ताल की जा रही है। इनमें कई नंबर लखनऊ, सहारनपुर और फरीदाबाद के डाक्टरों के भी है। डा. शाहीन अंसारी, इसका भाई डा. परवेज, डा. आदिल समेत लखनऊ व कानपुर के डाक्टरों से लम्बी पूछताछ के बाद इन नम्बरों को चिह्नित किया गया है। एटीएस को डा. शाहीन और डा. आदिल के मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल से ही उसके भाई डा. परवेज अंसारी व कानपुर के तीन डाक्टरों के बारे में पता चला था। इसके बाद ही एटीएस ने डा. परवेज के घर तलाशी के बाद कानपुर में कार्डियोलॉजिस्ट को पकड़ा था। इन सभी से महत्वपूर्ण जानकारियां मिली थी। डा. परवेज तो अभी तक जम्मू-कश्मीर पुलिस की हिरासत में है। उससे और उसके सम्पर्क में रहने वाले कई डाक्टरों से पूछताछ में कई सुराग मिले है। इस आधार पर ही एटीएस के साथ एनआईए भी अपनी पड़ताल आगे बढ़ा रही है।

**एनआईए ने लखनऊ के चार डाक्टरों से पूछताछ की:** एनआईए ने गुरुवार को इंटीग्रल यूनिवर्सिटी और एरा मेडिकल कालेज के चार डाक्टरों से पूछताछ की है। ये लोग परवेज के संपर्क में लम्बे समय तक रहे। हालांकि, इनकी कोई संलिप्तता दिल्ली विस्फोट में नहीं पाई गई है। इनसे डा. परवेज और उसकी बहन डा. शाहीन के बारे में पूछा जा रहा है। एटीएस इनमें से दो डाक्टरों से पहले पूछताछ कर चुकी है। एटीएस को भी इनसे कुछ खास नहीं पता चला था। एनआईए सूत्रों के मुताबिक इनके सम्पर्क में रहने वाले कानपुर के भी तीन डाक्टरों को रडार पर लिया गया है। ये तीनों भी परवेज व शाहीन के परिचित है और कानपुर में तीन-चार बार मिले भी हैं। इनकी भी कॉल डिटेल खंगाली जा रही है। साथ ही यूपी एटीएस भी सहारनपुर और जम्मू-कश्मीर में गई अपनी टीम के सम्पर्क में है। वह भी लखनऊ, सहारनपुर, फरीदाबाद के कनेक्शन से जुड़े बिंदुओं पर काम कर रही है। दिल्ली विस्फोट के बाद पहली बार डाक्टरों का मॉडयूल सामने आया है। यही वजह है कि जांच एजेन्सियां चौकन्नी है और देख रही है कि यह मॉडयूल अभी सक्रिय हुआ है अथवा बहुत पहले से काम कर रहा है।

## एनआईए डॉ. शाहीन को लखनऊ और कानपुर लेकर आयेगी

**लखनऊ।** एनआईए दिल्ली विस्फोट से जुड़े कई और राज पता करने के लिए डा. शाहीन अंसारी को जल्दी ही लखनऊ और कानपुर लेकर जा सकती है। एनआईए यह पता करने का प्रयास करेगी कि उसने इन दोनों शहरों में किस मकसद से गई थी और किन-किन लोगों से मिली थी। एनआईए ने गुरुवार को शाहीन, आदिल, मुजम्मिल समेत चार लोगों को पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है। डा. शाहीन दिल्ली विस्फोट से पहले लखनऊ और कानपुर गई थी। दो महीने पहले वह लखनऊ में अपने भाई डा. परवेज व कुछ और लोगों से मिली थी। उसके मददगार भी उससे यहीं मिले थे इनके साथ वह कानपुर भी कई थी। यूपी एटीएस और जम्मू-कश्मीर की जांच में इस तरह की जानकारी मिलने पर एनआईए अब इससे जुड़े अनसुलझे सवालों का जवाब पाने का प्रयास करेगी। इसलिए ही वह डा. शाहीन को लखनऊ व कानपुर ला सकती है। सूत्रों का कहना है कि एनआईडी शाहीन का उसके घर वालों के अलावा अन्य लोगों से आमना-सामना भी करा सकती है। डा. शाहीन से जुड़े कई सवालों का अभी पूरी तरह से जवाब नहीं मिल सका है। यूपी एटीएस और जम्मू-कश्मीर पुलिस चार दिन लखनऊ और कानपुर गई, लेकिन कई राज अभी भी नहीं खुल सके हैं। अनसुलझे सवालों का जवाब पता करना एनआईए के लिए चुनौती भी है। यही वजह है कि एनआईए कई तथ्य और अब तक की पड़ताल में दूसरी एजेंसियों से मिली जानकारी के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# बर्थडे पार्टी में दोस्त संग गये युवक की संदिग्ध हालत में मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में जन्मदिन पार्टी में शामिल होने के लिए घर से बुलेट पर निकले युवक की संदिग्ध हालात में चोटिल होने के बाद अस्पताल में मौत हो गई। मृतक के भाई ने अनहोनी की आशंका जताते हुए उसके दोस्त के बारे में जांच की मांग की है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया सड़क हादसा मालूम पड़ता है, लेकिन मामले की जांच की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

अर्जुनगंज निवासी गोविंद गुप्ता के मुताबिक उनका छोटा भाई अंकित बुधवार शाम को जन्मदिन पार्टी में जाने के लिए घर से निकला था। वह बुलेट पर सवार होकर दोस्त के साथ गया था। रात 2 बजे उन्होंने अंकित को फोन किया तो उसने 15 मिनट में घर पहुंचने की बात कही, लेकिन गुरुवार सुबह पौने चार बजे गोविंद के पास पुलिस का फोन आया। गोविंद के मुताबिक, पुलिस ने बताया कि अंकित सेवई के करीब घायल अवस्था में पड़ा मिला है। उसे अस्पताल ले जाया जा रहा है। इसपर गोविंद एपेक्स ट्रॉमा सेंटर पहुंचे। वहां पहुंचकर पता चला कि अंकित की मौत हो चुकी है। पुलिस को दी गई तहरीर में गोविंद ने आरोप लगाया है कि भाई के साथ गए दोस्त का पता नहीं चल रहा है। उसका मोबाइल नंबर भी बंद है। पीड़ित ने पुलिस से घटना और अंकित के साथी की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। इंस्पेक्टर उपेंद्र सिंह का कहना है कि युवक की मौत सड़क हादसे में हुई या कोई और बात है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## राहगीर को टक्कर मार गिरी बाइक, युवक की गयी जान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हरदोई रोड स्थित बुधड़िया गांव के पास बुधवार देर रात सड़क पार कर रहे युवक को बाइक सवार युवकों ने टक्कर मार दी। हादसे में तीनों युवक घायल हो गए। बाइक सवार दोनों युवकों को ट्रॉमा सेंटर भेजा गया। इलाज के दौरान वहां अनुज यादव (26) की मौत हो गई। इंस्पेक्टर सतीश चंद्र राठौर के मुताबिक बुधवार देर रात दो बजे बुधड़िया गांव के सामने मलिहाबाद की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने सड़क पार कर रहे काकोरी निवासी जगदीश को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसलती चली गई। जिससे बाइक सवार उन्नाव के हसनगंज हरौनी व हालपता ठाकुरगंज निवासी अनुज यादव (26) व हरदोई के संडीला रसूलपुर निवासी गंगाराम सहित तीनों लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया, जहां जगदीश को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। बाइक सवार अनुज व गंगाराम को ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर में अनुज यादव की मौत हो गई। मृतक के पिता आत्माराम ने बताया कि अनुज यादव दुकान पर काम करता था। वह धान की कटाई के लिए गांव गया था। गांव से देर रात साथी गंगाराम के साथ आ रहा था। अनुज परिवार का एकलौता बेटा था। पुलिस के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत:** पीजीआई के गेट के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक स्कूटी सवार युवक घायल हो गया। युवक को एपेक्स ट्रॉमा सेंटर से केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, रायबरेली के गुलरिया निवासी सौरभ सिंह की स्कूटी में मंगलवार रात 11:30 बजे पीजीआई गेट के सामने आज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर से सौरभ के सिर में गंभीर चोट आई थी। पुलिस ने केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां उनकी मौत हो गई। मृतक की बहन पारुल सिंह की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# ससुरालियों पर लगाया दहेज और घरेलू हिंसा का आरोप

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कृष्णा नगर कोतवाली मे एक विवाहिता ने पति सहित ससुरालियों पर दहेज ?प्रथा व घरेलू हिंसा का आरोप लगा नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया थाना क्षेत्र स्थित जोधा खेड़ा निवासी अंशिका श्रीवास्तव पुत्री सुशील श्रीवास्तव के अनुसार उसका विवाह आर्य समाज मंदिर अलीगंज मे बीते 1 फरवरी वर्ष 23 को रोहित सिंह पुत्र स्व योगेंद्र सिह निवासी शुभम नगर योजना भवन लखनऊ के साथ हुई थी। आरोप है कि उसकी शादी के बाद पति ने उसे बादशाह नगर, निशातगंज स्थित मामामामी के घर नौ दिन तक रखा और उसके द्वारा लाए गए सभी जेवर ले लिये और उक्त जेवरों को बेचकर 9फरवरीवर्ष 23 को क्लासिक होटल, महानगर में रिसेप्शन पार्टी आयोजित किया। जिसके पश्चात जून2023 तक वह उदयगंज में ससुराल में रही, जहाँ ससुरालियों ने दहेज की मांग की और 28जून2023 को वह अपने घर माइके लौट आई। लेकिन फरवरी2024 में पति के कहने पर वह फिर से उदयगंज ससुराल गई, लेकिन वहां मारपीट व प्रताड़ना जारी रहा। जिसके चलते उसने 19सितंबर24 को महिला थाने मेंपति सहित ससुरालियों के खिलाफ शिकायत की लेकिन बाद मे सुलह समझौता हो गया परन्तु सुलह के बाद भी पति ने दहेज की मांग व मारपीट जारी रखा। जिसके चलते उसने जनवरी25 में अपने पिता से 25हजार रुपये लेकर पति को दिए। उस राशि से पति ने एक एक्टिवा खरीदी, परन्तु वाहन को उसके नाम नहीं लिया। 30अप्रैल2025 को वह अपने मायके फिर लौट आई।

वही पीडिता का कहना था इस बीच वह गर्भवती हो गई। जिसकी सूचना उसने पति को दी, तो पति ने 9मई को व्हाट्सएप पर ह्लसफाई करवाने की बात कहा जिससे वह आघातग्रस्त हो गई और 11जून को वह अपने भाई के साथ सिविल अस्पताल जा रही थी, तभी पति ने गाड़ी रोक कर मारपीट की और पेट पर लात मारी, सोने की चेन छीन उसका मोबाइल तोड़ फरार हो गया। जिसके चलते उसने स्थानीय कृष्णा नगर थाना में पति सहित ससुरालियो के खिलाफ लिखित शिकायत की लेकिन उसके बावजूद 26जून को श्रीराम टावर पर पति ने फिर से गालीगलौज व मारपीट की और स्कूटी लेकर फरार हो गया।

# नकली रियल एस्टेट कंपनी ने 60 से अधिक को ठगा




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** फर्जी रजिस्ट्री और जमीन के घोटाले का मामला सामने आया है। पुलिस को दी तहरीर में पीड़ित धर्मराज यादव ने बताया कि राहुल श्रीवास्तव नामक व्यक्ति ने रियल एस्टेट की नकली कंपनी बनाकर उन्हें दूसरे व्यक्ति की जमीन की रजिस्ट्री कराने का झांसा दिया।

जांच में सामने आया कि जिस जमीन की रजिस्ट्री दिखाई गई थी, वह किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर दर्ज थी। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने मनगढ़ंत कंपनी का इस्तेमाल कर उसके अलावा दर्जनों लोगों से जमीन दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी कर चुका है। तहरीर के आधार पर पर निगोहां थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार दस्तावेजों की जांच की जा रही है। आरोपी की भूमिका और उसकी फर्जी रियल एस्टेट कंपनी के नेटवर्क की भी पड़ताल की जा रही है। निगोहां थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने बताया कि मामला दर्ज कर पूरी जांच की जा रही है। पीड़ित अभय समेत ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी राहुल श्रीवास्तव ने टिकरा, भावाखेड़ा, हरवंशखेड़ समेत कई इलाकों में कई नामों से फर्जी प्लाटिंग साइटें बना रखी थीं। ग्रामीणों के अनुसार, वह किसानों को जमीन अधिग्रहण का झांसा देकर मामूली रकम पर जमीन का कब्जा ले लेता था और फिर उसी जमीन के प्लॉट अलग-अलग लोगों को बेच देता था। आरोप है कुछ जगह पीड़ितों को बेचे गए प्लॉट ही अस्तित्व में नहीं है। आरोप है कि एक-एक प्लॉट को दर्जनों खरीदारों को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बेचकर उनसे मोटी रकम ऐंठी गई। पीड़ितों ने बताया कि उन्होंने कई बार पुलिस में शिकायतें कीं, लेकिन आरोपी हर बार नए तरीके अपनाकर लोगों को ठगता रहा।

## सआदतगंज में महिला से चेन लूट, धक्का देकर गिराया

**लखनऊ।** सआदतगंज के कटरा वीजन बेग में बुधवार देर रात बाइक सवार बदमाशों ने साइदा खातून की झपट्टा मार कर चेन लूट ली। बदमाशों के झपट्टे से साइदा गिरने से चोटिल हो गईं। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर अज्ञात बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बदमाशों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। साइदा खातून ने बताया कि वह कटरा वीजन बेग में रहती हैं। बुधवार देर रात शादी समारोह से लौट रही थी। इस बीच घर के पास गली में पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मार कर चेन लूट ली। बदमाशों के धक्के से सड़क पर गिरने से चोटिल हो गई। पीछे से आ रहे परिवारीजनों ने उठाया। शोर सुनकर मोहल्ले वाले भी आ गए। बदमाशों का पीछा किया। बदमाश फराटा भरते हुए गली से होते हुए भाग निकले। घटना की जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम को दी। पुलिस पहुंची मौके का निरीक्षण किया। बदमाशों के धक्के से चोटिल साइदा खातून को क्षेत्र स्थित अस्पताल ले जाया गया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। इंस्पेक्टर सआदतगंज संतोष कुमार आर्या ने बताया कि बदमाशों की तलाश में दो टीमें दबिश दे रही हैं। पुलिस टीम सीसी फुटेज भी खंगाल रही है। जल्द बदमाशों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## विश्वनाथ मन्दिर के 34वें स्थापना दिवस पर श्रीमद भागवत कथा 27 से

**लखनऊ।** बाबा विश्वनाथ के आशीर्वाद से महिला सत्संग मण्डल द्वारा विश्वनाथ मन्दिर के 34वें स्थापना दिवस के मौके पर श्रीरामलीला पार्क सेक्टर ए सीतापुर रोड योजना कालोनी में 26 नवंबर से 4 दिसम्बर तक श्रीमद भागवत कथा व रासलीला का आयोजन किया जायेगा। जिसकी तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। महिला सत्संग मण्डल की अध्यक्षा कमलेश दुबे ने बताया कि 26 नवंबर को प्रातः 10 बजे विश्वनाथ मन्दिर परिसर से कलश यात्रा निकाली जाएगी। 27 नवंबर से 3 दिसम्बर तक प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक कथा व्यास आचार्य पं. गोविंद मिश्रा श्रीमद् भागवत कथा सुनायेंगे और सांय 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक वृंदावन के कलाकार रासलीला प्रस्तुत करेंगे। 4 दिसम्बर को पूणार्हुति व विशाल भण्डारे के साथ श्रीमद् भागवत कथा का समापन होगा।

## मंत्री ने आंगनवाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

लखनऊ। महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री बेबी रानी मौर्या ने गुरुवार को सरोजनी नगर क्षेत्र स्थित रामचौरा आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। उनके साथ अपर मुख्य सचिव बाल एवं महिला कल्याण विभाग लीना जौहरी, आईसीडीएस की डायरेक्टर सरनीत कौर ब्रोका तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रेयश कुमार मौजूद रहे। दौरे के दौरान मंत्री ने आंगनवाड़ी केंद्र में चल रहे कार्यक्रमों, व्यवस्थाओं और सेवाओं की विस्तार से समीक्षा की। शुरूआत औपचारिक स्वागत के साथ हुई। जिसके बाद अभिभावको की आंगनवाड़ी केंद्र मे बैठक आयोजित हुई। इसमें बच्चों द्वारा गीत प्रस्तुति, निशाना खेल जैसी शारीरिक गतिविधियाँ तथा ह्लचमकते बच्चेह्व कार्यक्रम के अंतर्गत पहचान और प्रशंसा से जुड़े सत्र शामिल थे। इस अवसर पर सभी बच्चों को फल वितरण किया गया और तीन बच्चों को विदाईझ्रप्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। मंत्री ने केंद्र की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए कार्यरत आंगनवाड़ी कर्मियों से संवाद किया तथा महिलाओं और बच्चों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना। साथ ही गोद भराई और अन्नप्राशन की परंपरागत रस्में भी संपन्न कराईं। निरीक्षण के अंत में हॉट कुक मील का वितरण किया गया। विभागीय टीम ने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए मंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के संचालन में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रेयश कुमार और बाल विकास परियोजना अधिकारी शैलेंद्र सिंह की भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।

## खड़ी बाइक दिनदहाड़े चोरी, चार माह बाद मुकदमा दर्ज

लखनऊ। कृष्णा नगर पुलिस ने बाइक चोरी घटना के चार माह बाद पीडित की आनलाइन शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया मूल रूप से बरावनकला दुबग्गा लखनऊ थाना क्षेत्र निवासी अंशू गौतम पुत्र शोमवारी गौतम के अनुसार बीते 4 अगस्त सोमवार सुबह कृष्णा नगर थाना क्षेत्र मे संचालित निजी अस्पताल में अपनी बाइक संख्या यूपी 32 के डी 5038 से आया था और उसने अपनी उक्त बाइक को अस्पताल के बाहर खडी कर भीतर गया था और वापस आने पर उसकी बाइक अपने स्थान पर मौजूद नही थी। जिसकी खोजबीन करने के बाद उसने आनलाइन शिकायत की थी।

# ऑटो की टक्कर से स्कूटी सवार का पैर फैक्चर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** आलमबाग कोतवाली इलाके मे बीते तीन सप्ताह पूर्व एक आटो से टकरा स्कूटी सवार गंभीर चोटिल हो गया और उसका पैर फैक्चर हो गया। वही पीडित ने इलाजे दौरान तीन सप्ताह बाद स्थानीय आलमबाग थाने पर पहुंच शिकायत की है। आलमबाग कोतवाली प्रभारी सुभाष चन्द्र सरोज ने बताया आशियाना थाना इलाके स्थित सेक्टर एम1 निवासी मनीष चौहान पुत्र अशोक चौहान ने बताया कि बीते माह 19 अक्टूबर की शाम वह अपनी स्कूटी से अपनी पत्नी अनुपमा चौहान और बच्चे रुद्रांश चौहान के साथ निजी कार्य के लिए जा रहे थे। आरोप है कि उस दौरान आलमबाग ब्रिज वर्कशॉप रेलवे के सामने एक महिंद्रा ऑटो अचानक उनकी स्कूटी के सामने आकर खड़ी हो गई एवं ब्रेक लगा दी। जिसके चलते स्कूटी ऑटो से टकरा गई और उन्हें गंभीर चोटें आ गई, मौके पर उपस्थित लोगों द्वारा कन्ट्रोल पुलिस एवं एंबुलेंस को सूचना दी गई, जिसके पश्चात मुझे तत्काल एंबुलेस से लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए परिजनों ने बाद में उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पैर का ऑपरेशन किया गया तथा पैर में रॉड प्लेट डाली गई। वर्तमान में उपचार जारी है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात ऑटो चालक के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश की जा रही है।

## दबंगों ने पिता-पुत्र को पीटा, दी धमकी

लखनऊ। आलमबाग कोतवाली इलाके स्थित गढ़ी कनौरा में बुधवार को दबंगो ने रेलवे की भूमि पर गड्ढा खोद चोरी से पाइप लाइन डालने का विरोध करने पर दबंगों पिता पुत्र की जमकर पिटाई कर दी और उन्हें जान से मारने की धमकी दे फरार हो गए। आलमबाग कोतवाली प्रभारी सुभाष चन्द्र सरोज ने बताया थाना क्षेत्र स्थित गढ़ी कनौरा निवासी कामरान के अनुसार बुधवार को उसके घर के सामने रोड के पार रेलवे की भूमि पर रियाज नामक व्यक्ति खुदाई करवा कर चोरी से पाइप लाइन डाल रहा था। आरोप है कि आरोपित रियाज ने रेलवे की भूमि पर पाइप लाइन डालने का विरोध करने पर अपने साथियों शाहरुख सलमान, बाबी नेपाली के साथ उसपर और उसके पिता महमूद अहमद पर हमलावर हो गए और गाली-गलौज करने के साथ मिलकर पिटाई करने लगे जब स्थानीय लोग एकत्र होता देख हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस के अनुसार पीड़ित की नामजद शिकायत पर हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कारवाई की जा रही है।

## एसबीआई बैंक टीपीनगर की पार्किंग स्थल से बाइक चोरी, पुलिस को दी तहरीर

लखनऊ। सरोजनी नगर इलाके के ट्रांसपोर्ट नगर स्थिति एस बी आई बैंक की पार्किंग स्थल से सुपर स्प्लेंडर बाइक चोरी हो गई। काफी खोजा, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका। बाइक संख्या यूपी 32 के बी 2066 व मालिक अम्बिका प्रसाद द्विवेदी निवासी टी पी नगर के कालोनी मे रहते हैं। उन्होंने टी पी नगर चौकी पर बाइक चोरी की तहरीर देकर शिकायत की हैं। पुलिस शिकायती पत्र लेकर मामलें की जाँच पड़ताल कर रही हैं।

## दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

लखनऊ। सरोजनी नगर इलाके मे शादी जा झांसा देकर महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। बीती 15 नवंबर 25 को थाने पर दी गई तहरीर पर की वादिनी की दोस्ती आदित्य यादव उर्फ संतोष यादव निवासी अनौरा सरोजनी नगर से उसकी दोस्ती हो गई। जिसके द्वारा वादिनी को शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाया। पीड़िता ने जब शादी के कहा तो एक मंदिर मे झूंठी शादी करके महिला को छोड़ कर भाग गया। शादी कराने मे अन्य साथी भी शामिल थे। पीड़िता द्वारा थाने पर तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया। जिसकी विवेचना वरिष्ठ उपनिरीक्षक हरद्वारी लाल को सुपुर्द की गई और अभियुक्त की तलाश पुलिस द्वारा की जा रही थी।

**COURT NOTICE**

Form No. 1
**Family Court Sitapur**
IN THE COURT OF
Subodh Bharti
Addl. P.J. Family Court No 2
SUMMONS TO AN ACCUSED PERSON
(See Section 61)
Criminal Misc. Cases/885/2023 Shampa Vishwas Vs Anoop Rai KOTWALI DEHAT/00/0 NEXT DATE: 22-12-2025
TO
Anoop Rai
S/o: Arun Rai
R/O Vill Bari gaon P/S Barsathi, Distt Jaunpur, UTTAR PRADESH
WHEREAS your attendance is necessary to answer to a charge of offence punishable Sec. 125, of the Code of Criminal Procedure, 1973, under section of the, under section of the, under section of the you are hereby required to appear in person (or by pleader, as the case may be) before the (Magistrate) of Addl. P.J. Family Court No 2, on the day of 22-12-2025. Herein fail not.
Dated, this day of 15-11-2025
**Addl. P.J. Family Court No 2**

# लकड़ी की बल्लियों के सहारे दी जा रही विद्युत सप्लाई

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** माल उपकेंद्र के गांगन गांव में बिजली के तारों का मकड़जाल बल्ली के सहारे फैला है। बल्लियों पर तार बांधकर बिजली आपूर्ति किए जाने से हादसे का खतरा बना रहता है। इससे लोगों में गहरी नाराजगी है।

गांगन गांव में बिजली की आपूर्ति बल्लियों के सहारे की जा रही है। बल्लियों में लिपटे बिजली के तारों के मकड़जाल से गांव के लोग सहित आवागमन करने वाले हर समय दहशत में रहते है।

यह तार काफी नीचे तक लटके हुए हैं। इनके आसपास से लोग आवागमन करते हैं। हर समय जान जोखिम में रहती है। किसी भी समय कोई बड़ा हादसा होने की बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस संबंध में एसडीओ डीके प्रजापति ने कहा कि वहां से लाइन काट दिया गया है।

# सरोजनी नगर औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी की पहल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीएसआईडीए), विजय किरण आनंद ने गुरुवार को सरोजनी नगर औद्योगिक क्षेत्र का दौरा किया। जहां क्षेत्र के उद्योगपतियों ने उन्हें क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।

इस अवसर पर सरोजनी नगर औद्योगिक क्षेत्र निमार्ता संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं के समाधान की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल में रितेश श्रीवास्तव, नीलमणी वर्ष्णेय, अशोक चावला और अन्य सदस्य शामिल थे। यूपीएसआईडीए की ओर से क्षेत्रीय प्रबंधक, विद्युत और सिविल के कार्यकारी अभियंता और उनके सहायक उपस्थित थे। इस मौके पर दिए गए। ज्ञापन में कुछ बिंदुओं पर विशेष रूप से ध्यान देने का अनुरोध किया गया। नालियों की सफाई और जल निकासी व्यवस्था का सुधार, प्रतिनिधिमंडल ने नालियों की नियमित सफाई और जल निकासी व्यवस्था के सुधार की मांग की, जिससे जल पानी भरने की समस्या का समाधान हो सके। सड़कों का निर्माण और मरम्मत, क्षेत्र की सड़कों की खराब स्थिति के कारण उद्योगपतियों को आवागमन में परेशानी हो रही है। इसलिए सड़कों का निर्माण और मरम्मत आवश्यक है जिससे क्षेत्र की सुरक्षा और पहचान में सुधार हो सके। औद्योगिक पार्क की सफाई और विकास, औद्योगिक पार्क की सफाई और विकास की मांग की गई। जिससे क्षेत्र का वातावरण स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके। कियोस्क, एटीएम, और बैंकिंग सुविधाओं की स्थापना, प्रतिनिधिमंडल ने कियोस्क, एटीएम, और बैंकिंग सुविधाओं की स्थापना की मांग की। जिससे उद्योगपतियों को अपने व्यवसाय में सुविधा हो सके। स्ट्रीट लाइटों और हाई मास्ट लाइटों की व्यवस्था, क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटों और हाई मास्ट लाइटों की व्यवस्था की मांग की गई। जिससे रात में आवागमन सुरक्षित हो सके। पूर्णता प्रमाण पत्र समिति में संघ के एक सदस्य को शामिल करना, प्रतिनिधिमंडल ने पूर्णता प्रमाण पत्र समिति में संघ के एक सदस्य को शामिल करने की मांग की। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने जल निगम के ठेकेदार को देरी से काम करने के लिए चेतावनी दी और समय पर कार्य पूरा करने के लिए नोटिस देने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया। इसके अलावा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्र में पौधारोपण भी किया और क्षेत्र को हरा-भरा बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी के दौरे से बहुत उत्साहित हैं और उनकी सकारात्मक प्रतिक्रिया के लिए आभारी हैं। उन्होंने कहा की हमें उम्मीद है कि जल्द ही हमारी समस्याओं का समाधान होगा और सरोजनी नगर औद्योगिक क्षेत्र एक मॉडल औद्योगिक क्षेत्र बनेगा।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई-प्रापण निविदा सं0 उपमु0इं0-निर्माण-एलजेएन-10-2025**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते है। **क्र0 सं0 : (1) खुली निविदा संख्याः उपमु0इं0-नि0-एलजेएन-10-2025 दिनांक 19.11.2025 कार्य का नामः** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में बुढ़वल-बाराबंकी तीसरी लाईन परियोजना के अन्तर्गत बुढ़वल यार्ड में फार्मेशन कार्य, प्लेटफार्म कार्य भवन निर्माण कार्य, पी0वे0 कार्य एवं अन्य कार्य के साथ-साथ बिन्दौरा यार्ड में भवन, पहुँच मार्ग और अन्य विविध कार्यों का निष्पदान। **अनुमानित निविदा मूल्य :** 39,90,19,087.36 **बयाना राशि (रु) :** 21,45,100.00 **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0) :** निल। **कार्य पूर्ण करने की अवधि : 18** (अठारह) माह। • **क्रम सं0-1 :** ई-टेण्डर डालने की अंतिम तिथि 12.12.2025 समय 15.00 बजे तक है तथा उसी दिन 15.30 बजे मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर के कार्यालय मे खोली जायेगी। • निविदा सूचना योग्यता मापदण्ड, नियम एवं भातें बेवसाइट **http://ireps.gov.in.** अथवा बेवसाइट **www.ner.indianrailways.gov.in.** पर भी देखा जा सकता है। • निविदा सूचना मे यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों मे कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।
**उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण-II**
मुजाधि/डब्लू-339 **लखनऊ**
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# दर्शन और भावनाओं का सुंदर संगम है 'गणेश कार्तिकेय' : मोहित मलिक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सोनी सब का शो गाथा शिव परिवार की गणेश कार्तिकेय भगवान शिव और उनके दिव्य परिवार का एक अलौकिक लेकिन बेहद संवेदनशील चित्रण प्रस्तुत करता है। यह शो दर्शकों को भगवान शिव (मोहित मलिक), देवी पार्वती (श्रेनु पारिख) और उनके पुत्र भगवान गणेश (एकांश कठरोतिया) व भगवान कार्तिकेय (सुभान खान) की कम जानी गई कहानियों की झलक दिखाता है जिसमें पौराणिकता, दर्शन और भावनाओं का सुंदर संगम है। शो की भव्यता के बीच इसकी असली खूबसूरती शिव परिवार के भावनात्मक बंधनों, पारिवारिक मूल्यों और जीवन-संतुलन जैसे क्षणों में है जो आम जीवन से मेल खाते हैं। इस खास बातचीत में मोहित मलिक ने भगवान शिव के किरदार को निभाने की अपनी यात्रा साझा की, जिसमें उन्होंने दिव्यता और मानवीयता के बीच संतुलन साधा, अपनी तैयारी और शूटिंग अनुभवों के बारे में बात की।

**आपने दिव्य व्यक्तित्व और एक आम पारिवारिक व्यक्ति के बीच संतुलन कैसे बनाया ?**

यह संतुलन निभाना मेरे लिए सबसे रोचक हिस्सा था। मैं दिखाना चाहता था कि भगवान शिव की शांति और दिव्यता अलगाव से नहीं, बल्कि जागरूकता से आती है। एक पति और पिता के रूप में वे अपने परिवार के साथ पूरी तरह उपस्थित रहते हैं, धैर्यवान हैं, लेकिन हमेशा एक बड़े उद्देश्य से जुड़े रहते हैं। इसलिए उनका आभामंडल दिव्य है, पर भावनाएँ बेहद मानवीय हैं। यही मिश्रण उन्हें सब से जुड़ने योग्य बनाता है।

**अब तक निभाए गए आधुनिक किरदारों से यह अनुभव कितना अलग रहा ?**

यह पूरी तरह अलग अनुभव है। आधुनिक किरदार बाहरी परिस्थितियों से प्रेरित होते हैं, जबकि पौराणिक किरदार भीतर की यात्रा मांगते हैं। संवाद शैली, देहभाषा, यहाँ तक कि मौन का भी अर्थ होता है। मुझे बहुत कुछ अनलर्न करना पड़ा और हर दृश्य को आध्यात्मिक अनुशासन और स्थिरता के साथ निभाना पड़ा। यह अनुभव बहुत विनम्र करने वाला रहा।

**इतने शांत लेकिन शक्तिशाली देवता को पर्दे पर जीवंत करने के लिए कैसी तैयारी करनी पड़ी ?**

बहुत सारी आंतरिक तैयारी की जरूरत थी। मैंने भगवान शिव पर आधारित कई ग्रंथ, कथाएँ और आधुनिक व्याख्याएँ पढ़ीं और देखीं। लेकिन बाद में महसूस हुआ कि शांति को अभिनय से नहीं जताया जा सकता – उसे महसूस करना पड़ता है। मैंने हर शूट से पहले ध्यान लगाना शुरू किया ताकि खुद को केंद्रित रख सकूं। भगवान शिव की शक्ति उनके संयम में है, इसलिए मैंने भव्यता से अधिक स्थिरता पर ध्यान दिया।

**क्या कोई ऐसा पल आया जिसने आपको अपने निजी जीवन (पति, पिता या अभिनेता के रूप में) पर सोचने को प्रेरित किया ?**

हाँ, बिल्कुल। शिव परिवार कर्तव्य और प्रेम, विरक्ति और स्नेह के संतुलन का प्रतीक है। भगवान शिव का किरदार निभाते हुए मुझे एहसास हुआ कि जीवन में हम अपनी भूमिकाओं के बीच खिंच जाते हैं। इस किरदार ने मुझे याद दिलाया कि शांति किसी काम को कम करने से नहीं, बल्कि हर काम में केंद्रित रहने से आती है।

**दिव्य किरदारों को निभाने वाले अपने सह-कलाकारों के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा ?**

बहुत ही शानदार। ऑन-स्क्रीन हमारी जो केमिस्ट्री दिखती है, वह ऑफ-स्क्रीन हमारी सहजता और अपनेपन से आती है। हमारी पार्वतीजी अपने अभिनय में बहुत गरिमा लाती हैं, और गणेश व कार्तिकेय की भूमिका निभाने वाले कलाकारों में उतनी ही ऊर्जा और मासूमियत है जितनी असली शिव परिवार में होगी। हम अक्सर शूट के बीच परिवार की तरह मजाक करते और साथ रिहर्सल करते हैं।

**क्या सेट से कोई यादगार पल है जिसे आप साझा करना चाहेंगे ?**

एक ध्यान वाले दृश्य की शूटिंग के दौरान पूरा सेट एकदम शांत हो गया – कोई हलचल नहीं, कोई आवाज नहीं, यहाँ तक कि क्रू भी रुक गया। उस पल में लगा जैसे दृश्य की ऊर्जा पूरे वातावरण में फैल गई हो। ऐसे क्षण याद दिलाते हैं कि कभी-कभी अभिनय सिर्फ कहानी कहना नहीं, बल्कि कुछ अनुभव कराना भी होता है।

**दर्शक आगामी ट्रैक में क्या देख सकते हैं ?**

आने वाला ट्रैक शिव परिवार के भावनात्मक केंद्र को और गहराई से दिखाएगा। इसमें गणेश और कार्तिकेय के भाईचारे, उनके कर्तव्यबोध और माता-पिता के रूप में शिव-पार्वती के मार्गदर्शन के सुंदर प्रसंग होंगे – जो दिव्य होने के बावजूद मानवीय जीवन के संघर्षों को दशाएंगे। यह ट्रैक भावनात्मक, दृश्य रूप से मनमोहक और आध्यात्मिक संदेशों से भरपूर होगा।

# भगवान की लीलाओं का किया वर्णन



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से श्रीमद्भागवत साप्ताहिक कथा का भव्य आयोजन बाबा की बगिया राजाजीपुरम लखनऊ किया गया। श्याम सुंदर पाठक रसना तिवारी प्रांत मंडी संस्कार भारती कानपुर बुंदेलखंड प्रांत, अंजनी कुमार श्रीवास्तव (बी.जे.पी) पुराना टिकैत गंज लखनऊ एवं डॉक्टर मनोज सिंह ने कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन की भारतीय परंपरा को सुदृढ़ करते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जिस में सर्व आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी सुश्री वैष्णवी भारती ने पांचवें दिवस की सभा में भगवान की लीलाओं का वर्णन किया। धर्म की स्थापना के लिए कान्हा गोपाल भी बने। गो सेवा, गो पूजन कर हमें गाय का माहात्म्य समझाया। महाभारत में दर्ज अनेकानेक उदाहरण हमें गो माता के सम्मान एवं रक्षण की प्रेरणा देते हैं। विष्णुधर्मोत्तर पुराणों में कहा गया कि गाय की सेवा से आप तैंतीस कोटि देवी-देवताओं को प्रसन्न कर सकते हैं। गो माता के पंचगव्य की बात करें तो उसमें गोमूत्र वैदिक काल से हमारे लिए लाभप्रद माना गया है। 400 से अधिक रोगों का उपचार इसी से संभव है। प्राचीन भारत में किसान बीज भूमि में रोपित करने से पूर्व धरती पर गो मूत्र छिड़क कर उसे स्वच्छ बनाते। इसे गोमूत्र संस्कार कहा जाता था। गाय के दुग्ध को सात्त्विक, मेधाशक्ति बढ़ाने वाला, अनेक रोगों को समाप्त करने वाला कहा गया। गाय को मां उसकी आध्यात्मिकता एवं वैज्ञानिकता के कारण कहा गया। परंतु अवध्या कही जाने वाली मां को काटा क्यों जा रहा है? मंगलपांडे जैसे अनेकों वीरों ने जिस गाय की रक्षा हेतु अपने प्राणों की आहुति दी।

# देशभक्ति गीतों ने दर्शकों में भरा जोश



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लक्ष्मणपुर अवध महोत्सव अपने अनोखी और शानदार आयोजन के लिए सदैव याद रखा जाता है। यदि महोत्सव की बात होती है तो, सर्वप्रथम अवध महोत्सव को ही सम्मान मिलता है। हमेशा से अवध महोत्सव में बहुत कुछ खास होता है। आज का दिन भी लक्ष्मणपुर रावत महोत्सव में बहुत खास रहा जहां एक तरफ ऑपरेशन सिंदूर की शानदार प्रस्तुति कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई वही मैक्स हॉस्पिटल द्वारा अवध महोत्सव के कार्यालय पर कैंप लगाकर निशुल्क बीपी ,शुगर, वजन थायराइड की निशुल्क जांच की गई।

प्रगति इवेंट द्वारा आयोजित लक्ष्मणपुर अवध महोत्सव महोत्सव जहां भदोही की कालीन सहारनपुर के फर्नीचर कश्मीर के गर्म कपड़े और ड्राई फ्रूट झूला मस्ती, फूड जोन में चाऊमीन, बर्गर, नॉनवेज के सभी आइटम पूर्वांचल का लिट्टी चोखा के साथ अवधपुरी महोत्सव में लोगों को अपनी और खूब आकर्षित कर रहा है। प्रगति इवेंट के सांस्कृतिक वंश से आज ऑपरेशन सिंदूर का शानदार प्रदर्शन छोटे बच्चों द्वारा किया गया आफरीन अब्बासी के नेतृत्व में प्राची ,इशिता, ज्ञान, रोशनी, वैष्णवी, आयुषी, और वरदान द्वारा तिरंगा हाथ में लेकर भारत मां की जयकारा के साथ लोगों में देशभक्ति का उमंग भर दिया। इसी कड़ी में सलीम अब्बासी की टीम द्वारा एक से बढ़कर एक नगमे प्रस्तुत करके खूब तालियां बटोरी गई। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने एस एच ओ सुशांत सिटी भूपेंद्र सिंह अपने पूरे दलबल के साथ महोत्सव में उपस्थित रहे संस्था के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने सभी के प्रति आभार और धन्यवाद व्यक्त किया।

# श्याम तेरी बंशी पर थिरके नंदलाल...पर झूमे दर्शक

## हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव के दूसरे दिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन









वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आशियाना क्षेत्र के एलडीए कालोनी स्मृति उपवन में आयोजित माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या पर बतौर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की धर्मपत्नी नम्रता पाठक वरिष्ठ समाज सेविका विशिष्ट अतिथि शिखा गोयल समाज सेविका एवम सूरज जैसवानी भाजपा नेता आयोजक अरुण प्रताप सिंह व गुंजन वर्मा द्वीप प्रज्वलन कर सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ किया गया। सांस्कृतिक संध्या का आरंभ सताक्षी राय ने गणेश वंदना कर किया तदुपरांत कार्यक्रम प्रस्तुति में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा फोक आर्ट ग्रुप लखनऊ के कलाकारों द्वारा सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हिंदुस्तान महोत्सव के मंच पर शुरूआत में अवधी भजन प्रस्तुत किया सिमरन द्वारा जगदंबा घर में दिया ना बार अली हो... लोग गायिका आरोही साहनी द्वारा हमारी गुलाबी चुनरिया हमका लागी नजरिया गीत प्रस्तुत किया गया कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। वहीं देर शाम तक चले रंगमंच प्रोग्राम में श्याम तेरी पर बंशी पर थिरके नंदलाल सॉन्ग पर त्रिवेणी कला संगम के बच्चों द्वारा मनोरम नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया और खूब तालियां बटोरी। वहीं तराना पर नृत्य प्रस्तुत कर आर्तिका जयसवाल एवं एवियाना ठाकुर को दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के अगले पड़ाव में कैलाश संगम के तत्वाधान में बच्चों द्वारा प्रस्तुति दी गई जिसमें सृष्टि कनौजिया ने मैंने कहा फूलों से... नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध किया, क्रिशा सेठ बच्चे मन के सच्चे... नृत्य प्रस्तुत किया। तुमसे मिलने की तमन्ना... पर आदित्य अवस्थी ने नृत्य प्रस्तुत कर दर्शको का मन मोहा। इस दौरान महोत्सव समिति के रणवीर सिंह , हेमू चौरसिया, मोनालिसा, रोली जयसवाल,नीलम श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। महोत्सव के रंगमंच का संचालन आर जे प्रदीप शुक्ला ने किया।

# नाका गुरुद्वारा में सजा कवि दरबार, दिया मानवता का संदेश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** हिन्द की चादर नाम से विख्यात सिखों के नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी महाराज का 350वां शहीदी दिवस शहर के तमाम गुरुद्वारों में श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। शहीदी पर्व के अवसर पर लखनऊ में छह दिनों तक अलग -अलग स्थानों व गुरुद्वारों में विशेष आयोजन होंगे। शहीदी पर्व को समर्पित कार्यक्रम आज से शुरू हो चुका है जो 25 नवम्बर तक चलेंगे। इस दौरान कवि दरबार, कथा, पाठ, शबद-कीर्तन से गुरुद्वारे गुंजाएमान होंगे।

गुरुद्वारा सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया आज शाम को गुरुद्वारा नाका हिंडोला में डॉक्टर अमरजोत सिंह के संयोजन में विशेष कवि दरबार का आयोजन किया गया इस अवसर पर सिख पंथ के विश्व विख्यात कवियों ने श्री गुरु तेग बहादुर साहब की शहीदी पर प्रकाश डालते हुए कविताएं गायन की। इस अवसर पर लखनऊ की सभी धार्मिक संस्थाएं एवं गुरुद्वारा साहब शामिल हुए। 23 नवंबर शाम 7 से 11 तक गुरुद्वारा मानसरोवर एलडीए कॉलोनी में कीर्तन समागम होगा। 24 नवंबर की प्रातः से दोपहर तक गुरुद्वारा चंदरनगर में विशेष दीवान सजाए जाएंगे। 24 नवंबर की शाम 7:00 से देर रात तक एवं 25 नवंबर प्रातः से देर शाम तक डी ए वी कालेज मे एवं शाम 7:00 बजे से देर रात तक गुरुद्वारा यहियागंज में डॉ गुरमीत सिंह के संयोजन में विशेष आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विशेष रूप से भाई दविंदर सिंह सोढ़ी लुधियाना से, पटियाला से भाई जसकरन सिंह, श्री दरबार साहब अमृतसर से भाई गुरजिंदर सिंह विशेष रूप से पधार रहे हैं। यहियागंज गुरुद्वारा सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि गुरुवार को गुरुद्वारा नाका हिंडोला में विशेष कवि दरबार का आयोजन किया गया। कवि दरबार में सिख पंथ के विश्व विख्यात कवि अपनी रचनाओं से श्री गुरु साहिब जी के त्याग, बलिदान, शांति और मानवता के संदेश संगत को दिया। 23 नवम्बर को शाम सात बजे से एलडीए कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा मानसरोवर में शाम सात से रात 11 बजे तक विशेष कीर्तन समागम का आयोजन किया जाएगा। 24 नवंबर की सुबह से दोपहर तक गुरुद्वारा चंदरनगर में विशेष दीवान सजाए जाएंगे। 21 और 22 को भी कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप हरमिंदर सिंह टीटू, हरपाल सिंह, गुरशरण सिंह, सतनाम सिंह सेठी, जसप्रीत सिंह सरूजा, दशजीत सिंह, मनमीत सिंह बंटी, मनमोहन सिंह सेठी, मनजीत सिंह, मनजीत सिंह आरोरा, त्रिलोक सिंह परिहार शामिल हुए। श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी महाराज के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित दो दिवसीय मुख्य आयोजन 24 व 25 नवम्बर को ऐशबाग स्थित डीएवी कॉलेज मैदान पर होगा। गुरुद्वारा सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि 24 नवम्बर शाम सात बजे से देर रात तक और फिर 25 नवम्बर सुबह से देर शाम तक डीएवी कॉलेज में विशेष आयोजन होगा। इस दौरान विशेष रूप से लुधियाना से भाई दविंदर सिंह सोढ़ी, पटियाला से भाई जसकरन सिंह और श्री दरबार साहब अमृतसर से भाई गुरजिंदर सिंह मधुर शबद-कीर्तन से संगत को निहाल करेंगे।

## गुरु तेग बहादुर के बलिदान दिवस पर अवकाश अब 25 को

शासन ने वर्ष 2025 के अवकाश कैलेंडर में संशोधन करते हुए गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान दिवस पर घोषित अवकाश की तिथि बदल दी है। सामान्य प्रशासन विभाग के अनुसार पहले यह अवकाश 24 नवंबर को निर्धारित था, अब इसे 25 नवंबर कर दिया गया है। प्रमुख सचिव सामान्य प्रशासन मनीष चौहान ने इस संबंध में गुरुवार को आदेश जारी कर दिया। इसमें कहा गया है कि गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान दिवस पर कार्यकारी आदेशों के तहत घोषित अवकाश की तिथि बदलकर अब 25 नवंबर कर दी गई है।

# पूनम शर्मा और आभा डालमिया ने किया मीना बाजार का शुभारंभ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** फिक्की फ्लो लखनऊ द्वारा तीन दिवसीय अन्तर्राज्यीय सम्मेलन का प्रारंभ गोमती नगर स्थित होटल ताज में किया गया। यहां पहले दिन मीना बाजार का आयोजन किया गया। मुगलकाल में शहर में प्रमुख बाजारों की एक गली को लेकर वहां मीना बाजार लगाया जाता था। इसी बात को ध्यान में रख कर फिक्की फ्लो ने आज होटल ताज में मीना बाजार नामक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में भाग लेनें के लिए फिक्की फ्लो ने पूरे देश से फिक्की फ्लो के सभी चैप्टर से लगभग 500 सदस्यों और पदाधिकारियों को आमंत्रित किया है और इसे अपने वर्षिक अन्तराज्यीय बैठक का स्वरूप दिया है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन फिक्की फ्लो की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम शर्मा, फ्लो की संस्थापक अध्यक्ष आभा डालमिया,वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूजा गर्ग, लखनऊ चैप्टर की चेयरपर्सन वंदिता अग्रवाल,रश्मि सरिता और गवर्निंग बॉडी मेंबर्स ने किया। बांसुरी के मधुर संगीत और जगमगाती रोशनियो और आकर्षक स्टालो पर देश भर से आए सदस्यों ने जमकर खरीददारी की। साडी, सूट, लहंगा, शरारा, गेरूआ, दुपट्टा और स्टोल के स्टाल विशेष रूप से आगन्तुको को आकर्षित कर रहे थे। इस सभी स्टालो में उत्तर प्रदेश की सभी प्रकार की हस्तकला जैसे मुकेश से लेकर चिकनकारी तक, बनारसी साडियो से लेकर जरदोजी, टिल्ला और पिट्टा का काम विशेष रूप से इस प्रदर्शनी में देखने को मिला इसके अलावा बाजार में नाजुक चप्पल और जूती, पोटली और अन्य आकर्षक घरेलू उत्पाद उत्तर प्रदेश के स्थानीय कारीगरों की कला को भी प्रदर्शित किया गया। इस मीना बाजार में अवध के अल्पज्ञात दुर्लभ आभूषणों का भी प्रदर्शन किया गया। फ्लो की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम शर्मा ने कहा कि अंतरराज्यीय बैठक हमारे गतिशील अखिल भारतीय सदस्यों के प्रदर्शन, परामर्श और नेटवर्किंग साझा करने के अनुभव के लिए एक सामान्य मंच है। हमारा उद्देश्य पूरे भारत के दिल्ली सहित 21 अध्यायों से महिला उद्यमियों और पेशेवरों को एक साथ लाना है, विचारों के आदान-प्रदान और मन की बैठक के लिए एक आदर्श मंच प्रदान करना है।

# प्रतिभागियों ने धरोहर चित्रकला प्रतियोगिता में लिया हिस्सा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विश्व धरोहर की अवधारणा का आधार यह है कि पृथ्वी पर कुछ स्थल, चाहे वे प्राकृतिक हों या सांस्कृतिक या दोनों का मिश्रण हों, पूरी मानवता के लिए असाधारण महत्व रखते हैं और इन्हें भविष्य की पीढ़ियों के लिए संरक्षित रखना हमारी वैश्विक जिम्मेदारी है। विश्व धरोहर का अर्थ उन स्थानों से है जिन्हें उत्कृष्ट सार्वभौमिक मूल्य प्राप्त है।

गुरुवार को विभिन्न विद्यालयों के 110 प्रतिभागियों ने भारत के धरोहर स्थलों पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। संग्रहालय में शैक्षिक भ्रमण के साथ ही प्रदर्शनी को अभी तक लगभग 4000 दर्शकों द्वारा भ्रमण किया जा चुका है। इसी क्रम में दिनांक 21 नवम्बर, 2025 को पूर्वान्ह 10:30 बजे डॉ. रहीस सिंह, मीडिया सलाहकार, मुख्यमंत्री, उ0प्र0 का वैश्विक सभ्यता का केन्द्रः भारतीय धरोहर विषयक व्याख्यान का आयोजन कराया जाना सुनिश्चित है।

इन स्थलों का महत्व राष्ट्रीय सीमाओं से कहीं आगे है। इनको पूरे विश्व की साझा सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर का हिस्सा माना जाता है। 16 नवम्बर, 1972 को विश्व के सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों की सुरक्षा हेतु सम्मेलन में स्वीकार किया गया कि इन स्थलों का संरक्षण पूरे विश्व समुदाय की जिम्मेदारी है। यूनेस्को का उद्देश्य मानवता के असाधारण सांस्कृतिक और प्राकृतिक मूल्यों वाले स्थलों की पहचान, संरक्षण और संवर्धन करना है।

यह राष्ट्रों को उनके देशों में स्थित ऐसे विशिष्ट स्थलों की सूची तैयार करने, उनका नामांकन करने और आवश्यक आर्थिक व तकनीकी मदद प्रदान करने की जिम्मेदारी का निर्वहन करता है। किसी भी स्थल को विश्व धरोहर सूची में शामिल करने के लिए उसे उत्कृष्ट सार्वभौमिक मूल्य के साथ निर्धारित कम-से-कम एक चयन मानदंड को पूरा करना जरूरी होता है। सांस्कृतिक धरोहर स्थलों में ऐतिहासिक रचनात्मकता, सांस्कृतिक परंपरा का निर्वहन करने वाले और प्राकृतिक धरोहर स्थलों में प्राकृतिक सुंदरता एवं जैविक विविधता आदि की विशिष्टता वाले स्थलों को सम्मिलित किया जाता है। विश्व धरोहर स्थलों का संरक्षण केवल संबंधित देश की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की भी होती है। इसका उद्देश्य आगामी पीढ़ियों के लिए मानवता की सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों को सुरक्षित रखना है।

# ठहाकों की सुनामी बना नाटक द क्लाउन-विदूषक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भारतीयम संस्था के 35वें स्थापना वर्ष के अवसर पर शिवांजना स्टूडियो के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय संगीत और नाटक समारोह के दूसरे दिन गुरुवार 20 नवम्बर को गोमती नगर स्थित संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे जी महाराज ऑडिटोरियम में हास्य नाटक द क्लाउन-विदूषक का मंचन किया गया। यह शाम पूरी तरह से हंसी और ठहाकों के नाम रही। इस नाटक के माध्यम से विश्व के महानतम विदूषक चार्ली चैपलिन को श्रद्धांजलि दी गई। वि.वा. शिरवाडकर द्वारा लिखित नाटक विदूषक चार्ली चैपलिन की लाइफ से ही प्रेरित है जिसके आधार पर ही द क्लाउन-विदूषक नाटक को प्रस्तुत किया गया।

इसका निर्देशन वरिष्ठ नाट्य निर्देशक पुनीत अस्थाना ने किया था। इस सामाजिक व्यंग्य का नायक भोलाराम एक सरल स्वभाव का आम व्यक्ति है जो सहज आचरण करते हुए भी हंसी का पात्र बन जाता है। इस अवसर पर सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी, लेखक, नाटककार और निर्देशक पद्मश्री डी.पी. सिन्हा और वरिष्ठ रंगकर्मी पद्मश्री राज बिसारिया को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। नाटक का केन्द्रीय पात्र भोलाराम एक बार में वेटर है और एक संवेदनशील और सहृदयी व्यक्ति के रूप में सहज रूप से सबकी मदद करने में लगा रहता है। दूसरी तरफ राजबहादुर नाम का सख़्त मिजाज का एक उद्योगपति है जो हालांकि करोड़ों रुपये का मालिक है पर अपने कारखाने के मजदूरों के प्रति बिल्कुल संवेदनहीन है। कारखाने में एक मजदूर की दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर भी वह उसका मुआवजा देने को तैयार नहीं होता है। राजबहादुर की अत्यन्त आधुनिक विचारों वाली पत्नी अपने फिगर खराब होने के डर से बच्चे नहीं चाहती है और राजबहादुर को अकेला छोड़ कर एक दूसरे व्यक्ति के साथ अमेरिका चली जाती है। एकाकी जीवन से जूझता राजबहादुर शाम होते ही शराब के नशे में डूब जाता है और इधर-उधर भटकते हुए किसी न किसी बार में पहुंच जाता है। इसी तरह भटकते हुए एक दिन उसकी मुलाकात एक बार में वेटर भोलाराम से हो जाती है जिसकी सहजता और भोलेपन से वह इतना प्रभावित होता है कि उसे वह न केवल अपना दोस्त बना लेता है बल्कि नशे की हालत में ही उसे अपनी कम्पनी का डिप्टी मेनेजर बना देता है और दूसरे दिन अपने ऑफिस में आने के लिए कहता है। दूसरे दिन जब भोलाराम उसके ऑफिस में पहुंचता है तो राजबहादुर उसे पहचानने से ही इन्कार कर देता है और धक्के मार कर ऑफिस से बाहर निकलवा देता है। दूसरी रात एक अन्य स्थान पर फिर इसी प्रकार की घटना होती है और दूसरे दिन ऑफिस पहुंचने पर राजबहादुर फिर उसे उठवाकर बाहर फिकवा देता है। दूसरी तरफ भोलाराम की मुलाकात कारखाने में दुर्घटना में मारे गए मजदूर की अंधी जवान बेटी अंजलि से होती है और उससे सहानुभूति रखते हुए वह रात को नशे की हालत में ही राजबहादुर से मुआवजे की रकम का चेक प्राप्त कर लेता है। इस चेक से प्राप्त राशि से अंजलि अपनी आंखों का इलाज कराती है और फिर से देखने लगती है। इसी बीच उससे सहानुभूति रखने वाले भोलाराम से वह प्यार करने लगती है पर भोलाराम अपनी फटेहाल स्थिति के कारण उसके सामने आने से बचता है पर अंजलि को असलियत का पता चल जाता है और अंत में वह अपना प्यार पाने में सफल हो जाती है।

भोलाराम की केन्द्रीय भूमिका में केशव पंडित ने अपने बहुआयामी अभिनय से चार्ली चैपलिन की मासूम और सहज भावाव्यक्ति को मंच पर जीवन्त किया। राजबहादुर के दोहरे व्यक्तित्व को राजीव रंजन सिंह ने बड़ी कुशलता के साथ जिया। पूजा सिंह ने अपने प्रभावी भावपूर्ण अभिनय से दृष्टियुक्त अंजली के साथ-साथ उसके अंधेपन की व्यथा को भी बखूबी पेश किया। अतिथि अभिनेता के रूप में अम्बरीश बॉबी ने भ्रष्ट हवलदार के चरित्र को पूरे ठहाकों के साथ प्रस्तुत किया।

# कई ट्रेनें पुनर्निर्धारित और नियंत्रित होकर चलेंगी




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु वाराणसी मंडल के चैनवा एवं सीवान स्टेशन यार्ड में प्वाइंट एवं क्रासिंग के बदलाव हेतु दिये गये ब्लॉक के फलस्वरूप गाड़ियों पुनर्निर्धारण एवं नियंत्रत किया जयेगा। पुनर्निधारण के तहत काठगोदाम से 22 नवम्बर को चलने वाली 13020 काठगोदाम-हावड़ा एक्सप्रेस काठगोदाम से 60 मिनट एवं 24 नवम्बर को 45 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलायी जायेगी। नियंत्रण के तहत 14674 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस 24 नवम्बर को मार्ग में 45 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी। 15110 मथुरा-छपरा एक्सप्रेस 25 नवम्बर को मार्ग में 30 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी। 18181 टाटानगर-थावे एक्सप्रेस 25 नवम्बर को मार्ग में 30 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी। 13020 काठगोदाम-हावड़ा एक्सप्रेस 27 नवम्बर, 2025 को मार्ग में 40 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी।

**गोसाईगंज स्टेशन पर रुकेगी छपरा एक्सप्रेस ट्रेन:** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु 15053/15054 छपरा-लखनऊ जं.-छपरा एक्सप्रेस का अकबरपुर स्टेशन पर तथा 12225/12226 आजमगढ़-दिल्ली-आजमगढ़ एक्सप्रेस का गोशाईंगंज स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है। छपरा से चलने वाली 15053 छपरा-लखनऊ जं. एक्सप्रेस तत्काल प्रभाव से अकबरपुर स्टेशन पर 02.26 बजे पहुँचकर 02.28 बजे छूटेगी। लखनऊ जं. से चलने वाली 15054 लखनऊ जं.-छपरा एक्सप्रेस तत्काल प्रभाव से अकबरपुर स्टेशन पर 02.06 बजे पहुँचकर 02.08 बजे छूटेगी। आजमगढ़ से 20 नवम्बर से चलने वाली 12225 आजमगढ़-दिल्ली एक्सप्रेस गोशाईंगंज स्टेशन पर 19.09 बजे पहुँचकर 19.11 बजे छूटेगी। दिल्ली से चलने वाली 12226 दिल्ली-आजमगढ़ एक्सप्रेस तत्काल प्रभाव से गोशाईंगंज स्टेशन पर 07.22 बजे पहुँचकर 07.24 बजे छूटेगी।

**ट्रेनों का होगा शॉर्ट टर्मिनेशन शॉर्ट ओरिजिनेशन:** रेलवे प्रशासन द्वारा स्टेशन पुनर्विकास के अन्तर्गत लखनऊ जं. पर कॉनकोर्स का निर्माण किया जा रहा है। इस कार्य हेतु प्लेटफार्म संख्या 4 एवं 5 पर 20 नवम्बर से 22 दिसम्बर तक इंजीनियरिंग कार्य किये जाने के कारण गाडियों का शॉर्ट टर्मिनेशन/शॉर्ट ओरिजिनेशन किया जायेगा। लखनऊ जं. के पुनिर्विकास का कार्य पूरा हो जाने पर यात्रियों को उन्नत यात्री सुविधायें उपलब्ध होंगी तथा परिचालनिक सुविधायें बढ़ेंगी।

15009/15010 गोरखपुर-पीलीभीत-गोरखपुर एक्सप्रेस का इंजन रिवर्सल 20 नवम्बर से 22 दिसम्बर तक डालीगंज में किया जायेगा। यह गाड़ी डालीगंज-लखनऊ जं. के मध्य निरस्त रहेगी। 15009 गोरखपुर-पीलीभीत एक्सप्रेस डालीगंज स्टेशन में इंजन रिवर्सल के पश्चात 07.50 बजे छूटेगी तथा 15010 पीलीभीत-गोरखपुर एक्सप्रेस डालीगंज स्टेशन में इंजन रिवर्सल के पश्चात 22.50 बजे छूटेगी।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह के विजेताओं को किया सम्मानित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल में 27 अकटूबर से 02. नवंबर तक सतर्कता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान विजिलेंस और हमारी जिम्मेदारी विषय पर क्विज, निबंध लेखन, स्लोगन राइटिंग, पैनल डिस्कशन तथा पोस्टर मेकिंग जैसी विविध प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

गुरुवार को मण्डल कार्यालय के सभागार में आयोजित एक समारोह में मण्डल रेल प्रबंधक, लखनऊ सुनील कुमार वर्मा के मार्गदर्शन मे, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अरिमा भट्टनगार द्वारा सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

मण्डल रेल प्रबंधक ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि सतर्कता जागरूकता न केवल प्रशासनिक पारदर्शिता को सुदृढ़ करती है, बल्कि अपने कार्य के प्रति उत्तरदायित्व एवं ईमानदारी की भावना को भी बढ़ाती है। उन्होंने कर्मचारियों से आग्रह किया कि दैनिक कार्यों में सतर्कता एवं नैतिक मूल्यों को प्राथमिकता देते हुए संगठन की प्रगति में सक्रिय योगदान दें।

प्रतियोगिताओं में विभिन्न शाखाओं के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। क्विज, निबंध, स्लोगन, पैनल चर्चा तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं के विजेताओं की सूची दस्तावेज में दशार्यी गई है।

## फाइलेरिया संक्रमण का पता लगाने के लिए हो रहा सर्वे

**लखनऊ।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत गोसाईंगंज ब्लाक में फाइलेरिया संक्रमण का पता लगाने के लिए नाईट ब्लड सर्वे (एनबीएस) 18 नवम्बर से शुरू हुआ है जो कि 22 नवम्बर तक चलेगा। इस सम्बन्ध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एन.बी.सिंह ने बताया कि एनबीएस के लिए गोसाईंगंज में एक रेंडम साईट महमूदपुर और एक सेंटीनील साईट रहमत नगर का चुनाव किया गया है और हर साईट से 300 लोगों के रक्त के नमूने लिए जाने का लक्ष्य है रक्त के नमूने रात के 10 से दो बजे तक लिए जा रहे हैं क्योंकि फाइलेरिया का परजीवी, माइक्रोफाइलेरिया रात के समय में सक्रिय होते हैं अभियान को सुचारू रूप से चलाने के लिए दो सदस्यीय चार टीमें गठित की गयी हैं 20 साल से अधिक आयु के लोगों के रक्त के नमूने लिया जा रहे हैं क्योंकि फाइलेरिया का मच्छर काटने के बाद लक्षण आने में पांच से 15 साल लग जाते हैं अब तक रक्त के 302 नमूने लिए गए हैं।

## नेशनल क्रॉप इंश्योरेंस प्रोग्राम के लिए मिली 63.55 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

**लखनऊ।** कृषि सांख्यिकी एवं फसल बीमा योजना के अंतर्गत नेशनल क्राप इंश्योरेंस प्रोग्राम के लिए (63,55,09000 रु.) तिरसठ करोड़ पचपन लाख नौ हजार की वित्तीय स्वीकृति जारी की गयी है। इसके साथ ही सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ के परिसर में नवनिर्मित केंद्रीय पुस्तकालय, भवन पर सोलर फोटो वोलटेक की स्थापना के लिए 1.50 लाख की वित्तीय स्वीकृति शासन द्वारा प्रदान की गई है।

## भाषा विवि की टीमें क्रिकेट चैंपियनशिप के लिए होंगी रवाना



**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने अलीगढ़ विश्वविद्यालय, अलीगढ़ में 22 नवंबर से 2 दिसम्बर तक आयोजित होने वाली पुरुष क्रिकेट चैंपियनशिप प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कुलपति प्रो. अजय तनेजा से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें कीड़ा परिषद के सचिव मोहम्मद शारिक की उपस्थिति में कुलपति और खिलाड़ियों के बीच संवाद हुआ। इस बैठक में कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दीं और क्रिकेट खेल में अनुशासन बनाए रखने की महत्वपूर्ण सलाह दी। कुलपति ने खिलाड़ियों से यह आग्रह किया कि खेल के दौरान उनका आचरण उत्कृष्ट होना चाहिए, ताकि वे न केवल खेल में बल्कि जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी सफलता प्राप्त कर सकें। भाषा विश्वविद्यालय की टीम 21 नवम्बर को अलीगढ़ विश्वविद्यालय के लिए प्रस्थान करेगी। इस टीम का मार्गदर्शन मोहम्मद शारिक (मैनेजर) द्वारा किया जाएगा। टीम की सफलता के लिए पूरे विश्वविद्यालय परिवार की शुभकामनाएं उनके साथ हैं। इस प्रतियोगिता में शामिल होने से खिलाड़ियों को न केवल अपनी खेल क्षमता का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा, बल्कि उन्हें अन्य विश्वविद्यालयों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का भी महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त होगा। इस अवसर पर डॉ बुशरा अल्वीरा (सदस्य, क्रीड़ा परिषद), प्रो. सैयद हैदर, डॉ हसन मेहदी, डॉ. राजकुमार उपस्थित रहे।

## छात्राओं को महिला अधिकारों से कराया अवगत



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में स्थापित विधिक सहायता केंद्र और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को किया गया। यह आयोजन डॉ. आरके वर्मा (अधिष्ठाता एवं अध्यक्ष, विधि संकाय), प्रो. अभिषेक कुमार तिवारी (अध्यक्ष, विधिक सहायता केंद्र), और डॉ. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी (निर्देशक, इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज) के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य विषय कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 था। सत्र की शुरूआत अंजासी मिश्रा के स्वागत भाषण से हुई, जिन्होंने विधिक सहायता केंद्र का परिचय दिया और कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इसके बाद शिवांगी सिंह, छात्र संयोजक, विधिक सहायता केंद्र ने भंवरी देवी के मामले का उल्लेख किया और विशाखा बनाम राजस्थान राज्य के ऐतिहासिक निर्णय की व्याख्या की, जिसके तहत विशाखा गाइडलाइंस निर्धारित की गई थीं। मोहिनी तिवारी ने अधिनियम में परिभाषित यौन उत्पीड़न, कार्यस्थल और पीड़ित महिला जैसी प्रमुख परिभाषाओं, साथ ही आंतरिक शिकायत समितियों और स्थानीय शिकायत समितियों के गठन और संरचना पर विस्तार से चर्चा की। इसके अतिरिक्त, श्वेता ने शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया और कानून के तहत नियोक्ताओं के कर्तव्यों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इस अवसर पर विधिक सहायता केंद्र द्वारा नुक्कड़ नाटक के आयोजन के माध्यम से विधिक सहायता व जन-जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया गया। साथ ही बाल श्रम और घरेलू हिंसा जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक समस्याओं व उनके समाधान पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का समापन एक संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, जहां छात्रों के सभी प्रश्नों का समाधान किया गया। अंत में, अंजसी मिश्रा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

## खुन खुन जी गर्ल्स डिग्री कॉलेज मे हुई अंतर महाविद्यालयी प्रतियोगिता

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** खुन खुन जी गर्ल्स डिग्री कॉलेज एवं विज्ञान फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को महाविद्यालय में उड़ान यूथ फेस्ट के अंतर्गत मिशन शक्ति फेज 5 को ध्यान मे रखते हुए अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर अतिथि डॉ दिलीप अग्निहोत्री राज्य सूचना आयुक्त, राजेन्द्र सिंह राज्य सूचना आयुक्त, अशोक बाजपेई (पूर्व राज्यसभा सांसद) प्रो. मनोज पांडेय (लुआक्टा अध्यक्ष) आदि ने किया। कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, फेस पेंटिंग, सोलो सॉन्ग, कविता पाठ आदि का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व राज्यसभा सदस्य अशोक बाजपेई ने सभी प्रतिभागियों का प्रोत्साहन किया। उन्होंने कहा कि आज के कर्यक्रम में कई जिलो, गांवों एवं महाविद्यालयों से बालिकाएं उपस्थित हुई है। इस तरह के कार्यक्रम से बालिकाओं को आगे आने के अवसर मिलते है इसीलिए प्रतियोगिताओं में जीतने वाली बालिकाओं की अच्छी भागीदारी रहती है।

इसी क्रम में राज्य सूचना आयुक्त राजेंद्र सिंह ने किशोरियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज की किशोरी ही कल का सशक्त भारत निर्माण करेंगी उन्होंने बताया की वर्तमान समय में बालिकाएं शिक्षा, खेल, तकनीकी, उद्यमिता सभी क्षेत्र उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है। वही राज्य सूचना आयुक्त दिलीप अग्निहोत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज के समय में बालिकाएं हर क्षेत्र में बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है और उनको समान अवसर भी मिल रहे है।

इसी क्रम में खुन खुन जी गर्ल्स पीजी कालेज की प्राचार्य डॉ अंशु केडिया ने कहा समाज का दायित्व है कि बालिकाओं को सुरक्षित आत्मनिर्भर और सशक्त वातावरण प्रदान करें ताकि वे अपने सपनो को पूरा करें। प्रतियोगिता में जज के रूप में वरिष्ठ कलाकार ऋषि ने सभी प्रकार के चित्रण से जुड़ी प्रतियोगिताओं का आंकलन किया। रेडियो से जुड़ी सबाहत आफरीन व कवियत्री शालिनी सिंह ने भाषण, वाद विवाद व कविता पाठ का आंकलन किया। गायन में लखनऊ के प्रसिद गायक महेंद्र सिंह जज बने। वही नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में वरिष्ठ कलाकार मृदुला भरद्वाज ने नाटकों का आंकलन किया। विज्ञान फाउंडेशन से अनन्या बनर्जी ने किशोरियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। रंगारंग प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करके किशोरियों ने अत्यंत आनंद लिया व आगे भी ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने का निश्चय किया। कार्यक्रम मे नवयुग महाविद्यालय, गुरु नानक डिग्री कॉलेज, कालीचरण डिग्री कॉलेज, अटल बिहारी बाजपेयी डिग्री कॉलेज, जय नारायण पीजी कॉलेज, आईटी कॉलेज, करामत डिग्री कॉलेज आदि महाविद्यालयों की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कॉलेज से डॉ स्नेह लता शिवहरे ने संयोजन किया। डॉ शगुन रोहतगी, डॉ प्रीति सिंधी के साथ समस्त शिक्षिकाओं आदि ने सहयोग किया।

## अंतरराष्ट्रीय ड्रग डिस्कवरी सम्मेलन में लविवि के शोधार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन




**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के शोधार्थियों ने ड्रग डिस्कवरी, डेवलपमेंट एंड ड्रग डिलीवरी (आई सीडी5-2025) अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। यह सम्मेलन ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के फार्मेसी संकाय द्वारा आयोजित किया गया।

शोधार्थी पल्लवी शुक्ला, जो डॉ. सुनील कुमार राय (रसायन विज्ञान विभाग) के निर्देशन तथा प्रो. पुष्पेन्द्र कुमार त्रिपाठी (निदेशक, एलयूआईपीएस) के सह-निर्देशन में कार्यरत हैं, को यंग रिसर्च अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उन्होंने क्रिस्टल ग्रोथ एंड डिजाइन में प्रकाशित अपने शोध कार्य को प्रस्तुत किया। उनका यह शोध कार्य जर्नल के कवर पेज पर भी स्थान प्राप्त कर चुका है, जो फार्मास्युटिकल विज्ञान के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान को दशार्ता है। दूसरी शोधार्थी अंकिमा यादव, जो डॉ. सुनील कुमार राय के निर्देशन में कार्य कर रही हैं, को अपने शोध कार्य के लिए बेस्ट ओरल प्रेजेंटेशन अवॉर्ड मिला। यह अध्ययन एसईआरबी प्रायोजित परियोजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य कैंसर उपचार को अधिक प्रभावी बनाने के लिए फिक्स्ड-डोज कॉम्बिनेशन विकसित करना है।

अपने छात्रों की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए डॉ. सुनील कुमार राय, सहायक प्रोफेसर, रसायन विज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय ने दोनों शोधार्थियों को उनकी उत्कृष्ट शोध उपलब्धियों के लिए बधाई दी तथा कहा कि उन्होंने विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

## खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के अनुदान की जल्द दी जायेगी दूसरी किस्त

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयो को बढ़ावा देने की आवश्यक पर विशेष रूप से फोकस करने के निर्देश दिये है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति -2023 उद्यमियों को अनेकानेक सुविधाएं, सहूलियत देने के साथ ही अनुदान दिये जाने का प्राविधान किया गया है। मौर्य यह भी निर्देश दिये है कि इकाइयो को समस्त औपचारिकताये पूर्ण कराते हुए नियमानुसार समय से सब्सिडी उपलब्ध करायी जाय।

इसी परिपेक्ष्य मे अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग बीएल मीना द्वारा समस्त मुख्य विकास अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। सब्सिडी की द्वितीय किस्त दिये जाने वाले प्रकरणो की सूची सम्बन्धित मुख्य विकास अधिकारियों को भेजते के लिए निर्देशित किया गया है कि उद्यमियों के ऐसे प्रकरण जिनमें अनुदान के लिए द्वितीय किस्त प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में निरीक्षण उपरान्त फायर, पर्यावरण एवं उद्योग के नक्शें का अनुमोदन नगर पालिका, नगर पंचायत, सक्षम प्राधिकारी, एसडीएम, विभिन्न प्राधिकरणों से प्राप्त करना है। ज्यादातर उद्यमियों द्वारा अपना उद्योग ग्रामीण क्षेत्र में ही स्थापित किया जाता है एवं खाद्य प्रसंस्करण भूमि का समस्त कार्य ग्रामीण क्षेत्रों में ही स्थित है।

अपर मुख्य सचिव मीना द्वारा मुख्य विकास अधिकारियों को भेजे गये पत्र मे कहा गया है कि वह अपने स्तर पर इन भूमि पर स्थापित उद्योगों एवं संलग्न टीपीआईए निरीक्षण हेतु निर्धारित संस्था के साथ समन्वय कर इसकी निरीक्षण रिपोर्ट के साथ लम्बित प्रकरणों को यथासमय निरस्तारित करेंगे। साथ ही इन उद्यमियों को दिये जा रहे अनुदान दिये जाने के सम्बन्ध में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। कहा गया है इन प्रकरणों में फायर, पर्यावरण एवं नक्शे का अनुमोदन दिलाये जाने में आपकी मुख्य विकास अधिकारी के रूप में मुख्य भूमिका है जिससे इनका आईआरआर एवं ब्रेक इवेन सुधरेगा।

मुख्य विकास अधिकारियो को भेजे गये पत्र मे कहा गया है कि आगामी 10 से 15 सालों में उनके द्वारा अब इस भावना से किया गया कार्य उद्यमियों की सहायता करेगा एवं उद्यमियों के साथ-साथ सभी टीपीआईए भी उनके द्वारा किये गये इस कार्य को स्मरण में रखगें व आप स्वयं में सुखद अनुभूति प्राप्ति करेगें। इस इस कार्य हेतु प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा।

## डेढ़ करोड़ लोगों को दरवाजे पर एनएमएमयू से मिला इलाज



**लखनऊ।** अपने साढ़े छह साल से अधिक के सफर में नेशनल मोबाइल मेडिकल यूनिट, एनएमएमयू ने डेढ़ करोड़ से अधिक लोगों तक उनके दरवाजे पर उपचार पहुंचाया है। एमएमयू ने इस दौरान 35 लाख से अधिक लोगों के लैब टेस्ट भी किये हैं। फरवरी 2019 में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हरी झंडी दिखाने के साथ शुरू हुई एनएमएमयू सेवा ने सरकार की मंशा के अनुरुप हर जरुरतमंद तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया है।

सेवा का सफलतापूर्वक संचालन केएचजी हेल्थ सर्विसेज द्वारा किया जा रहा है। केएचजी हेल्थ सर्विसेज के जनरल मैनेजर विमल सिंह द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2019 में 650754 ओपीडी के साथ 80439 लोगों के लैब टेस्ट, वर्ष 2020 में 928790 ओपीडी के साथ 209433 लोगों के लैब टेस्ट, वर्ष 2021 में 2890464 ओपीडी के साथ 852151 लोगों के लैब टेस्ट, वर्ष 2022 में 2856682 ओपीडी के साथ 707903 लोगों के लैब टेस्ट, वर्ष 2023 में 2786701 ओपीडी के साथ 629681 लोगों के लैब टेस्ट, वर्ष 2024 में 2926758 ओपीडी के साथ 643259 लोगों के लैब टेस्ट व वर्ष 2025 में अब तक 2377436 ओपीडी के साथ ही 476291 लोगों के लैब टेस्ट एनएमएमयू टीम के द्वारा शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में दूर दराज के सुदूर इलाके में जा कर किये जा चुके है। एनएमएमयू द्वारा सभी जिलों में अब तक कुल 15417585 ओपीडी के साथ 3599157 लोगों के लैब टेस्ट किये गये हैं। वर्तमान में 54 जिलों में 172 एनएमएमयू ग्रामीण अंचलों में कार्य कर रही हैं। प्रत्येक एनएमएमयू पर एक अनुभवी चिकित्सक, एक स्टॉफ नर्स, एक लैब टेक्निशियन, एक फार्मासिस्ट और एक पायलट मौजूद रहते हैं। एनएमएमयू पर लैब टेस्ट की भी व्यवस्था है जिससे मरीजों को एमएमयू पर ही जांच की सुविधा मिल जाती है।

## मादक द्रव्यों का सेवन अवसाद और आत्महत्या की ओर ले जाता है : डॉ.शबरी दत्ता



**लखनऊ।** लविवि के हिन्दी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग, महिला एवं लैगिंग अध्ययन संस्थान एवं मिशन शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में 'महिलाओं में मादक द्रव्यों का सेवन,उपेक्षा और आत्महत्या' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन गुरुवार को हुआ।

कार्यक्रम की मुख्य समागम एवं वक्ता डॉ.शबरी दत्ता, एमडी (साइकेट्री) मनोचिकित्सक, नूरमंजिल मनोचिकित्सा केंद्र ने अपने वक्तव्य में केस स्टडी के उदाहरण को देते हुए कहा कि परिवार में मादक पदार्थों का उपयोग होने से उसका प्रभाव महिलाओं और बच्चों पर पड़ता है। मादक द्रव्यों के प्रयोग से विभिन्न प्रकार के मनोरोग तो होते ही हैं। साथ ही यह आत्मघाती विचारों को भी बढ़ाते हैं। मादक द्रव्यों के उपयोग को रोकने के लिए 'तत्काल सुरक्षा उपाय' एवं 'उन पदार्थों से दूर रखना' चाहिए। इस क्रम में उन्होंने महिला हेल्पलाइन नंबर(181) तथा टेली मानस (0804611007) को साझा किया। उन्होंने महिलाओं में मादक द्रव्यों के सेवन को रोकने के लिए चिकित्सीय परामर्श के साथ परिवार और मित्रों के सहयोग पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम में उपस्थित श्रोताओं ने अपने समाज एवं दैनन्दिन जीवन से जुड़ी समस्याओं को प्रश्न के रूप में मुख्य वक्ता के समक्ष रखा जिसका डॉ. शबरी दत्ता ने समुचित समाधानपरक उत्तर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. पवन अग्रवाल ने की। अपने स्वागत वक्तव्य में कहा कि युवा पीढ़ी अपने लक्ष्य से भटकने पर मादक द्रव्यों का सेवन करने लगती है और उसके परिणाम स्वरूप अपने जीवन को लेकर अनुचित कदम भी उठा लेती है। युवाओं की इस तरह की समस्याओं को ध्यान में रखकर मनोचिकित्सा अपना विशेष सहयोग प्रदान कर रही है। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन विभाग की आचार्या प्रो. अल्का पाण्डेय ने दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन विभागीय संयोजक मिशन शक्ति डॉ. ममता तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में हिन्दी विभाग के वरिष्ठ आचार्य प्रो. वाईपी सिंह, प्रो. हेमांशु सिंह, प्रो. श्रुति सिंह, डॉ. आकांक्षा, डॉ. अनुपम पटेल, डॉ. ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह एवं डॉ. सीमा यादव सहित हिंदी विभाग के पीएचडी, एमए तथा बीए के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## भाषा विवि के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय के जैव प्रौद्योगिकी इंजीनियरिंग विभाग ने अपने छात्रों के लिए पेप्सिको - वरुण बेवरेजेस लिमिटेड का एक औद्योगिक दौरा आयोजित किया। इस दौरे को माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा के साथ साथ ने इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. आर.के. त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष डॉ. ममता शुक्ला और डॉ. मानवेंद्र सिंह के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

शैक्षिक भ्रमण के दौरान, छात्रों को पेय पदार्थ निर्माण इकाई का एक जानकारीपूर्ण दौरा कराया गया, जहाँ उन्होंने पेय पदार्थ निर्माण में शामिल प्रसंस्करण, गुणवत्ता नियंत्रण और पैकेजिंग कार्यों सहित संपूर्ण उत्पादन लाइन के बारे में देखा और सीखा। वरुण बेवरेजेस लिमिटेड के तकनीकी कर्मचारियों ने उत्पादन के प्रत्येक चरण के बारे में विस्तार से बताया, जिससे छात्रों को वास्तविक दुनिया के औद्योगिक अनुभव का मूल्यवान अनुभव प्राप्त हुआ।

फैक्ट्री दौरे के बाद एक आकर्षक प्रश्नोत्तर सत्र का भी आयोजन किया गया। डिपार्टमेंट ने वरुण बेवरेजेज लिमिटेड का उनकी मेहमाननवाजी और एक एजुकेशनल और बेहतर इंडस्ट्रियल अनुभव देने के लिए शुक्रिया अदा किया, जिसने थ्योरेटिकल नॉलेज को प्रैक्टिकल एप्लीकेशन से जोड़ा। इस शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के दौरान विभाग के सहायक प्रोफेसर इफ्फत अजीम, धीरेन्द्र, राशि श्रीवास्तव, और इंजीनियर शिवांशी त्रिपाठी रहे।

## छात्रों की मांग, छात्रसंघ को करें बहाल

● छात्रनेताओं और छात्रों ने की बैठक, विधायक के निधन पर जताया शोक



**लखनऊ।** लविविके छात्रसंघ भवन पर रोजगार एवं सामाजिक अधिकार अभियान के अंतर्गत एक छात्रनेताओं एवं छात्रों की बैठक गुरुवार को आयेजित की गई। साथ ही विधायक सुधाकर सिंह के निधन पर शोक प्रकट किया।

मुख्य वक्ता डॉ शम्मी कुमार ने कहा तीसरे पिछड़े आयोग रोहिणी कमीशन ने अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को 2023 में सौंप चुकी है लेकिन दो वर्ष बीतने के बाद भी यह रिपोर्ट सार्वजनिक नही हुई। इससे भारत के दबे, कुचले, अति पिछड़े वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित नही हो पा रही है। साथ ही उनकी आर्थिक उन्नति के लिए किसी भी प्रकार का वित्तीय सहयोग न मिलने के कारण उनकी गरीबी बनी हुई है। हमको सरकार से यह मांग करनी चाहिए कि जापान जैसे एशियाई देश की तरह ही हमारे देश मे कॉरपोरेट घरानों की सम्पत्ति पर टैक्स लगाकर मिले धन से एक बड़ा वित्तीय कोष बनाकर देश के अंतिम पायदान पर खड़े लोगो को विकास एवं उपार्जन के लिए छोटे एवं मझोले उद्योग लगाने के लिए पूंजी, कौशल एवं उचित बाजार उपलब्ध कराये।

दूसरे प्रमुख वक्ता छात्रनेता एवं शोध छात्र ज्ञानेंद्र बाबा ने कहा कि भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार पिछले दो दशकों से शिक्षा में आवंटित बजट को लगातार घटा रहा है। कोठारी आयोग ने जीडीपी की 6% शिक्षा पर खर्च करने की बात की लेकिन आज लगभग 2.8% से ज्यादा खर्च सरकारें नही कर रही है। शिक्षण संस्थान धनाभाव में या तो शैक्षणिक कोर्सो को बंद कर रहे है या शिक्षा को महंगी कर रहे है। साथ ही छात्रसंघ बंद कर विश्वविद्यालय को विद्यार्थियों का शोषण का अड्डा बना दिया गया उसको बहाल करना चाहिए।

अन्य वक्ता नवनीत ने कहा कि देश मे शिक्षित बेरोजगारों की बढ़ती संख्या चिंता पैदा करती है इसलिए ठेके की नौकरियों को बंद कर स्थायी और सम्मानजनक वेतन की नौकरियां सरकार उपलब्ध कराए। साथ ही सरकारी संस्थाओं का निजी पूंजीपति घरानों को बेचना बंद करे।

अध्यक्षता छात्रनेता सत्येंद्र राणा एवं संचालन इस बैठक के संयोजक छात्रनेता विशाल सिह ने किया। अंत में विधायक सुधाकर सिह जो पूर्व में छात्रसंघ अध्यक्ष और कई बार विधानसभाओं के सदस्य रहे उनके असामयिक निधन पर शोक प्रकट करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

## लविवि प्रशासन ने छह छात्रों को कारण बताओ नोटिस किया जारी

**लखनऊ।** लविवि के मुख्य परिसर में घटित घटना पर दर्ज एफआईआर के चलते छह छात्रों को कुलानुशासक कार्यालय ने गुरुवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उनसे सूचना निर्गत होने के तीन दिन के अंदर लिखित स्पष्टीकरण मांगा गया। इस घटना की सम्पूर्ण जांच विश्वविद्यालय स्तर से चल रही है। इसमें शिवम कुमार सिंह (शिवम सिंह सम्राट), बीए तृतीय वर्ष, अमन दुबे, पीएचडी (राजनीतिशास्त्र), प्रसून कुमार (प्रसून कुमार शुक्ला), बीएलआइवी. एससी द्वितीय वर्ष, शिवाजी यादव, एमए प्रथम वर्ष, उत्कर्ष सिंह (उत्कर्ष सिंह सिकरवार), बीएससी (कृषि) प्रथम वर्ष और पवन यादव, बीएससी (कृषि) प्रथम वर्ष हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रावासों में अनुशासनहीनता और अनधिकृत निवास को लेकर सख्त रुख अपनाया है।

संक्षेप

## विकास संबन्धी योजनाओं की समीक्षा बैठक

उन्नाव। विकास भवन सभागार में आयोजित जिला पोषण समिति की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा एफ0आर0एस0, पोषण टैज्कर, सैम बच्चों का चिन्हांकन, नैफेड एवं टी0एच0आर0 द्वारा आपूर्तित पोषाहार, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अन्तर्गत पंजीकृत लाभार्थियों की प्रगति, पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती बच्चें, गौशालाओं सैम बच्चों को उपलब्ध होने वाले दूध, आंगनवाड़ी केन्द्र निर्माण, कायाकल्प की समीक्षा की गयी। समीक्षा में आंगनवाड़ी केन्द्र निर्माण का कार्य समय से पूर्ण न होने के कारण अधिशाषी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग एवं अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, प्रान्तीय खण्ड को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के सख्त निर्देश दिये गये तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को ज्यादा-ज्यादा लाभान्वित करने के निर्देश दिये गये है। बैठक में मुख्य सदस्य, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों तथा अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# मार्गशीर्ष अमावस्या पर नैमिषारण्य से सूर्यकुंड तक उमड़ा आस्था का सैलाब



सीतापुर। जनपद की धर्मभूमि नैमिषारण्य और ऐतिहासिक सूर्यकुंड, लहरपुर में गुरुवार को मार्गशीर्ष (अगहनी) अमावस्या पर आस्था उमड़ पड़ी। भोर की पहली किरण से लेकर देर शाम तक श्रद्धालुओं का सैलाब दोनों ही तीर्थस्थलों पर दिखाई दिया। कहीं चक्रतीर्थ, गोमती तट और रुद्रावर्त पर मेला जैसा माहौल रहा, तो कहीं सूर्यकुंड के शांत जल में पवित्र

● घाटों और मंदिरों में दिनभर रहा धार्मिक उल्लास

डुबकी लगाने को भक्तों की लंबी कतारें दिखीं। नैमिषारण्य में चक्रतीर्थ-घाटों पर स्नान-दान का सिलसिला जारी मार्गशीर्ष अमावस्या को पितृ अमावस्या भी कहा जाता है और इसी मान्यता के साथ नैमिषारण्य में बुधवार की शाम से ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया था। चक्रतीर्थ, राजघाट, दशाश्वमेघ घाट, देवदेवेश्वर घाट तथा रुद्रावर्त पर सुबह से ही लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों ने पवित्र स्नान के बाद भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और पितरों के निमित्त दान-दक्षिणा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात माँ ललिता देवी के दरबार में श्रद्धालुओं ने हाजिरी लगाई और परिवार कल्याण व मंगलकामना की प्रार्थना की। तीर्थ क्षेत्र के अन्य प्रमुख स्थलोंकृव्यासगद्दी, सूतगद्दी, हनुमानगढ़ी, कालीपीठ, सत्यनारायण मंदिर, बालाजी, त्रिशक्ति धाम, चार धाम, नारदानंद तथा हरिहरानंद स्थानों पर भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। सूर्यकुंड मंदिर में भक्ति का चरम, पवित्र डुबकी लगाने उमड़े श्रद्धालु उधर लहरपुर स्थित प्राचीन सूर्यकुंड मंदिर में सुबह से ही श्रद्धा की लहरें उमड़ रही थीं। मंत्रोच्चार, घंटियों की ध्वनि और हवन की सुगंध से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने सूर्यकुंड में डुबकी लगाने के बाद भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और अगहनी अमावस्या पर विशेष पूजा-अर्चना की। कामेश्वरनाथ धाम में भी दर्शनार्थियों की भारी भीड़ रही। मंदिर के पुजारी विनोद गोस्वामी ने बताया कि मार्गशीर्ष अमावस्या पर भगवान शिव की आराधना से पितृदोष शांत होता है और परिवार में सुख-शांति का वास होता है।

### पूरे दिन रहा धार्मिक उत्सव का माहौल

सूर्यकुंड परिसर में मेले जैसा दृश्य रहा, जहां श्रद्धालुओं ने पारंपरिक प्रसाद, खिलौने और अन्य वस्तुओं की खरीदारी की। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल मुस्तैद रहा, जिससे भक्त निर्भय होकर पूजा-अर्चना में शामिल होते रहे।

### एक दिन, दो तीर्थ और आस्था का अद्भुत संगम

नैमिषारण्य के चक्रतीर्थ से लेकर सूर्यकुंड के पावन जल तक, मार्गशीर्ष अमावस्या का यह पावन दिन जनपद सीतापुर में आस्था, संस्कृति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम बनकर यादगार बन गया।

## मेडिकल कॉलेज का डीएम ने किया निरीक्षण

फतेहपुर । जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने अमर शहीद जोधा सिंह अटैया ठाकुर दरियांव सिंह चिकित्सा महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया, के दौरान महाविद्यालय में ओटी फ्लोर चतुर्थ तल सी०एस०एस०डी लॉड्री किचन एवं आडीटोरियम का का जायजा लिया। साथ ही मोर्चरी से सम्बन्धित भूमि का निरीक्षण किया गया और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रधानमंत्री दिव्याशा केन्द्र की स्थापना अमर शहीद जोधा सिंह अटैया ठाकुर दरियाँव सिंह चिकित्सा महाविद्यालय में ही की गयी है, का भी निरीक्षण किया । दिव्याशा केन्द्र का शुभारम्भ माह अक्टूबर, 2025 में किया गया है। प्रधानमंत्री दिव्याशा केन्द्र का संचालन भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को कानपुर के द्वारा किया जा रहा है । अब तक लगभग 500 दिव्यांगजन एवं वरिष्ठजनों को कृत्रिम अंग सहायक उपकरणों से लाभान्वित कराया जा चुका है। इसके साथ ही भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निलगम एलिम्को कानपुर के द्वारा आसरा सेन्टर शाहजहानपुर चौडगरा, फतेहपुर में संचालित किया जा रहा है। जिसके द्वारा यदि किसी दिव्यांगजन या वरिष्ठजन को दिये गये।

## महिला उत्पीड़न की समस्याओं का तुरंत निस्तारण करें अधिकारीः अंजू प्रजापति



फतेहपुर। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या अंजू प्रजापति ने आज लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में महिलाओं की जनसुनवाई कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस दौरान जिले के विभिन्न भागों से आई महिलाओं ने अपनी समस्याएं आयोग के समक्ष रखीं। जनसुनवाई के अंतर्गत प्रजापति ने पिछली सुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की समीक्षा भी की और संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कुल 31 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। सदस्या ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित किया जाए ताकि जनसुनवाई की भावना के अनुरूप महिलाओं को वास्तविक राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक महिला को न्याय और सुरक्षा दोनों प्राप्त हों। अंजू प्रजापति ने उपस्थित महिलाओं को विधिक सहायता की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण और स्वावलंबन के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र महिलाओं तक शत-प्रतिशत पहुंचे। साथ ही, उन्होंने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और किसी भी प्रकार के उत्पीड़न की स्थिति में निडर होकर प्रशासन से संपर्क करने की सलाह दी।कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी सदर, जिला प्रोबेशन अधिकारी, महिला थाना प्रभारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## एस आईआर में भेदभाव बर्दाश्त नहीं: शिवकांत

फतेहपुर । कांग्रेस नेता शिवाकांत तिवारी के नेतृत्व में आज गहन मतदाता पुनरीक्षण एस आई आर के अंतर्गत कराए जाने के संबंध में ज्ञापन सौपा गया जिसमें बताया गया कि जनपद में एस आई आर का कार्य संचालित है इस प्रक्रिया में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन एवं नामांकन कार्य करें सर्वे के दौरान किसी भी प्रकार का भेदभाव ना हो बाहर अन्य शहरों में रोजगार जीविका हेतु गए परिवारो के सदस्यों के मतदाता नाम किसी भी दशा में न छूटे तथा संपूर्ण प्रक्रिया पूर्णता निष्पक्ष पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से संपन्न कराई जाए इसके लिए आवश्यक है की बी एल ओ को स्पष्ट निर्देश दिए जाएं की वह प्रत्येक घर पर पहुंच कर सही-सही विवरण दर्ज करें और गैर हाजिर निवासियों के नाम हटाने या रोकने जैसी त्रुटियां न हो यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया की गरिमा एवं हर नागरिक के मताधिकार के संरक्षण के लिए अत्यंत आवश्यक है इस अवसर पर शिव प्रकाश बाजपेई अशोक कुमार शुक्ला संतोष कुमारी शुक्ला विवेक मिश्रा जबर सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## भीमराव अम्बेडकर के आदर्शों को अपनायें

फतेहपुर ।डॉ बाबासाहेब अंबेडकर मिशन व भारतीय किसान यूनियन टिकैत के तत्वाधान में ग्राम सभा बैजानी पोस्ट शाह जनपद फतेहपुर में मुन्ना शेख पूर्व प्रधान बैजानी महासचिव भारतीय किसान यूनियन के मुख्य आयोजनकर्ता द्वारा दिनांक 19, 20, व 21 नवंबर को संविधान निमार्ता, भारत रत्न, बोधिसत्व डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन चरित्र व जीवन दर्शन का सांस्कृतिक कार्यक्रम रात 8:00 बजे से सुबह 5:00 बजे तक जनपद लखीमपुर से आए कुशल नाट्य कलाकारों द्वारा डॉक्टर बाबा साहब के जन्म से लेकर संघर्ष मय जीवन का भव्य रूपांतरण किया जा रहा है, इस अवसर पर मिशन के जिला संयोजक रमेश बौद्ध, जिला सचेतक बाबूराम सिंह गौतम, जिला महासचिव अतुल कुमार, बौद्ध प्रिय गौतम, बृज किशोर मास्टर, कामिनी बौद्ध, संगीता बौद्ध, रमेश गौतम, सावित्री बौद्ध, शकुंतला बौद्ध, सिया दुलारी बौद्ध आदि सैकड़ो अनुयायी उपस्थित रहे !

## मामूली विवाद में अधेड़ की गर्दन पर हसिया से जानलेवा वार



सीतापुर। महोली कोतवाली क्षेत्र के अढ़ोरी गांव में बुधवार देर शाम छोटा सा विवाद खूनी झगड़े में बदल गया। पड़ोसी दंपति ने अधेड़ रामसागर (55) की गर्दन पर हसिया से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना से पूरे गांव में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, रामसागर के मवेशी पड़ोसी अमरपाल और उसकी पत्नी रीना के खेत की बनी टटिया तोड़कर अंदर घुस

● आरोपी दंपति पर हत्या के प्रयास का मुकदमा

गए थे।इसी बात पर दोनों पक्षों में कहा-सुनी शुरू हुई। आरोप है कि गुस्से में आकर अमरपाल और रीना घर से हसिया ले आए और रामसागर पर अचानक हमला बोल दिया। गर्दन पर तेज वार लगने से रामसागर लहूलुहान होकर गिर पड़े।

चिल्ल-पुकार सुनकर ग्रामीण दौड़े और किसी तरह हमलावरों को हटाकर स्थिति संभाली। घायल रामसागर को तत्काल महोली स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल भेज दिया। महोली कोतवाली प्रभारी जेबी पाण्डेय ने बताया कि अमरपाल और रीना के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार मवेशियों को लेकर दोनों परिवारों में पहले भी तनातनी हो चुकी है, लेकिन इस बार मामला बेहद खतरनाक रूप ले गया।

## किसान दिवस पर 32 शिकायतें दर्ज

सीतापुर। विकास भवन सभागार में शुक्रवार को आयोजित किसान दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने की। बैठक में कृषि विभाग के अधिकारी, विभिन्न सहायक विभागों के प्रतिनिधि, किसान तथा किसान यूनियन के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत उप कृषि निदेशक, सीतापुर द्वारा स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद गत माह प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति से जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने जिलाधिकारी को अवगत कराया। बैठक में उप कृषि निदेशक ने बताया कि किसान अपने विकास खंड के राजकीय बीज भंडार से निशुल्क मसूर का मिनीकिट प्राप्त कर सकते हैं।

जिला उद्यान अधिकारी ने किसानों को जानकारी दी कि विभागीय पोर्टल पर पंजीकरण कराकर शाकभाजी के बीज एक एकड़ तक मुफ्त दिए जा रहे हैं। साथ ही मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन, आटा चक्की आदि इकाइयों पर 10 लाख रुपये तक 35 प्रतिशत अनुदान की सुविधा उपलब्ध है।

## सीतापुर में कबड्डी का महामंच, दूसरे दिन लगातार दस मुकाबलों में छाई जीवंत प्रतिस्पर्धा



सीतापुर।जिला खेल कार्यालय सीतापुर द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय सीनियर कबड्डी प्रतियोगिता के दूसरे दिन का माहौल खेल भावना और प्रतिस्पर्धा से सराबोर रहा। प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय और प्रदेशीय कबड्डी संघ के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। दूसरे दिन के मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चैहान ने उपस्थिति दर्ज कराई। उनका स्वागत क्रीड़ा अधिकारी महमूदाबाद राजेश कुमार सोनकर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया, जबकि प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी सीतापुर संजीव कुमार सिंह ने उन्हें सम्मानित किया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कबड्डी संघ के महासचिव राजेश कुमार सिंह, संघ के चेयरमैन विनोद कुमार यादव, निर्णायक मंडल के सदस्य, जिला व्यायाम शिक्षक राज शर्मा, खेल प्रशिक्षक सुरेंद्र कुमार लाल, अरुण गौतम, मयंक आनंद, देवेंद्र कुमार, महमूदाबाद के प्रशिक्षक आनंद कुमार सोनकर, जय शंकर सहित खेल कार्यालय का स्टाफ और बड़ी संख्या में खिलाड़ी मौजूद रहे प्रतियोगिता के अगले दौर के मुकाबलों के लिए खिलाड़ियों में उत्साह साफ नजर आ रहा है, और आयोजन समिति के अनुसार आगे के मैच और भी ज्यादा रोमांचक होने की उम्मीद है।

दूसरे दिन खेले गए मैचों के परिणाम इस प्रकार रहे,अमेठी छात्रावास ने गोरखपुर को 32,22 से हराया,प्रयागराज ने चित्रकूट को 23,03 से मात दी,आजमगढ़ ने बस्ती को 18,07 से हराया,देवीपाटन ने कानपुर पर 36,10 से जीत दर्ज की,वाराणसी ने कानपुर को 40,24 से हराया,लखनऊ ने अयोध्या को 27,17 से पराजित किया,अलीगढ़ ने बरेली को 25,12 से हराया,झांसी ने मिजार्पुर को 23,07 से हराया,गोरखपुर ने आगरा को 30,25 से मात दी,मुरादाबाद ने प्रयागराज पर 16,07 से जीत दर्ज की।

## तकिया मेला की व्यवस्थाओं को लेकर बनायी रूपरेखा



पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन में हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक बाबा मोहम्मद शाह व सहस्त्र लिंगेश्वर महादेव मंदिर तकिया मेला को लेकर गुरुवार को मेला अधिकारी/उप जिलाधिकारी रणवीर सिंह की अध्यक्षता में एन एच ए आई डिप्टी मैनेजर हर्षवर्धन सिंह की मौजूदगी में गुरुवार को मेला मालिकों के साथ बैठक संपन्न हुई। मेला को शांतिपूर्ण व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए उप जिलाधिकारी ने मेला मालिको के साथ विचार विमर्श किया। मेंला से पूर्व मंदिर व बाबा मोहम्मद शाह की मजार की रंगाई पुताई को लेकर भी चर्चा हुई जिसका कार्य शीघ्र प्रारंभ कराए जाने की बात कही गई। उप जिलाधिकारी ने अभी से मेंला व्यवस्था के लिए रणनीति तय की तथा संबंधित लोगों को इसकी जिम्मेदारी सौंपी उन्होंने बताया कि बिना अनुमति के कोई भी कार्य मेंला परिसर में नहीं किया जाएगा जिसमें एन एच को भी सम्मिलित किया गया है। वही मेला में लगने वाले मौत के कुएं को लेकर कहा कि बच्चों की शिक्षा को लेकर जिस जमीन में पिछले वर्ष मौत का कुआं लगा था उस स्थान पर इस बार नहीं लगेगा क्यों कि वह विद्यालय के पास था। उप जिलाधिकारी ने मेंला को चाक चैबंद करने के लिए सफाई व्यवस्था के साथ पानी, बिजली, स्वास्थ्य के विशेष इंतजाम किए जाने की बात कही वही पुलिस सहायता केंद्र के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम के संबंध में चर्चा की गई। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी सुमेरपुर, खंड विकास अधिकारी सुमेरपुर/ बीघापुर, सांस्कृतिक कार्यक्रम सचिव सुशील दीक्षित, गद्दी नशीन गुलाम हुसैन शाह, मंदिर पुजारी राजकिशोर, मेला मालिक गोवर्धन सिंह, अनिल सिंह, श्यामू सिंह, सुनील बहादुर सिंह, भोला सिंह, गजेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## एबीवीपी नगर इकाई का पुनर्गठन, सनी यादव अध्यक्ष व अभिजीत गौड़ बने मंत्री



सीतापुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की लहरपुर नगर इकाई का पुनर्गठन गुरुवार को स्थानीय ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) में संपन्न हुआ। पुनर्गठन कार्यक्रम में जिला संगठन मंत्री हर्षित सिंह निर्वाचन अधिकारी के रूप में उपस्थित रहे। प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अमित नाग सहित अन्य पदाधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। बैठक में सर्वसम्मति से सनी यादव को नगर अध्यक्ष तथा अभिजीत गौड़ को नगर मंत्री मनोनीत किया गया। नव मनोनीत पदाधिकारियों ने तत्पश्चात अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की। नगर उपाध्यक्ष पद पर राज कपूर, बृजलाल, मोहम्मद जकी बसर और रमेश मिश्रा को जिम्मेदारी मिली। वहीं नगर सह मंत्री के रूप में अंशुल यादव, शिवम कुमार, अजय वर्मा, शिवांश दीक्षित और मनु राजपूत का चयन हुआ। प्रकोष्ठ स्तर पर भी पदाधिकारियों की घोषणा की गई। नगर सोशल मीडिया प्रमुखः नितिन कुमार,सोशल मीडिया संयोजकः सत्येंद्र मिश्रा, एसएफडी प्रमुखः करन कुमार, सह एसएफडी प्रमुखः हिमांशी राजपूत, कला मंच प्रमुखः आशु गौतम,सह प्रमुखः अरुण भारती शैक्षणिक संस्थानों से जुड़े प्रभारों में हर्ष पांडे नगर डिग्री कॉलेज प्रमुख,अनंत कुमार सह डिग्री कॉलेज प्रमुख बने। शिवांश मिश्रा नगर इंटर प्रमुख तथा शिवगोपाल दीक्षित सह इंटर कॉलेज प्रमुख मनोनीत हुए। खेल प्रकोष्ठ में रंजीत कुमार को नगर खेल प्रमुख और अनिकेत द्विवेदी को सह खेल प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई। छात्रा प्रकोष्ठ में मोनिका राजवंशी को छात्रा प्रमुख, जबकि काजल और चांदनी अवस्थी को सह छात्रा प्रमुख चुना गया। आंदोलन प्रकोष्ठ में राहुल मिश्रा नगर आंदोलन प्रमुख और अर्पित शुक्ला सह आंदोलन प्रमुख बने सचिन गुप्ता को नगर एसएफएस प्रमुख और विपिन वर्मा को सह प्रमुख नियुक्त किया गया। नगर कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मनमोहन दीक्षित, प्रियांशु, गब्बर सिंह, सुधीर, मोहम्मद उमर, सचिन आदि उपस्थित रहे।

## एएनडी टीचर ट्रेनिंग पीजी कॉलेज में विकसित भारत विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार कल से

सीतापुर। आचार्य नरेंद्र देव (ए.एन.डी.) टीचर ट्रेनिंग पीजी कॉलेज, सीतापुर में इंडियन एसोसिएशन ऑफ टीचर एजुकेटर्स उत्तर क्षेत्रीय समिति के सहयोग से 22 व 23 नवंबर को ट्रांसफार्मिंग टीचर एजुकेशन फॉर विकसित भारतह्व विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एस.पी. सिंह ने बताया कि ◌ाज्ञ 1950 से शिक्षक-शिक्षा की नीतियों में सक्रिय भूमिका निभाती रही है और यह संगोष्ठी उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सेमिनार के संयोजक प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि भविष्य का निर्माण शिक्षक ही करते हैं और शिक्षक-शिक्षा में रूपांतरण विकसित भारत की आधारशिला है।

सेमिनार में देश के कई केंद्रीय विश्वविद्यालयों एवं प्रतिष्ठित संस्थानों से शिक्षाविद, प्रोफेसर और शोधार्थी शामिल होंगे। केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के प्रो. मनोज सक्सेना, जामिया मिलिया इस्लामिया की प्रो. अनीता रस्तोगी, छप्प्च। के प्रो. प्रदीप मिश्रा, इग्नू के प्रो. अमिताव मिश्रा, बीएचयू के प्रो. नागेंद्र कुमार सहित अनेक विशेषज्ञ अपने विचार रखेंगे। उद्घाटन एन.एन. पाण्डेय तथा समापन सत्र की मुख्य अतिथि प्रो. संतोष अरोरा होंगी।

## सामुदायिक शौचालय बंद होने से लोगों को हो रही असुविधा



पुरवा, उन्नाव। हिलौली ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत चक्सरैया के मजरे दमगढ़ी में बना सामुदायिक शौचालय कई महीनों से बंद पड़ा है। सरकारी योजना के तहत निर्मित यह शौचालय ग्रामीणों के लिए अनुपयोगी साबित हो रहा है, जिससे उन्हें खुले में शौच के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, पिछले चार महीनों से यहां कोई केयरटेकर नहीं आया है और शौचालय पूरी तरह से बंद है। खुले पड़े गेट के कारण अराजक तत्वों ने सभी टोंटियां तोड़ दी हैं और टाइल्स भी क्षतिग्रस्त कर दिए हैं। शौचालय का गड्ढा चोक हो गया है और लैट्रिन-बाथरूम के कमरों में काई जम गई है। ग्रामीण रामकिशोर और राजू वर्मा ने बताया कि सामुदायिक शौचालय पिछले चार-पांच महीनों से बंद है।

इससे पहले भी यह हफ्ते में केवल एक या दो बार ही खुलता था। उन्होंने यह भी बताया कि विद्युत तार जमीन पर पड़े हैं, जिसकी कोई सुध नहीं लेता। सुरेश, दीपक, राहुल, महादेव, जगदीश, रामसरुप और राजेश जैसे अन्य ग्रामीणों ने बताया कि दमगढ़ी गांव में लगभग 35 घरों की 200 से अधिक आबादी है। शौचालय बंद होने के कारण अधिकांश लोग खुले में शौच करने जाते हैं। उन्होंने इसे जल्द से जल्द चालू करने की अपील की है, जिससे उन्हें राहत मिल सके। इस संबंध में प्रधान प्रतिनिधि आशीष ने बताया कि गांव के लोग शरारती हैं और उन्होंने ही सामुदायिक शौचालय में तोड़फोड़ की है, जिसके कारण उसकी ऐसी हालत हो गई है। केयरटेकर के न आने के सवाल पर उन्होंने नियुक्त केयरटेकर ऊषा से बात करने की बात कही, लेकिन बाद में कोई जानकारी नहीं दी। वहीं, ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधान से लेकर ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारी कभी इधर आते-जाते नहीं हैं।

## एकता यात्रा भारत की अखंडता का प्रतीकः मयंकेश्वर शरण सिंह

सीतापुर। भारत के प्रथम गृह मंत्री और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती वर्षगांठ पर देशभर में आयोजित हो रही पदयात्राओं की श्रृंखला के तहत सिधौली विधानसभा में एकता पदयात्रा का भव्य आयोजन किया गया। पदयात्रा में हजारों लोगों की भागीदारी ने पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह तथा विशिष्ट अतिथि एमएलसी लालजी प्रसाद निर्मल रहे। पदयात्रा और सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने की, जबकि क्षेत्रीय विधायक मनीष रावत भी मंचासीन रहे। सभा को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि ह्लसरदार पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित पदयात्राओं में उमड़ता जनसैलाब भारत की अखंडता का सजीव प्रतीक है। गांव-गांव से लोग जुड़ रहे हैं और एक स्वर में अखंड भारत के निर्माण का संकल्प ले रहे हैं। विशिष्ट अतिथि एमएलसी लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा कि ह्लआज भारत विश्व शक्ति के रूप में उभर रहा है और इसका श्रेय सबसे पहले सरदार पटेल को जाता है।

## स्टेशन रोड पर बांटी-चोखा की दुकान में आग



सीतापुर। शहर के स्टेशन रोड स्थित साई संजीवनी अस्पताल के सामने बुधवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब पूर्वांचल की मशहूर बाटी-चोखा की एक दुकान में अचानक आग भड़क उठी। रोज की तरह दुकान बंद कर संचालक घर जा चुके थे, तभी दुकान के अंदर रखी बुझी

● पिकअप काउंटर सहित पूरा सामान जलकर राख

न हुई अंगीठी से चिंगारी उठी और आग फैल गई। कुछ ही देर में आग ने पिकअप वाहन में बने काउंटर और आसपास रखे लकड़ी, कोयला, प्लास्टिक सहित अन्य सामान को अपनी चपेट में ले लिया।

आसपास के लोगों ने दुकान से धुआं उठता देखा तो तुरंत दुकान मालिक और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। स्थानीय लोगों के अनुसार दुकान बंद करते समय अंगीठी पूरी तरह बुझाई नहीं गई थी। धीरे-धीरे सुलगी चिंगारी ने नजदीक रखे सामान को पकड़ लिया और आग तेजी से भड़क गई। लोगों ने पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की, मगर लपटें इतनी तेज थीं कि स्थानीय स्तर पर काबू पाना मुश्किल हो गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड कुछ ही मिनटों में मौके पर पहुंची। टीम ने लगभग पंद्रह मिनट की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया। समय पर आग बुझने से पास की अन्य दुकानों को बड़े नुकसान से बचा लिया गया।

दुकान मालिक के मुताबिक आग में काउंटर, खाद्य सामग्री, बर्तन, लकड़ी-कोयला और अन्य सामान पूरी तरह जल गया है।


करीब 50 हजार रुपये के नुकसान का अनुमान है। घटना के बाद वह बेहद व्यथित दिखे। स्थानीय व्यापारियों ने भी चिंता जताते हुए दुकानदारों से अपील की है कि अंगीठी या कोयला इस्तेमाल करने वाली दुकानों को पूरी तरह सुरक्षित कर ही बंद किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके।

## घर में लगी आग, गृहस्थी जलकर खाक

सीतापुर। पिसावा क्षेत्र के करमलकुईयां गांव में बृहस्पतिवार दोपहर एक घर में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। अज्ञात कारणों से लगी इस आग में परिवार की पूरी गृहस्थी जलकर खाक हो गई। यह आग स्वर्गीय मुनेश्वर की पत्नी शिवपती के घर में लगी। परिवारजनों के अनुसार कमरे में रखे बक्से में रखे तीन हजार रुपये नकद, दो कंबल, एक लड़की की साड़ी, तथा कई जरूरी खाद्य सामग्री और घरेलू सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया।

घटना करीब दोपहर 3 बजे हुई, उस समय घर में कोई मौजूद नहीं था। अचानक कमरे से उठता धुआं देखकर पड़ोसियों ने शोर मचाया। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर जमा हुए और किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक सारा सामान राख हो चुका था। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित परिवार को तत्काल मदद उपलब्ध कराने की मांग की है।

## फर्जी बम धमाका कॉल से हड़कंप, बार-बार झूठी सूचना देने वाला अमानतुल्लाह गिरफ्तार



सीतापुर। रेलवे स्टेशन पर बम धमाका होने की फर्जी सूचना देकर सुरक्षा एजेंसियों को चकरा देने वाला अमानतुल्लाह आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। बुधवार को 112 नंबर पर की गई उसकी झूठी कॉल से पुलिस, जीआरपी और खुफिया इकाइयों में तत्काल अलर्ट जारी हो गया। कुछ ही मिनटों में स्टेशन पर भारी फोर्स पहुंची और हर कोने की तलाशी शुरू हुई, लेकिन मामला महज एक बेबुनियाद अफवाह निकला। शहर कोतवाली क्षेत्र के मिरदही टोला निवासी अमानतुल्लाह की करतूतों की पोल तब खुली जब जांच में सामने आया कि उसने पूरी योजना के साथ झूठी सूचना दी थी। इसके बाद पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया और जीआरपी ने रेलवे एक्ट की गंभीर धाराओं में कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि अमानतुल्लाह पहले भी कई बार पुलिस और प्रशासन को फर्जी सूचना देकर परेशान कर चुका है। उसकी हरकतें आपातकालीन सेवाओं के दुरुपयोग की साफ तस्वीर पेश करती हैं। एसपी सीतापुर अकुर अग्रवाल ने स्पष्ट चेतावनी दी हैकृआपातकालीन नंबरों से खिलवाड़ किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। झूठी सूचना देकर अफरा-तफरी फैलाने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

# एआई और रोजगार

प्रौद्योगिकी के जानकार बार-बार यह कहते हैं कि एआई से रोजगार नहीं जायेगा। रोजगार के नये मौके बनेंगे और आर्थिक प्रगति तेज होगी। लेकिन जिस तरह से स्टार्टअप और एप्प आधारित गिग जॉब में रोजगार की असुरक्षा, कर्मियों का शोषण और अस्थिर रोजगार का माहौल पैदा हुआ है। आईटी सेक्टर में जॉब को लेकर संकट बढ़ रहा है। भर्तियों से अधिक छंटनी हो रही है, उससे साफ है कि रोजगार परिदृश्य पर एआई का नकारात्मक असर पड़ा है। देश की श्रम शक्ति बदलाव के दौर से गुजर रही है। भारतीय उद्योग परिसंघ, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद और भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा तैयार हालिया भारत कौशल रिपोर्ट 2026 (काम का भविष्य- गिग श्रम शक्ति, फ्रीलांसिंग, एआई समर्थित श्रम शक्ति, दूर से किए जाने वाले काम और उद्यमिता) इस बदलाव को विस्तार से दर्ज करती है। रोजगार-योग्यता पिछले वर्ष के 54.81 फीसदी से बढ़कर 56.35 फीसदी हो जाने के साथ, रिपोर्ट नौकरी के लिए तैयार होने और कौशल अपनाने में निरंतर सुधार की ओर संकेत करती है। रिपोर्ट के निष्कर्ष इस बात की पुष्टि करते हैं कि वैश्विक प्रतिभा केंद्र के रूप में भारत का कद बढ़ रहा है। वैश्विक स्तर पर आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में काम कर रही श्रम शक्ति का करीब 16 फीसदी भारत से है। इस क्षेत्र में करीब 6 लाख लोग काम कर रहे हैं और 2027 तक यह आंकड़ा दोगुना बढ़ने का अनुमान है। डिजिटल और फ्रीलांस अर्थव्यवस्था का भी तेजी से विस्तार हो रहा है और वर्ष 2030 तक गिग कर्मियों की संख्या बढ़कर 2.35 करोड़ हो जाने का अनुमान है। एआई समर्थित भर्ती, हाइब्रिड कार्य मॉडल और मानव संसाधन प्रणाली आदि तमाम क्षेत्रों में नियुक्तियों को नये ढंग से परिभाषित कर रहे हैं। अब हर10 में से करीब 9 कर्मचारी किसी न किसी तरह जेनेरेटिव एआई टूल्स पर निर्भर हैं। भारत में इसे अपनाने की दर अधिकांश विकसित देशों से कहीं तेज है और यही कारण है देश में टेक-सेक्टर में कुछ नौकरियां जरूर बन रही हैं लेकिन बड़ी संख्या में लेआफ भी हो रहा है। नयी कार्य व्यवस्था अहम कमियों को भी उजागर करती है। गिग और प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था को उसके लचीलेपन के लिए पसंद किया जाता है और यह अभी भी औपचारिक श्रम संरक्षण के दायरे से बाहर है। लाखों आपूर्ति कर्मी, फ्रीलांसर और प्लेटफॉर्म आधारित पेशों में बीमा का अभाव है, भविष्य निधि की व्यवस्था नहीं है या फिर दिक्कतें दूर करने की कोई व्यवस्था नहीं है। जब तक नियामकीय ढांचा विकसित नहीं होता है, लचीलापन असुरक्षा के रूप में नजर आ सकता है। रिपोर्ट में छोटे लाभ और निष्पक्ष कार्य प्रोटोकॉल की मांग, जिसमें कौशल-सत्यापित प्रमाणपत्र और डेटा संरक्षण मानदंड शामिल हैं, नीतिगत शून्य को रेखांकित करती है। कौशल के क्षेत्र में बढ़ती खाई भी एक बड़ी समस्या है। एआई विभिन्न उद्योगों में उत्पादकता को बदल रहा है, लेकिन केवल सीमित संख्या में कंपनियां बड़े पैमाने पर एआई प्रशिक्षण प्रदान करती हैं, जिससे डिजिटल साक्षरता का असमान परिदृश्य बन रहा है। बड़ी कंपनियां स्वचालन और विश्लेषण को अपना रही हैं, जबकि छोटे और मध्यम उद्यम इन्हें अपनाने के लिए जूझ रहे हैं। जैसे भारत की 1990 और 2000 के दशक की सेवा-आधारित वृद्धि ने समृद्धि के ऐसे क्षेत्र बनाये जिनसे बड़ी संख्या में कम-कुशल और असंगठित कामगार बाहर रह गए थे, वैसे ही एआई-आधारित वृद्धि उस समस्याग्रस्त प्रवृत्ति को दोहराने का जोखिम रखती है। ऑटोमेशन की नई लहर असमानताओं की खाई को और चौड़ा कर सकती है, जैसा कि एक बार सेवाओं के उभार ने किया था। इसलिए सरकार को सतर्क हो जाना चाहिए और नयी तकनीकों, एआई आदि में प्रशिक्षण के साथ ही रोजगार की सुरक्षा और न्यूनतम आमदनी सुनिश्चित कर तकनीकी विकास के इस दौर में कार्मिकों का हित सुनिश्चित करना चाहिए।




**एआई के इस दौर में जहां कुछ नयी नौकरियां पैदा रही हैं वहीं बड़ी संख्या में छंटनी जैसी स्थिति भी बन रही है।**

## विचार

चापलूस इसलिए आपकी चापलूसी करता है क्योंकि वह आपको अयोग्य समझता है। लेकिन आप उसके मुंह से अपनी प्रशंसा सुनकर फूले नहीं समाते।

–टॉलस्टॉय.

किसी भी प्रकार की गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे संबंध विच्छेद करा देती है।

–फ्रैंक कासले.

गरीब वह नहीं जिसके पास धन कम है, बल्कि धनवान होते हुए भी जिसकी इच्छा कम नहीं हुई, वह सबसे गरीब है।

–विनोबा भावे.

इस जगत में कोई संबंध नित्य नहीं है, अपनी देह का भी नहीं। तब स्त्री-पुरुष का साथ सदा नहीं रहेगा, यह क्या कहने की आवश्यकता है?

–महर्षि वेदव्यास.

# नीतीश ने बनाया मुख्यमंत्री बनने का रिकॉर्ड



मनोहर मनोज

**नीतीश 10 वीं बार सीएम बने हैं। इसी के साथ ही उन्होंने संख्या के हिसाब से देश में किसी भी प्रांत के सबसे ज्यादा बार मुख्यमंत्री बनने का रिकॉर्ड भी बना दिया, लेकिन ज्यादा समय तक, दिनों के हिसाब से मुख्यमंत्री रहने का रिकॉर्ड सिक्किम के मुख्यमंत्री रहे पवन कुमार चामलिंग का है। वह 24 साल 165 दिनों तक मुख्यमंत्री रहे हैं।**

हम फार्मूला फिल्मों का नाम सुनते हैं, जिनमें मारधाड़, संगीत-रोमांस, डायलॉग-लोकेशन, गाने-नृत्य दर्शको के लिए परोसा जाता है। ठीक ऐसे ही भारत के लोकतंत्र में भी फार्मूर्ला राजनीति की जाती है यानी धन की सत्ता, बाहुबलियों का बोलबाला, आइडेंटिटी यानी पहचान के अनेकानेक कारक (जाति, धर्म, क्षेत्र, भाषा का भावनात्मक इस्तेमाल), रेवड़ी (कर्जमाफी, मुफ्त अनाज बिजली पानी बस यात्रा प्रदान करना), लोकलुभावन वादे और देशभक्ति के नजारे तथा भड़काऊ, उकसाऊ, चटकाऊ भाषण इन सभी को अपने अपने तरीके से पेश कर पार्टी और चुनावी उम्मीदवार मतदाताओं को लुभाते हैं। कहा जाता है की 'एवरीथिंग इज फेयर इन लव एंड वार' तो अब इस उक्ति में इलेक्टोरल पॉलिटिक्स यानी चुनावी राजनीति को भी जोड़ लिया जाना चाहिए। चूंकि पोलिटिकल मिस-एडवेंचरिज्म यानी राजनीतिक दुस्साहस में लोग जातीय धार्मिक भाषाई और क्षेत्रीय उन्माद लेकर आते हैं और इस आधार पर पार्टियां मतदाताओं के बीच एक विभाजन रेखा खींचकर अपने वर्ग मित्र और वर्ग शत्रु बनाया करती हैं। लेकिन वर्तमान में भारत की चुनावी राजनीति का फामूर्ला लगता है, अब एक नए संक्रमणकाल से गुजर रहा है। भारतीय लोकतंत्र की चुनावी यात्रा के अब तक के सफर में अब पुराने प्रचलनों के बदले अब नए प्रचलन स्थापित हो रहे हैं।

पहले पिछड़ी दलित अगड़ी और अल्पसंख्यक मुस्लिम के आधार पर पार्टियां मतदाताओं का जो वृहद् और जाति विशेष के आधार पर सूक्ष्म समीकरण तैयार करती थीं, अब वह वर्गीकरण दरकना शुरू हो चुका है। अब मुख्य रूप से तीन राजनीतिक वर्ग रेखांकित हो रहे हैं, ये हैं किसान, युवा और महिला। इसमें सबसे प्रमुख राजनीतिक वर्ग महिला का बना है। किसान और युवा पहले भी राजनीतिक दलों का इमोशनल डोमेन हुआ करता था पर अब महिला मतदाता का जेंडर समूह एक बड़ा पोलिटिकल डोमेन बनकर उभरा है क्योंकि संख्या के हिसाब से यह आधी आबादी है। इसी आधी आबादी के आर्थिक भावनात्मक हितो की दुहाई अब भारतीय लोकतान्त्रिक चुनाव का सबसे बड़ा हॉटकेक बना है। यह समूह अपने परिवार के मत से अब विलग होकर स्वतंत्र मत रख रहा है। ये बात अभी अभी संपन्न हुए बिहार विधानसभा चुनाव में ही नहीं बल्कि विगत में हुए हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखण्ड, दिल्ली के विधानसभा चुनाव में खुलकर जाहिर हुई है। इस नए जेंडर पहचान की राजनीती पर मुलम्मा चढ़ा है खजाने का। यानी मुफ्त की रेवड़ी का प्रचलन पहले तो किसानो की कर्ज माफी, बिजली माफी के रूप में दिखता था। इसी तरह सस्ता खाना, मुफ्त अनाज और पेय जल गरीब वर्ग के उपभोक्ताओं के लिए मुहैय्या किया जाता था। फिर मुफ्त आवासीय बिजली पानी और मुफ्त बस यात्रा जिसकी असली शुरूआत दिल्ली में आप पार्टी के जरिये यहाँ के मध्यवर्गीय और निम्न मध्यवर्गीय मतदाताओं को ध्यान में रखकर की गई थी। यह फिनामिना अब पैन इंडिया बनने की राह पर है। महिलाओं के लिए प्रावधानित माहवारी या एकमुश्त भत्ता दिये जाने की जो होड़ लगी है चाहे उन्हें आजीविका के साधन के नाम पर दिया जाए, चाहे युवा महिला वर्ग की पढाई और छात्रवृति के रूप में दिया जाए या फिर लड़की की शादी के लिए दिया जाए।



## दसवीं बार बने सीएम

गौरतलब है की महिलाओं के लिए धन स्थानान्तरण के इस राजनीतिक आईडिया को कई जगह योजना का रूप दिया गया जैसे मध्य प्रदेश में लाड़ली बहन योजना, कही धनलक्ष्मी योजना तो कही महिला आजीविका योजना के रूप में ये दृष्टिगोचर हुआ। इस क्रम में हरियाणा की सैनी सरकार, महाराष्ट्र की शिंदे सरकार और झारखण्ड की हेमंत सोरेन सरकार ने पिछले विधानसभा चुनाव के ऐन वक्त पहले महिलाओं के आर्थिक हितों को समुन्नत करने की इन घोषणाओं को योजनाओं में अंजाम दिया। इसका परिणाम ये हुआ की इन तीनों प्रदेशों में इन्कमबेंट यानी पदारूढ़ सरकारें पुनः विजयी हो गयीं। यही प्रयोग बिहार की पदारूढ़ सरकार ने भी प्रदेश की 75 लाख महिलाओं को दस हजार की एकमुश्त आजीविका कमाई की राशि के रूप में स्थानांतरित कर किया है।

कुल मिलाकर मुफ्त और रेवड़ी भारतीय लोकतंत्र की चुनावी राजनीती का अभी सबसे बड़ा फार्मूला बनकर उभरा है। बताया जाता है की बिहार सरकार को महिला आजीविका के एवज में कुल 40000 करोड़ की राशि स्थानांतरित करनी पड़ी है। इससे पूर्व रेवड़ी की राजनीति शुरू करने के एवज में कांग्रेस शासित कर्नाटक, हिमाचल और तेलंगाना की वित्तीय स्थिति प्रभावित हुई। इसी तरह महाराष्ट्र में भी महिलाओं को मासिक भत्ते की गारंटी दिए जाने से महाराष्ट्र सरकार के खजाने पर भारी बोझ पड़ा है। प्रश्न ये है इस बोझ से कैसे निपटा जायेगा। बताते चलें देश के कुछ ही राज्य ऐसे हैं जिनके घरेलू राजस्व कमाई की हिस्सेदारी उनके कुल बजट में दो तिहाई से ज्यादा है जिसमे तमिलनाडु, गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिशा और छत्तीसगढ़ जैसे राज्य शामिल हैं पर बिहार जैसे राज्य में जो शराबन्दी की वजह से पहले से ही करीब 5 से 10 हजार करोड़ सालाना राजस्व का नुकसान उठा रहा है और उसकी अभी अपनी राजस्व आमदनी उसके कुल बजट का सिर्फ 40 फीसदी है। जाहिर है उसे मुफ्त खोरी की मार ज्यादा झेलनी पड़ेगी बशर्ते डबल इंजिन की सरकार से उसे अतिरिक्त वित्तीय ताकत प्राप्त हो। वास्तव में देखें तो राज्यों की आमदनी और खर्चे के संतुलन का प्रश्न सेकेंडरी है। मूल प्रश्न है की भारत के इस बहुदलीय प्रतियोगी लोकतंत्र में राजनीति और विशेषकर चुनावी राजनीति का व्यापक पैमाना क्या हो और उसे भली भांति स्थायी तौर पर कैसे निर्धारित किया जाये? और इसी आधार पर तीनों टायर की सरकारों की आमदनी के स्त्रोत और उनके खर्चे के मदों के दिशा निर्देश निर्धारित किये जाएँ।

सैद्धांतिक रूप से जिस तरह से भारत में अलग अलग चुनावों के लिए प्रचार खर्च की सीमा इसलिए तय की गयी जिससे की चुनाव में धनसत्ता का असर नियंत्रित हो, सजायाफ्ता उम्मीदवारों की उम्मीदवारी प्रतिबंधित की गई जिससे चुनाव में बाहुबल सत्ता का असर खत्म हो। इसी तरह जातीय रैली, सांप्रदायिक रैली और अन्य पहचान कारकों को प्रतिबंधित करने हेतु देश के न्यायालयों के भी कई बार फैसले आये। इसी तरह भड़काऊ और सामुदायिक अपील वाले भाषणों की रोकथाम के लिए जन प्रतिनिधित्व कानून 1952 अमल में है। इसी तरह चुनाव में लोकलुभावनवाद और रेवड़ी संस्कृति पर भी दो वर्ष पूर्व सुप्रीम कोर्ट, चुनाव आयोग और स्वयं प्रधानमंत्री की तरफ से राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों की एक लक्ष्मण रेखा तय किये जाने की पुरजोर वकालत की गई। प्रतियोगी चुनावी व्यवस्था में कोई भी दल इस पर अभी तक उसी तरह से हामी नहीं भर पाए जैसे वन नेशन और वन इलेक्शन पर वे नहीं भर पाए। यदि बिहार की बात करें तो सत्तारूढ़ दल ने अपनी घोषणा पर 40 हजार करोड़ खर्चे तो दूसरी तरफ महागठबंधन ने तो प्रदेश में हर घर में एक सरकारी नौकरी देने की असंभव सरीखी घोषणा कर दी थी। यानी इस प्रतियोगी चुनावी राजनीती में घोषणाओं का दुस्साहस वह भी मुफ्त के रेवड़ी के जरिये अपनी पराकाष्ठा पर जा चुका है। ठीक है की एक लोककल्याणकारी शासन का सिद्धांत ये कहता है की ज्यादा आमदनी और संपत्ति वालों से करों के रूप में राशि वसूलकर वंचित समूह को स्थानांतरित किया जाये। इस महान सिद्धांत पर एक सुव्यवस्थित और सुविचारित रास्ता तो संविधान, विधान, सरकार और सिस्टम की तरफ से जरूर निर्धारित किया जाना चाहिए जिससे कोई राजनीतिक अराजकता की स्थिति नहीं पनपे।

## सोशल मीडिया

श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहीदी शताब्दी के पावन मौके पर मैं केजरीवाल विश्व भर के सभी श्रद्धालुओं को श्री आनंदपुर साहिब आने का विनम्र निमंत्रण देता हूं। अरविन्द केजरीवाल.



स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन। उनका शौर्य, पराक्रम और बलिदान हर भारत वासी के लिए प्रेरणा स्रोत है। राहुल गांधी.



माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी ने विरासत, विकास और गरीब कल्याण की नयी परंपरा आगे बढ़ाकर वर्तमान पीढ़ी को नयी प्रेरणा और विकसित भारत का विजन दिया। सीएम योगी.



# ईश्वर बहुत दयालु है

## अंतर्दृष्टि

साधारण लोग कठिनाइयों को दुर्भाग्य की बात समझते हैं। जिन लोगों ने किसी सम्पन्न परिवर में जन्म लिया है वे तो हर तरह की असुविधा से ही बहुत घबराते हैं और यही अभिलाषा किया करते हैं कि उनकी समस्त आवश्यकताएं बिना किसी दिक्कत के यथा समय पूर्ण होती रहें। अन्य लोग भी ऐसे व्यक्तियों को बड़ा भाग्यवान समझते हैं पर वास्तव में बात ऐसी नहीं है। जिन लोगों ने कभी जीवन की कठोरता के दर्शन नहीं किये हैं, वे अनेक दृष्टियों से कच्चे रह जाते हैं। वहां दुखों और कठिनाइयों की रचना कर दी है। इनका अनुभव हुए बिना मनुष्य अपूर्ण रह जाता है और उसका उचित विकस नहीं हो पाता।

भागवान को दया सिन्धु एवं करुणा का सागर कहा जाता है। उनके वाल्सल्य दान और उपकार का कोई अंत नहीं पर इतना महत्व होता तो उस महान प्रभु का अपने बालकों पर कितना स्नेह होगा इसकी कल्पना करना भी सजह नहीं है। चित्रकार अपनी मूर्ति को, किसान अपने खेत को, गड़रिया अपनी भेड़ों को अच्छी उन्नत, विकसित स्थिति में रखना चाहता है। उन्हें अच्छी स्थिति में देखकर प्रसन्न होता है, फिर परमात्मा अपनी सर्वश्रेष्ठ रचना मनुष्य को अच्छी स्थिति में न रखना चाहे, ऐसा नहीं हो सकता। निश्चय ही प्रभु का यह प्रयत्न निरन्तर रहता है कि हम सब सुखी एवं सुविकसित हों। उनकी दया और करुणा निरन्तर हमारे ऊपर बरसती रहती है। इतना होते हुए भी देखा जाता है कि कितने ही मनुष्य अत्यंत दुखी हैं। उन्हें अनेक प्रकार के कष्ट अभाव सता रहे हैं, भय, पीड़ा, वियोग, त्रास अन्याय एवं अभाव से संत्रस्त हुए कितने ही व्यक्ति बुरी तरह दुख के सागर में गोते लगा रहे हैं। किसी-किसी पर ऐसी आकस्मिक विपत्ति आती है कि देखने वालों का हृदय दहल जाता है। ऐसे अवसरों पर ईश्वर की दयालुता पर संदेह होने लगता है, कई बार तो कष्टों को दैवी कोप, ईश्वरीय निष्ठुरता मान लिया जाता है परन्तु वस्तुस्थिति ऐसी नहीं है। प्रभु एक क्षण भर के लिए भी करुणा रहित नहीं हो सकते। उनकी अनन्त दया का निर्झर एक क्षण के लिए भी नहीं रुक सकता। जिसे हम विपत्ति समझते हैं, वह भी एक प्रकार से उनकी दया ही होती है। माता का अपने बच्चे पर असाधारण प्यार होता है, वह उसे सुखी बनाने के लिए अपनी तरफ से सारे प्रयत्न करती है तो भी उसके कई कार्य ऐसे हैं जो बालक को अप्रिय होते हैं। बालक किसी स्वादिष्ट भोजन को बहुत अधिक खाना चाहता है, माता जानती है अधिक खाने से बीमार हो जायेगा इसलिए वह बच्चे के रूठने, रोने हाथ-पांव पीटने की परवाह नहीं करती।

# देश दुनिया में मोहल्ले का नाम

## व्यंग्यलोक

उत्तम नगर मोहल्ला विकास संसद सदस्यों ने जिला कलेक्टर को विज्ञापन प्रस्तुत कर मोहल्ले में चली आ रही विभिन्न समस्याओं की ओर आक्रोश प्रकट किया। संसद के शिष्टमंडल ने कहा कि मोहल्ले में पिछले 6 माह से लगातार चोरियां नहीं होने से मोहल्ले की पूरे शहर, जिले एवं राज्य में भारी बदनामी हुई है। इधर चोरों के नहीं आने से समाज और जिले में ये संदेश गया है कि उत्तम नगर मोहल्ला वासी भिखमंगे, गरीब व भुक्कड़ टाइप के जंतु हैं। कलेक्टर साहब से अनुरोध है कि वे शीघ्र ही चोरों की व्यवस्था कराएं ताकि चोर आएं और नियम पूर्वक नियमित रूप से चोरी करें। जिससे मोहल्ले का देश-दुनिया में नाम हो। चोरों के नहीं आने से मोहल्ले के बच्चों के सगाई-संबंध भी नहीं हो रहे हैं। इससे मोहल्ले का सामाजिक ढांचा भरभरा कर गिर गया है। साथ ही शिष्टमंडल ने मोहल्ले की चिकनी-चुपड़ी और सीधी-सपाट सड़कों के बारे में भी शिकायत की है। चिकनी-चुपड़ी सड़कों से मोहल्ले के लोगों को बहुत भारी परेशानी होने लगी है। मांग की कि सड़कों में शीघ्र ही जगह-जगह गहरे-गहरे गड्ढे बनवाए जाएं। अगर सड़क में गड्ढे होंगे तो चोर इन गड्ढों में छुपकर अपने कर्म को बेहतर ढंग से संपादित कर पाएंगे। साथ ही शिकायत की कि मोहल्ले में खंभों पर चकाचक सोडियम लाइटें भी लगी हुई हैं।

इससे मोहल्ले में रात्रि में भी दिन का आभास होता है। इस वजह से चोर भाई भी अपने चोर्य कर्म को संपादित नहीं कर पा रहे हैं। इन चकाचक लाइटों की वजह से मोहल्ले के युवाओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। पहले बहुत अच्छा होता था जब मोहल्ले में घनघोर अंधेरा हुआ करता। सड़कों पर बेहतरीन गड्ढे हुआ करते। इस घनघोर अंधेरों में मोहल्ले के युवा, अधेड़ एवं बुजुर्ग वर्ग अपने प्रेम प्रदर्शन का अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम यहीं संपन्न किया करते। मौके-बेमौके सड़कों में बने गड्ढों में छुप कर प्रेम प्रबंधन कार्य को और आगे बढ़ाते। इन सुविधाओं के अभाव में बेचारों को अब डिजिटली प्रेम करना पड़ रहा है। इन्हीं गड्ढों में छुप कर चोर महाशय अपना कार्यक्रम भी संपादित करते। बरसात के दिनों में गड्ढों में मोहल्ले वासी अपनी नावें भी चलाया करते। सरकार ने बदबूदार बजबजाती नालियों की सुविधा भी हमसे छीन ली है। चोरों संग कुत्ते और शराबी भाई इन नालियों के सहारे पूरी रात काट लिया करते थे। सरकार ने ये सारी सुविधाएं छीन ली है। उत्तम नगर के साथ सौतेला व्यवहार करने पर नागरिकों ने आज ही सारी व्यवस्थाएं करने के लिए कलेक्ट्रेट के बाहर धरना शुरू कर दिया। मौके पर कलेक्टर साहब ने जिले के पुलिस अधिकारियों को बुलाकर उत्तम चोरों की व्यवस्था करने का भरोसा दिया। साथ ही नरक निगम के अधिकारियों को बुलाकर सड़कों में गड्ढे करवाने का निर्देश दिया। **– रामविलास जॉगिड़.**

# प्रौद्योगिकी के युग में और जटिल होते जा रहे युद्ध



## सामयिक

**संजय श्रीवास्तव**

युद्धक ड्रोन जिस तरह जंग के मैदान में जलवे दिखा रहे हैं उससे सैन्य संघर्ष की सूरत और सीरत बदल गई है। जासूसी, निगरानी तलाशी और हमला सभी कामों में कारगर ये छोटे, सस्ते और तमाम खूबियों से भरे ड्रोन जिस तरह कामयाब हैं, लगता है कि भविष्य के युद्ध ड्रोन से ही लड़े जाएंगे। रूस और यूक्रेन तथा इस्राइल और हमास का संघर्ष इसकी गवाही दे रहा है। युद्ध के आसमान पर अब बिजली की फुर्ती वाले बमवर्षक फाइटर जेट अथवा भारी भरकम तथा लंबी दूरी तक सटीक मार करने वाले प्रक्षेपास्त्रों का राज नहीं रहा, जमाना खामोशी के साथ भीषण नुकसान पहुंचा सकने वाले ड्रोन का है। टोह लेने और हमले करने में इसकी कामयाबी और कमाल के चर्चे चहुंओर हैं।

भविष्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता से लैस ड्रोन जब कहर ढाने लगेंगे तब तरह-तरह के ड्रोन के नाम और इनकी खूबियां आम लोगों की जुबान पर होंगी। कुछ महीने पहले चीन की शह पर मालदीव ने भारत पर दबाव बनाने की कोशिश में 'इंडिया आउट' अभियान के अलावा ड्रोन को भी जरिया बनाया। उसने जबसे तुर्की के राष्ट्रवपति एर्दोगान के दामाद की कंपनी बायकर के साथ 3 करोड़ 70 लाख डॉलर के तुर्की निर्मित ऐसे किलर ड्रोन खरीदने का समझौता किया, जो आर्मीनिया से लेकर रूस युक्रेन युद्ध तक में तबाही मचा चुका है। निहितार्थ यह कि आज ड्रोन ऐसा हथियार है जिसके दम पर दिल्ली के सामने पौव्वे जितने आकार वाला कोई देश अपने से सैकडों गुना बड़े और ताकतवर देश को धमकाने का सपना देख सकता है। यह दुस्साहसी स्वप्न यूं ही नहीं आ रहे हैं, ड्रोन के हालिया जंगी जलवे देखकर उनके जेहन में इस सोच ने जगह बना ली है कि बिन मानव के उड़ती मशीनें उनके ये मनोरथ पूरे कर सकती है। उन्होंने देख रखा है कि 2020 में अजरबैजान ने ड्रोन अटैक से आर्मेनिया को कैसे घुटनों पर ला दिया था। उसी साल तीन जनवरी को ईरान की ग्लोबल मिलिट्री ऑपरेशन के बेहद जीनियस, सर्वोच्च कमांडर जनरल कासिम सुलेमानी जो दो बार जानलेवा हमले के बाद जिंदा बचे हुये थे, मारे गए क्योंकि बगदाद एयरपोर्ट पर हमलावर कोई व्यक्ति नहीं एक इस्राइली ड्रोन था, जिसके जरिये पहली बार किसी ऐसे काबिल सैन्य कमांडर को बिना जंग मारा जा सका था। यह ड्रोन के बिना नामुमकिन था। ईरान को इस ड्रोनी हमले का बदला लेने का मौका तीन महीने बाद 300 से ज्यादा ड्रोंस ने ही दिया। इसके बाद 50 लेबनानी ड्रोन इस्राइल की सीमा में घुस गये और इस्राइअली सुरक्षा तंत्र को भनक भी नहीं लगी, हवाई हमलों से रक्षा करने वाली, जिस पर इस्राइल को नाज है, उसकी विश्वविख्यात आयरन डोम तकनीक ड्रोन के मामले में बेकार साबित हुई। हिजबुल्लाह ने गजा युद्ध की शुरूआत से अब तक करीब 1500 ड्रोन ऑपरेशन्स, हमले और टोह के लिये किए हैं, इनमें से बड़ी संख्या ऐसे ड्रोन की है जिनको इस्राइल का एयर डिफेंस पकड़ नहीं पाया।

ड्रोन के चलते ही पहली बार इजराइल की हवाई सुरक्षा को इतने बड़े पैमाने पर नाकामी झेलनी पड़ी। सबको याद है, बड़े पैमाने पर ड्रोन का इस्तेमाल पहली बार अमेरिका ने 9/11 के हमले बाद अफगानिस्तान में किया ताकि सीधे लक्ष्य को पहचानकर हमला हो और बे-कुसूर आम लोग उसकी जद में न आयें। ओसामा बिन लादेन और अल कायदा के अन्य आतंकवादियों की तलाश की सर्जिकल स्ट्राइक में उसने बड़े पैमाने पर ड्रोन का सफल उपयोग किया। रूस जैसे देश से अगर युक्रेन इतने समय तक भिड़ा और उस पर चढा हुआ है तो ड्रोन इसकी एक वजह है। युद्ध के विशेषज्ञ जिस लड़ाई को सात दिन में समाप्त मान रहे थे वह अगर तीसरे साल तक खिंच जाता है तो इसका बहुत बड़ा कारण ड्रोन ही है, ड्रोन युक्रेनी सेना की आंख बना हुआ है। वह दुश्मन की हर गतिविधि का सटीक सुराग देता है और फिर हमला भी करता है, इस बड़ी जंग में छोटे से हथियार ड्रोन ने रूस के हौसले को पस्त कर दिये हैं। एक जमाने में अपने और दूसरे देशों के मशहूर फाइटर जेट विमानों का नाम लोगों के दिमाग में चढ़े रहते थे, फिर उनकी जगह मिसाइलों ने ले ली। अब ड्रोन का दौर है। सभी देश अपने सुरक्षातंत्र को मजबूत, निगरानी को सटीक और हमले को अचूक बनाने के लिए तरह-तरह के ड्रोन का इस्तेनमाल कर रहे हैं। चिली, कनाडा, अजरबैजान, मैक्सिको, कोलंबिया, फिलीपींस स्विटजरलैंड के पास उत्तम किस्म के युद्धक यान और मारक मिसायलें हो न हों पर कई घातक फाइटर ड्रोन जरूर मौजूद हैं।

## आपकी बात

### सौर ऊर्जा का विकास

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। दरअसल सौर ऊर्जा से पर्यावरण को किसी तरह का नुकसान नहीं है और यह सस्ता भी है और भारत को सूर्य की रोशनी पर्याप्त रूप से शुलभ भी है। इसलिए भारत सरकार को सौर ऊर्जा पर फोकस करना चाहिए। सौर ऊर्जा कभी खत्म नहीं होगी और इससे किसी तरह का प्रदूषण भी नहीं होता है। सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिलने से ग्लोबल वार्मिक का संकट भी खत्म होगा और रोजगार के मौके भी बनेंगे।

**आदर्श कुमार वर्मा, लखनऊ.**

### आर्थिक प्रगति की तस्वीर

तकनीकी प्रधान इस युग में स्टॉर्टअप कंपनियों ने लोगों के जीवन को आसान बनाने में महती भूमिका निभाई है। आज ये आम जनजीवन के लिए इतनी जरूरी हैं कि इनके विकास जीवन कठिन हो जायेगा। इसलिए सरकार को स्टाॅर्टअप कंपिनयों की मदद करनी चाहिए ताकि वे डूबने न पायें। अगर स्टॉर्टअप फेल होते हैं, तो इससे लोगों का भरोसा कमजोर होगा और देश तेजी से आगे बढ़ रहे स्टॉर्टअप के सामने चुनौतियों बढ़ेंगी। स्टॉर्टअप के महत्व और भारत की आर्थिक प्रगति में इनकी भूमिका को देखते हुए सरकार ने स्टॉर्टअप नीति लागू की है। आईआईटी और अन्य तकनीकी संस्थानों में स्टॉर्टअप को मदद के लिए, प्रौद्योगिकी एवं वित्तीय सहायता के लिए योजनाएं शुरू की गयी हैं। इसका परिणाम आज देश को एक बेहतर स्टॉर्टअप इको-सिस्टम के रूप में मिल रहा है। प्रौद्योगिकी के सहारे आइडिया के बाजीगरों ने तमाम स्टॉर्टअप खड़े किये। इनसे करोड़ों को लोगों को रोजगार मिला है और भारत की आर्थिक प्रगति की कहानी लिखने में आज स्टॉर्टअप सबसे आगे हैं। लेकिन हाल के वर्षों में स्टॉर्टअप को लेकर अनेक चिंताएं भी पैदा हुई हैं। अचानक स्टॉर्टअप के लुप्त हो जाने, लंबे समय तक घाटे में रहने और आक्रामक विस्तार के लिए अत्यधिक कर्ज लेने के कारण कई बार स्टॉर्टअप मुसीबत में आये हैं। यह भी कि स्टॉर्टअप जब शुरू होते हैं, तो सरकार उनको कई तरह के नियमों-कानूनों एवं रेग्युलेटरी कंप्लायंस में राहत देती है ताकि ये अपनी ऊर्जा का उपयोग प्रगति के लिए कर सकें। लेकिन जब स्टॉर्टअप बड़े हो जाते हैं, बिलियन डॉलर जितनी बड़ी कंपनी बन जाते हैं तब भी अगर वे नियमों-कानूनों को मानने में कोताही करते हैं, तो यह ठीक नहीं है। आधुनिक युग युवाओं का है और जिस तरह युवा नये-नये प्रयोग करके बड़े-बड़े व्यापार खड़े कर रहे हैं और उसमें रोजगार के मौके बन रहे हैं वह सराहनीय है। इसलिए सरकार को एक व्यापक स्टार्टअप पालिसी लाना चाहिए और सभी युवाओं को स्टार्टअप के लिए प्रेरित करना चाहिए। क्योंकि जितनी कंपनियां खड़ी होगी देश की अर्थव्यवस्था को उतना ही फायदा होगा।

**राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी, लखनऊ.**

संक्षेप

## सुंदर दिखने के बताये गुर

**अमेठी।** जिला मुख्यालय पर स्थित जी.जी. आई सी गौरीगंज में गुरूवार को राजकीय बालिका इण्टर कालेज अमेठी मे व्यवसायिक शिक्षा के तहत ब्युटी से संबंधित व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमे विद्यालय की अध्यापिका शिखा तिवारी ने बाहर से बुलाये ब्यूटी ट्रेनर अदिति सिंह द्वारा ब्यूटी से सम्बन्धित हेयर स्टेटनिंग के बारे में बताया गया और भी ब्यूटी पार्लर से संबंधित महत्त्वपूर्ण जानकारियां और प्रैक्टिल के जरिये महत्त्वपूर्ण जानकारी बतायी और सिखायी गयी। जिसमे मुख्य रूप से उपस्थित राजकीय बालिका इण्टर कालेज गौरीगंज की प्रधानाचार्या डॉ. संगीता शर्मा व अन्य शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहे। इस व्याख्यान से समस्त स्टाफ के तहत बच्चों में हर्ष देखा गया। बच्चे बहुत ही खुश एवं प्रसन्न है।

## घंटों तक जाम में फंस रहे स्कूली बच्चे

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर।** बरौंसा-बेलहरी संपर्क मार्ग के चैड़ीकरण का कार्य इन दिनों बाजारवासियों और राहगीरों के लिए सिरदर्द बन गया है। सड़क के दोनों किनारों पर खुदाई के बाद डाली गई गिट्टी और कई स्थानों पर एकत्रित गिट्टी के ढेरों के कारण मार्ग संकुचित हो गया है। परिणामस्वरूप प्रतिदिन सुबह शाम घंटों तक जाम की स्थिति बनी रहती है, जिसका सबसे अधिक असर स्कूली बच्चों पर पड़ रहा है। गुरुवार को भी लगभग 03:30 बजे बाजार में जाम के कारण स्कूली बच्चे, अभिभावक और राहगीर लंबे समय तक फंसे रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि चैड़ीकरण कार्य में बरती जा रही लापरवाही और समय पर गिट्टी न फैलाए जाने से स्थिति बिगड़ती जा रही है। व्यापारी अंकित वर्मा ने बताया कि सड़क किनारे बिना व्यवस्था के खड़े ई-रिक्शा और टेम्पो भी जाम का बड़ा कारण हैं। व्यापारी अरविंद का कहना है कि जगह-जगह लगाए गए गिट्टी के ढेर हटाए नहीं जा रहे हैं, जिससे सड़क पर अवरोध लगातार बना रहता है। वहीं व्यापारी राम शिरोमणि यादव ने भी यही मुद्दा उठाते हुए कहा कि गिट्टी समय पर न फैलाए जाने के कारण बाजार में अव्यवस्था बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने जिम्मेदार विभाग से मांग की है कि गिट्टी को तुरंत समतल कर सड़क मार्ग को सुचारू किया जाए, ताकि स्कूली बच्चों और बाजार आने-जाने वाले लोगों को राहत मिल सके।

## बीती रात व्यवसायी की हुई हत्या

**कादीपुर, सुलतानपुर।** कोतवाली क्षेत्र के कादीपुर खुर्द डेवाढ बाजार में बुधवार की रात एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहाँ अज्ञात हमलावरों ने किराना व्यवसायी राकेश कुमार (45) की हत्या कर दी। यह घटना उस समय हुई जब राकेश अपनी दुकान के बाहर सड़क किनारे लोहे की गुमटी के पास सो रहे थे। गुरुवार की सुबह आसपास के लोग रोज की तरह दुकान के सामने पहुँचे, तो उन्हें खून बिखरा दिखाई दिया। पास जाकर देखा तो राकेश कुमार खून से लथपथ मृत अवस्था में पड़े मिले, जिससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। राकेश के सिर पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं, जो लाठी-डंडे से हमला किए जाने की ओर इशारा करते हैं। घटना स्थल से थोड़ी दूरी पर चार बोरी गेहूं और चावल भी मिले, जिससे आशंका जताई जा रही है कि हत्यारे दुकान में चोरी के इरादे से आए थे और विरोध करने पर हत्या की गई। सूचना मिलते ही सीओ विनय गौतम और प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुँचे और जांच शुरू की।

# सरदार पटेल की जयंती पर भाजपा ने भव्य 'एकता पदयात्रा' निकाली



**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर बुधवार को कस्बे के जूनियर हाई स्कूल परिसर में भाजपा द्वारा भव्य एकता पदयात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल ने कहा कि भाजपा महान व्यक्तित्वों की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित कर नई पीढ़ी को उनके जीवन और आदर्शों से परिचित कराती है, जबकि विपक्ष सिर्फ चुनाव के समय जनता के बीच आता है।

धर्मपाल ने सरदार पटेल के अतुलनीय योगदान को याद करते हुए कहा कि जनता ने ही उन्हें लौह पुरुष और सरदार की उपाधि उनकी राष्ट्रभक्ति, निस्वार्थ जनसेवा और अद्वितीय नेतृत्व क्षमता के कारण दी। उन्होंने बताया कि पटेल बिना प्रचार, बिना हथियार और हमेशा राष्ट्रहित के लिए समर्पित रहते थे। किसानों, गरीबों और शोषितों के लिए काम करना ही उनका जीवन उद्देश्य रहा। काशी प्रांत के अध्यक्ष दिलीप पटेल ने कहा कि दुनिया में ऐसा कोई उदाहरण नहीं जहाँ किसी नेता ने अपने देश की 500 रियासतों का शांतिपूर्ण विलय कराया हो। यह उपलब्धि सिर्फ सरदार पटेल को ही प्राप्त है, जिन्होंने देश को एकता के सूत्र में बांधा। विधायक राजेश गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार पटेल के सपनों के अनुरूप एक मजबूत और अखंड भारत के निर्माण के लिए कार्य कर रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने भी पटेल को आधुनिक भारत का शिल्पी बताते हुए उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद जूनियर हाई स्कूल से पटेल चैक तक एकता पदयात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए।

## वांछित व परिजनों ने पुलिस टीम पर किया हमला, दो दरोगा व सिपाही घायल

**बल्दीराय, सुलतानपुर (वीओएल)।** हलियापुर थाना क्षेत्र के डोभियारा लाला का पुरवा गांव में गुरुवार की सुबह सनसनीखेज घटना सामने आई। अयोध्या के कुमारगंज थाने से पहुंचे दो उपनिरीक्षक और एक कांस्टेबल पर वारंटी तथा उसके परिजनों ने अचानक हमला बोल दिया। आरोप है कि जानलेवा हमले के प्रयास में वांछित आरोपी दशरथ सिंह को पकड़ने गई पुलिस टीम पर दशरथ और उसके परिजनों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिसमें उपनिरीक्षक अकील हुसैन, उपनिरीक्षक भानु प्रताप शाही और कांस्टेबल उमेश गौतम गंभीर रूप से घायल हो गए। हमलावरों ने उपनिरीक्षक अकील हुसैन का सर्विस रिवॉल्वर और मोबाइल फोन भी लूट लिया और मौके से फरार हो गए। सूचना पर पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। कुमारगंज, इनायतनगर, हलियापुर और बल्दीराय थाने की फोर्स गांव में दबिश देती रही, लेकिन देर शाम तक आरोपी पकड़ में नहीं आए। सीओ बल्दीराय आशुतोष कुमार ने बताया कि हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है। उपनिरीक्षक भानु प्रताप शाही की तरफ से पांच नामजद और चार अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी गई है। पुलिस ने घर की दो महिलाओं को पूछताछ के लिए हिरासत में लेकर कार्रवाई आगे बढ़ा दी है।

## नीलगाय को बचाने में कार पेड़ से टकरायी जयसिंहपुर कोतवाली प्रभारी घायल

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर।** लखनऊ-बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार देर रात हुए सड़क हादसे में जयसिंहपुर कोतवाली प्रभारी सत्येंद्र कुमार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद उन्हें पहले मेडिकल कॉलेज, सुलतानपुर में भर्ती कराया गया, जहां से डॉक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया। वर्तमान में उनका उपचार लखनऊ के मेदांता अस्पताल में चल रहा है और उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। बुधवार देर रात करीब डेढ़ बजे कोतवाल सत्येंद्र कुमार सिंह अपनी कार से क्षेत्र में गश्त कर वापस लौट रहे थे। जैसे ही उनकी गाड़ी गोसाईगंज-जयसिंहपुर की सीमा पार कर बांसगांव के पास पहुंची, तभी अचानक सड़क पर नीलगाय आ गई। उसे बचाने के प्रयास में उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे महुआ के पेड़ से जोरदार टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में कोतवाल सिंह के दाहिने पैर में गंभीर चोटें आईं।

## यातायात प्रभारी ने किया 140 वाहनों का चालान



सिद्धार्थनगर। पुलिस अधीक्षक के आदेश के अक्षरसह अनुपालन में विना रूके दायित्वों के निर्वहन हेतु तत्परता पूर्ण माहौल क्रियाशील यातायात पुलिस प्रभारी अमरेश कु0 सिंह ने गत गुरुवार 20 नवम्बर को जहां दोपहिया चार पहिया 140 वाहनों का चालान किया, वही 159500 रूपए शमन शुल्क की कार्यवाही करते हुए, प्रत्येक दशा में यातायात नियमों का पालन करते हुए अमरेश कु0 सिंह यादव का कथक प्रयास जारी हैं, यातायात प्रभारी ने यातायात माह के दौरान वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप / स्टीकर लगाया गया एवं अवैध अतिक्रमण हटवाने के साथ दो पहिया वाहन पर तीन सवारी/बिना हेलमेट वाहन चलाने वालो के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाकर प्रवर्तन की कार्यवाही किया गया। गत 20 नवम्बर को पुलिस अधीक्षक के आदेश अनुपालन के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन मे, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी यातायात विश्वजीत शौर्ययान के कुशल पर्यवेक्षण मे प्रभारी यातायात अमरेश कु0 सिंह ने टीम द्वारा यातायात माह के तहत हाईडिल तिराहा, सिद्धार्थ तिराहा, पेट्रोल पम्प तिराहा, स्वामी विवेकानंद चौक से सनई चौराहा, साड़ी तिराहा, कस्बा बाँसी, बाँसी रोडवेज आदि स्थानों पर पीए सिस्टम से आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए पम्पलेट्स वितरण किया गया एवं कुहरो मे दुर्घटना से बचाव हेतु वाहनों पर रिफलेक्टर टेप लगाया गया साथ ही विशेष अभियान के तहत दुर्घटना से बचाव हेतु सिद्धार्थ तिराहा, पेट्रोल पम्प तिराहा पर अवैध अतिक्रमण हटवाने के साथ-साथ पम्पलेट्स वितरित किया गया एवं सघन चेकिंग अभियान चलाकर दो पहिया पर तीन सवारी/बिना हेलमेट वाहन चलाना, चार पहिया वाहनों मे सीट बेल्ट का प्रयोग न करना, सड़कों के किनारे अवैध रूप से खड़े-खड़े वाहनों जिसे दुर्घटना के प्रबल संभावना थी उनका के तहत चालान करते हुए कुल 140करते हुये 159500 रुपए शमन शुल्क की कार्यवाही की गयी तथा प्रत्येक दशा मे यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओ की संख्या मे भारी कमी लायी जा सके। विदित हो यातायात माह में यातायात प्रभारी अमरेश कु0 ने कई दिनों से अबतक के अन्तराल में न सिर्फ कई सौ वाहनों का चालान किया, अपितु कई लाख रूपए शमन शुल्क की कार्यवाही करतें हुए यातायात प्र0 अमरेश कु0 ने पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ 0 अभिषेक महाजन के अपेक्षाओं पर खरा उतरने का संकेत भी दिया है।

## बैंक कर्मचारी की मिलीभगत से फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले तीन गिरफ्तार

**रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे साइबर अपराध के खिलाफ विशेष अभियान के तहत थाना डीह पुलिस ने एक ऐसे संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो बैंक में कार्यरत आधार एनरोलमेंट ऑपरेटर की मिलीभगत से ग्राहकों का संवेदनशील बायोमेट्रिक डाटा चुराकर फर्जी आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र और अन्य दस्तावेज तैयार कर रहा था। ये फर्जी दस्तावेज सिम कार्ड लेने, बैंक खाते खोलने, लोन सत्यापन और अन्य आपराधिक गतिविधियों में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल हो रहे थे। थाना डीह पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग बैंक के गोपनीय डाटा का दुरुपयोग कर नकली आधार कार्ड बना रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने दबिश देकर मौके से अनुज यादव पुत्र रमाकांत यादव, निवासी बबुआपुर राकावारा, डीह सराय लखंसी, मऊ (बैंक में आधार एनरोलमेंट ऑपरेटर), अरविन्द कुमार पुत्र लालबहादुर, निवासी ग्राम पूरे कोलहू मजरे मऊ, थाना डीह, शत्रुघ्न पुत्र लल्लू पासी, निवासी गोपालपुर, थाना डीह को गिरफ्तार कर किया है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि मुख्य आरोपी अनुज यादव बैंक में आधार एनरोलमेंट का काम करता था और अपने पद का दुरुपयोग कर ग्राहकों के फिंगरप्रिंट, आईरिस स्कैन व फोटो जैसे बायोमेट्रिक डाटा को चोरी-छिपे अपने साथियों को मुहैया कराता था। उसके साथी अरविन्द कुमार और शत्रुघ्न लैपटॉप, प्रिन्टर, फिंगरप्रिंट स्कैनर और आईरिस स्कैनर की मदद से फर्जी आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज तैयार करते थे। इनके कब्जे से 2 लैपटॉप, 3 प्रिन्टर (एक पॉवर केबल सहित), 2 फिंगरप्रिंट स्कैनर मशीन, 1 डुअल आईरिस स्कैनर, 2 कैमरा, 4 मोबाइल फोन, 2 यूएसबी हब, 4 फर्जी प्रमाण पत्र, 237 आधार एनरोलमेंट रसीदें, एक डायरी, माउस, डाटा केबल, चार्जर समेत ?7,037 नकद बरामद हुए हैं। आरोपियों के खिलाफ थाना डीह में भा.द.वि. की धारा 111(1), 319(2), 318(2), 338, 336(2), 340(2), आधार अधिनियम 2016 की धारा 36 तथा आईटी एक्ट की धारा 66डी के तहत कार्रवाई की गई है। सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## राम कथा के प्रथम दिन पर राम की बाल लीलाओं व जन्म के उद्धेश्य का हुआ वर्णन




**लालगंज, रायबरेली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता जेपी सिंह के नेतृत्व में घुरवारा में आयोजित श्री राम कथा के प्रथम पावन दिवस पर कथा व्यास मंच पर विराजमान श्री राघव किशोरी सेवा ट्रस्ट की सदस्य पूज्य मानस चातकी वैदेही सुरभि जी ने भगवान श्री राम की बाल लीलाओं और उनके जन्म के उद्देश्य का बड़ा ही मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि मानव जीवन भगवान राम के नाम का आनंद लेने को ही मिला है। भगवान राम का नाम ही श्री राम कथा का सार है। उन्होंने भक्तगणों से मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्शों को जीवन में उतारने का आह्वान किया और कहा कि केवल राम नाम ही कलियुग में भवसागर पार करा सकता है। कथा व्यास मंच से वैदेही सुरभि जी ने कहा कि भगवान श्री राम के जन्म लेने का उद्देश्य रावण के अत्याचार से मुक्ति दिलाना और धर्म की स्थापना करना था। रावण ने अपनी शक्ति के बल पर देवताओं और मानवों को परेशान कर रखा था, और भगवान राम ने उसे मारकर धर्म की स्थापना की। भगवान श्री राम द्वारा आदर्श जीवन का पालन लोगों को धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करना था। राम के जन्म ने मानवता को एक नई दिशा दी और समूचे मानव समाज को आदर्श जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। इसके पहले कथा व्यास मंच से रामायण के रचयिता संत तुलसीदास के जीवन का भी मार्मिक उल्लेख हुआ। कथा प्रारंभ से पूर्व घुरवारा नगर में कलश यात्रा निकाली गई। राम कथा का संचालन अयोध्या धाम से पधारे स्वामी नारायणाचार्य ने किया। इस अवसर पर प्रथम दिवस में यजमान के रूप में धर्मेंद्र त्रिवेदी सपत्नी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आरएसएस के प्रमुख कार्यकर्ता सुशील शुक्ला, नरसवां के प्रधान जितेंद्र पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज मिश्रा, ओम दत्त सिंह, शिशुपाल सिंह, प्रधान उमेश सिंह, प्रदीप सिंह, रामशंकर मौर्य, अमरेंद्र सिंह, राजकुमार त्रिपाठी, अमरेंद्र यादव आदि सैकड़ों पुरुष व महिला भक्तगण मौजूद रहे।

## चोकर व्यवसायी के गोदाम से सात लाख की लूट

सहारनपुर। जिले में बृहस्पतिवार को तीन अज्ञात बदमाशों ने चोकर के एक व्यवसायी के गोदाम पर हमलाकर सात लाख रुपये की नकदी लूट ली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने बताया कि पूर्वाह्न लगभग साढ़े 11 बजे जनकपुरी थाना क्षेत्र में संजीव खेड़ा नाम के चोकर व्यापारी के गोदाम पर तीन नकाबपोश बदमाश पहुंचे और कर्मचारियों को तमंचों से डरा कर सात लाख रुपये की नकदी लूट कर भाग गए। लुटेरों ने जाते-जाते कर्मचारियो को गोदाम के अंदर ही बंद कर दिया। एसएसपी ने बताया कि बदमाशों के जाने के बाद कर्मचारियों ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया और मामले की जानकारी पुलिस को दी। सीसीटीवी फुटेज में लूट के बाद तीनों बदमाश पैदल ही दूधली इलाके की ओर जाते हुए दिखाई दिये। बदमाशों की तलाश के लिए पुलिस की टीमों का गठन किया गया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान की जा रही है।

## ज्ञानवापी परिसर के सीलबंद वजूखाने के ताले का कपड़ा बदलने पर सुनवाई 3 को

वाराणसी। वाराणसी की जिला अदालत ने ज्ञानवापी परिसर स्थित सील बंद वजूखाने के ताले पर लगे कपड़े को बदलने के मामले की सुनवाई के लिए तीन दिसंबर की तारीख निर्धारित की है। हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि जिला न्यायाधीश ने अगली सुनवाई के लिए तीन दिसंबर की तारीख निर्धारित की है। यह इस मामले में पांचवी तारीख है। पूजा स्थल उपबंध विधेयक 1991 के बिंदु पर उच्चतम न्यायालय में सुनवाई लंबित है। उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल दिसंबर में अधीनस्थ न्यायालयों को आदेश दिया था कि जब तक इस बिंदु पर सुनवाई शीर्ष अदालत में जारी है तब तक कोई भी नया मुकदमा स्वीकार नहीं किया जाएगा और न ही ऐसा कोई भी आदेश जारी किया जाएगा, जिससे उसकी सुनवाई प्रभावित हो। न्यायालय के निर्देशों के अनुसार वाराणसी के दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) द्वारा सर्वेक्षण के आदेश के बाद ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाना क्षेत्र को मई 2022 में सील कर दिया गया था। हिंदू पक्ष का कहना है कि ताले के चारों ओर बंधा कपड़ा समय के साथ खराब हो गया है और इसे बदलने के लिए गत आठ अगस्त को अनुमति का अनुरोध करते हुए एक याचिका दायर की गयी थी।

## हरचंदपुर ओवरऑल चैम्पियन, सतांव रहा उपविजेता



रायबरेली। शहर के पुलिस लाइन मैदान में चल रही बेसिक शिक्षा विभाग की दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का गुरुवार को समापन हुआ। समापन समारोह की मुख्य अतिथि सीडीओ अंजूलता व विशिष्ट अतिथि एडी बेसिक श्याम किशोर तिवारी व प्रभारी डीआईओएस रत्नेश श्रीवास्तव रहे। प्रतियोगिता में ओवरऑल चैम्पियन हरचंदपुर व उपविजेता सतांव रहा।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सीडीओ ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग में गांवों में पढ़ने वाले बच्चे की गांव की पगडंडी पर दौड़कर सीखते हैं और यहां जिले स्तर पर बेहतरीन ट्रैक पर बैठकर अपना हुनर दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में जीते हुए सभी बच्चे आगे चलकर मंडल, राज्य स्तर फिर नेशनल स्तर पर प्रतिभाग करके अपने गांव, ब्लॉक व जिले का नाम रोशन करेंगे। एडी बेसिक श्याम किशोर तिवारी ने कहा कि प्रतियोगिता में जीतना और हारना एक खेल का हिस्सा है। यहां तक पहुंचने वाले सभी बच्चों में कोई न कोई विशेष प्रतिभा है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में विजयी न होने वाले खिलाड़ी आगे भी बेहतर करेंगे। बीएसए राहुल सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि जीते हुए बच्चे अब मंडल स्तर पर प्रतिभाग करेंगे। पुलिस लाइन ग्राउंड में चल रही प्रतियोगिता में दूसरे दिन जूनियर व प्राथमिक स्तर की एकल प्रतियोगिताओं के साथ ही साथ योगाभ्यास, विशेष पीटी प्रदर्शन, एकांकी, समूह गान, लोकगीत व लोकनृत्य व अत्याक्षरी की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय में एकांकी में बछरावां, नगर व डीह, लोकगीत/लोकनृत्य में जगतपुर, बछरावां, नगर क्षेत्र, समूह गान में जगतपुर, बछरावां, नगर क्षेत्र, योगाभ्यास में महराजगंज, सतांव, अमावां की टीम रही। इसके अलावा अंत्याक्षरी में बछरावां प्रथम, नगर क्षेत्र दूसरे और राही तीसरे स्थान पर रहा।

जूनियर स्तर की एकल प्रतियोगिताओं बालक व बालिका वर्ग में क्रमशः गोला फेंक में प्रांजल व रोजनीन पहले, हिमांशु व सोनम दूसरे और तीसरे पर अमरेंद्र व प्रांशी रहे। ऊंची कूद में संदीप व शुभी पहले, प्रांजल व अर्चना दूसरे, अनिल व अर्चना तीसरे स्थान पर रही। लम्बी कूद में प्रांजल मौर्य व सीता राजपूत पहले, पवन व मोहिन्नी दूसरे, हिमांशु व लक्ष्मी तीसरे स्थान पर रही। चक्रक्षेपण में हिमांशु व नैंसी पहले, विमलेश व तमन्ना दूसरे, रबी व प्रान्सी तीसरे स्थान पर रही। 100 की दौड़ बालक व बालिका में क्रमशः शिवम पहले, मनीष दूसरे व खुशहाल तीसरे स्थान रहीं। 200 मीटर दौड़ में शिवम व ऊषा पहले, अनिल व रोशनी दूसरे, शुभम यादव व सीता राजपूत तीसरे स्थान पर रही। 400 मीटर में शिवम व नैंसी पहले, अमन व ऊषा दूसरे, अमन व महिमा तीसरे स्थान पर रही। 600 मीटर दौड़ में अमन व नैंसी पहले, विकास कश्यप व खुशबू दूसरे, सत्यम व आंचल यादव तीसरे स्थान पर रही। खो-खो बालक व बालिका में हरचंदपुर पहले, रोहनिया बालक व सतांव बालिका वर्ग में दूसरे स्थान पर रही। प्राथमिक स्तर की हुई एकल प्रतियोगिता में 50 मीटर की दौड़ में बालक व बालिका में क्रमशः प्रांशू व शालिनी पहले, अभिषेक व कीर्ति यादव दूसरे, अनुज व शिफा तीसरे स्थान पर रही। 100 मीटर में शमशाद अली व कीर्ति यादव पहले, हर्ष व नैंसी दूसरे, अभिषेक व संध्या तीसरे, 200 मीटर में शुभम व नैंसी पहले, अनुज व कीर्ति यादव दूसरे, अभिषेक व सेजल तीसरे स्थान पर रही। 400 मीटर में शुभम व सेजल पहले, सनी व राजरानी दूसरे, रौनक व सेजल तीसरे पर रही। लम्बी कूद में आदर्श व लक्ष्मी पहले, शिवम व सेजल दूसरे व आयुष आस्था तीसरे स्थान पर रही। खो-खो बालक में महराजगंज पहले व सतांव दूसरे, बालिका वर्ग में हरचंदपुर पहले व संताव दूसरे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता का संचालन किरण जेहरा, मुन्नालाल साहू व अभिषेक द्विवेदी ने किया।

## कुशीनगर में सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत

कुशीनगर। जिले के रामकोला थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार जिले के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के पचफेड़ा गांव निवासी दिग्विजय मिश्रा (35) बुधवार रात मोटरसाइकिल से कप्तानगंज से अपने घर जा रहे थे, तभी रामकोला थाना क्षेत्र के केरवनीया चौराहे के पास सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। पुलिस के मुताबिक घायल अवस्था में मिश्रा को एम्बुलेंस से कप्तानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रामकोला थाना प्रभारी संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फरार अज्ञात वाहन के चालक की तलाश जारी है।

## स्कूल में गैस रिसाव से 16 छात्र बेहोश

हरदोइ। जिले के संडीला कस्बे के एक निजी स्कूल में बृहस्पतिवार को संदिग्ध रूप से गैस रिसाव की चपेट में आने से कम से कम 16 छात्र बेहोश हो गए। सभी प्रभावित बच्चों को दो निजी अस्पतालों में ले जाया गया, जहां से एक बच्चे को बेहतर उपचार के लिए लखनऊ भेज दिया गया। जिलाधिकारी अनुनय झा ने बताया कि जांच के आदेश दे दिए गए हैं और रिसाव के कारण की पुष्टि होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों के मुताबिक, स्कूल परिसर में गैस की तेज गंध फैल गई, जिससे कई बच्चे घबरा गए और अपनी कक्षाओं से बाहर भाग निकले। शिक्षकों ने तुरंत सभी विद्यार्थियों को बाहर निकाला और अभिभावकों व प्रशासन को सूचित किया। जिलाधिकारी झा और पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा अन्य अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और इलाज करा रहे बच्चों से भी मिले। डीएम ने बताया कि इस घटना में करीब 16 विद्यार्थी प्रभावित हुए हैं लेकिन सभी की हालत अब स्थिर है। एक बच्चे को लखनऊ स्थित किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय एवं अस्पताल स्थानांतिरत किया गया है। गैस रिसाव का स्त्रोत अभी पता नहीं चला है। जांच के बाद जरूरी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लिया और अधिकारियों से बच्चों का सही इलाज सुनिश्चित करने व मामले की जांच करने का निर्देश दिया है।

## ट्रेन की चपेट में आने से मां की मौत

**डलमऊ, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे धानू निकट रेलवे क्रॉसिंग के पास एक महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। बृहस्पतिवार को सुबह 60 वर्षीय रामकली की ट्रेन की चपेट में आ जाने की वजह से कटकर मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार मखदुमपुर गांव की रहने वाली बुजुर्ग महिला रामकली पत्नी स्वर्गीय राम बहादुर मानसिक तौर पर विक्षिप्त होने के कारण सुबह ही घर से निकली थी जो पूरे धानु निकट क्रॉसिंग के पास ऊंचाहार एक्सप्रेस की चपेट में आ जाने की वजह से कटकर मौत हो गई। षौच के लिए गए ग्रामीणों ने कटे शव को देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी श्याम कुमार पाल ने परिजनों को सूचना दी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुजुर्ग महिला के तीन पुत्र अनूप, सुनील सुशील, सहित परिजनों को जैसे ही जानकारी हुई परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार बुजुर्ग महिला लगभग एक साल से मानसिक तौर पर अस्वस्थ चल रही थी जिसकी ट्रेन की जद में आने से मौत हो गई। वहीं दूसरी तरफ देखा जाए तो मुराई बाग से सटे नाथ खेड़ा गांव से कनहा चैराहे के बीच में पिछले एक डेढ़ साल में ट्रेन से कटकर ज्यादातर मौतें हुई हैं जिसका एक कारण यह भी है कि इस बीच में रेलवे लाइन के किनारे झाड़ियां और कुशी काफी जंगल खड़ा इन्हीं झाड़ियां में छुप कर जान देने वाले बैठ जाते हैं और ट्रेन के आते ही एकाएक ट्रेन के सामने कूद जाते आनन फानन ना ट्रेन का चालक कुछ समझ पाता और ना ही झाड़ियां होने की वजह से पटरी के अगल-बगल घूम रहे किसी भी अनजान आदमी की कोई झलक चालक को लग पाती जिससे ज्यादातर हादसे इस बीच में हो रहे। वहीं कोतवाली प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है जांच कर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

## डीएम ने रामदैपुर छावनी व जंगल रामनगर का किया निरीक्षण

- **ग्रामीणों से गणना प्रपत्र मिलने की ली जानकारी और बीएलओ को दिये आवश्यक दिशा निर्देश**

**अमेठी।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संजय चौहान ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत गुरुवार को तहसील अमेठी के ग्राम रामदैपुर एवं जंगल रामनगर का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता तथा उपजिलाधिकारी अमेठी आशीष सिंह भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रामदैपुर छावनी की बीएलओ रेखा सरोज से गांव में गणना प्रपत्र वितरण की स्थिति के बारे में जानकारी ली। बीएलओ द्वारा बताया गया कि गांव के सभी घरों में गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। डीएम ने गांव का भ्रमण कर ग्रामीणों से सीधे



बातचीत की और गणना प्रपत्र मिलने की पुष्टि की। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे शीघ्र अति शीघ्र प्रपत्र भरकर बीएलओ को सौंपें। इसके बाद डीएम जंगल रामनगर पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें अभी तक गणना प्रपत्र नहीं मिले हैं। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और बीएलओ राम अभिलाष को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। साथ ही सुपरवाइजर/लेखपाल रितु मौर्य को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए।

जिलाधिकारी ने जंगल रामनगर के लिए वैकल्पिक बीएलओ की तैनाती करते हुए निर्देश दिया कि गणना प्रपत्र जल्द से जल्द घर-घर वितरित किए जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि यह अभियान तभी सफल होगा जब प्रत्येक मतदाता सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभाए। उन्होंने सभी बीएलओ को सख्त निर्देश दिए कि वे समयबद्ध तरीके से गणना प्रपत्र वितरित करें और मतदाताओं को प्रपत्र भरने की पूरी प्रक्रिया के बारे में स्पष्ट एवं समुचित जानकारी दें।

उन्होंने चेताया कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को सटीक, त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाना है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न हो और कोई अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न रह जाए। उन्होंने इसे लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। ज्ञातव्य है कि यह विशेष अभियान 4 दिसंबर 2025 तक संचालित किया जाएगा, जिसके दौरान बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करेंगे। मतदाताओं को इन प्रपत्रों को भरकर पुनः बीएलओ को जमा करना है।

## हाथरस भगदड़ मामले की अगली सुनवाई 27 को

हाथरस। जिले में पिछले साल दो जुलाई को सूरजपाल उर्फ नारायण साकार हरि बाबा उर्फ भोले बाबा के सत्संग के दौरान मची भगदड़ के मामले की अगली सुनवाई 27 नवंबर को होगी। सिकंदराराऊ कोतवली क्षेत्र के मुगलगढ़ी व फुलरई गांव के बीच कार्यक्रम स्थल पर मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे थे। आरोपी पक्ष के वकील मुन्ना सिंह पुंडीर ने बताया कि बृहस्पतिवार को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अदालत संख्या (एक) महेंद्र श्रीवास्तव की अदालत में उस समय वहां तैनात दरोगा नीलेश यादव के बयान दर्ज हुए हैं। अब इस मामले की अगली सुनवाई 27 नवंबर को होगी। पुंडीर ने बताया कि अगली तारीख पर किसी और पुलिसकर्मी के बयान दर्ज होंगे। मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) के आरोपपत्र पर जिला न्यायालय में सुनवाई पूरी हो चुकी है। पुलिस ने इस मामले में बाबा के सेवादार देवप्रकाश मधुकर सहित 11 लोगों आरोपी बनाया है और हादसे के लिए जिम्मेदार माना है।

संक्षेप

## नगर आयुक्त ने लिया सफाई व्यवस्था का जायजा

**मथुरा।** नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा वार्ड संख्या 18, जनरलगंज की प्रातकालीन सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में तैनात सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति तथा उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया गया। जिसमें एक सफाई कर्मी अनुपस्थित पाया गया। उसके विरुद्ध नगर आयुक्त ने एक दिन का वेतन आहरित न करने के निर्देश दिए है। एक अन्य सफाई कर्मी रीतेश को बिना वर्दी ड्यूटी करते पाया गया तथा मनमानी की शिकायत पर नगर आयुक्त ने कड़ी फटकार लगाते हुए उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उपस्थिति पंजिका में गड़बड़ी एवं ओवरराइटिंग पाए जाने पर सुपरवाइजर के विरुद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए कठोर चेतावनी दी गई। यह भी निर्देशित किया गया कि भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगर आयुक्त ने सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सौरभ अग्रवाल को निर्देशित किया कि प्रतिदिन प्रातःकाल में वार्ड में उपस्थित रहकर अपनी निगरानी में सफाई कार्य सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान सफाई निरीक्षक सौरभ अग्रवाल सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संत प्रेमानंद के दर्शनों को आयी हरियाणा की महिला की मौत



**मथुरा।** वृन्दावन कोतवाली क्षेत्र में संत प्रेमानंद महाराज के दर्शनों को आए परिवार की महिला की मौत गुरुवार तड़के तीन बजे गाड़ी की टक्कर से हो गई जबकि परिवार की दो युवतियों का गंभीर रुप से घायल अवस्था में उपचार चल रहा है।

हरियाणा के पलवल निवासी किशन सिंह अपने परिवार के साथ आज तड़के संत प्रेमानंद महाराज के दर्शनों को तीर्थनगरी आए। तड़के तीन बजे सुनरख रोड पर प्रेम मंदिर के समीप स्थित पार्किंग के पास पहुंचे, जहां प्राची नामक 12 वर्षीय बालिका को उल्टी की शिकायत हुई। जिसे उसकी मॉ कृष्णा और मौसी की बेटी राजबाला सड़क के दूसरी ओर स्थित नाले पर ले गए। इसी दौरान नंदनवन की ओर से तेज रफ्तार में अनियंत्रित गाड़ी संख्या यूपी 80 जीए 8709 ने कृष्णा, प्राची और राजबाला को टक्कर मार दी। टक्कर ने वहां लगे विद्युत पोल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद गाड़ी सवार ने भागने के प्रयास में सड़क पर गिरी कृष्णा के सिर पर गाड़ी चढ़ा दी। जबकि दो अन्य युवतियां टक्कर से नाले में जा गिरीं। इस पर वहां मौजूद लोगों ने गाड़ी पर ईट-पत्थर मारे। जिससे घबराए ड्राइवर और अन्य तीन लोग मौके से भाग खड़े हुए। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने कृष्णा को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर घायल प्राची को उपचार के लिए फरीदाबाद के मेट्रो हॉस्पीटल में भर्ती कराया गया है तो राजबाला का इलाज परिजनों द्वारा पलवल में कराया जा रहा है। पुलिस ने गाड़ी को हिरासत में ले लिया है और युवकों की तलाश जारी है।

# मंडलायुक्त ने सड़क हादसों पर दुख प्रकट किया



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिये गये निदेशों के अनुपालन में आज मण्डलायुक्त आगरा की अध्यक्षता में चतुर्थ मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन आयुक्त सभागार, आगरा में किया गया। आयुक्त महोदय ने जनपद मथुरा में हो रही सड़क दुर्घटनाओं के प्रति दुख प्रकट किया, उन्होने जनपदीय सड़क सुरक्षा संबंधी समस्त स्टेक होल्डरो को यह निर्देश किया है कि मुख्यमंत्रीजी द्वारा प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत की कमी लायी जाये।


आयुक्त शैलेन्द्र कुमार द्वारा जनपद के एआरटीओ को निर्देशति किया गया कि केन्द्र सरकार द्वारा सड़क दुर्घटना होने की स्थिति में राहवीर योजना के संबंध में पूरे जनपद में प्रचार प्रसार किया जाये एवं जिला युवा कलयाण अधिकारी द्वारा जनपद में सड़क सुरक्षा मित्रों का चयन शीघ्र किया जाये। उक्त योजना के अनुसार यदि गंभीर दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को 01 घंटे के अंदर नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जाये तथा उस व्यक्ति की जान बचती है तो बचाने वाले व्यक्ति को प्रशंसा पत्र के साथ-साथ रू0 25000 की धनराशि उनके खाते में हस्तांतरित की जायेगी। एआरटीओ राजेश राजपूत एवं एआरटीओ नीतू सिंह द्वारा जनपद के समस्त कार्यालय अध्यक्षों से अपील की जाती है कि वे अपने कार्यालय में आने वाले सभी कार्मिकों/अधिकारियों/ आगुंतको को दो पहिया वाहन पर बिना हेल्मेट के कार्यालय में प्रवेश की अनुमति न दें। आगामी शीत ऋत / कोहरे को देखते हुए एआरटीओ ने जनपद के समस्त बस/ट्रक / टैक्सी आपरेटरो से अपील की जाती है कि अपने वाहनों में मार्ग पर जाने से पूर्व वाइपर, हेड लाइट, बैक लाइट, इंडिकेटर, क्लच सिस्टम, स्टेरियंग सिस्टम, बिना रेडियम पट्टी (रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप) वाहन को मार्ग पर संचालित न करें। आयुक्त द्वारा मण्डल के चारो जनपदो के एआरटीओ को यह निर्देश दिये है कि आगामी एक सप्ताह के अंदर ट्रैक्टर-ट्राली पर रेडियम पट्टी अवश्य लगवाना सुनिश्चित करें। एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग एवं अन्य सड़क निर्माण एजेन्सी को निर्देश दिये है कि सड़क की सफेट पट्टी को री-पेन्ट करा लें। आयुक्त महोदय द्वारा हिट एण्ड रन योजना के बारे में भी आम जनमानस को अधिक से अधिक जागरूक किया जाये। उक्त योजना में घायल व्यक्ति को रू 50,000 तथा मृत्यु होने की दशा में रू 2,00,000 देने का प्रावधान है।

## वक्फ की सभी रजिस्टर्ड संपत्तियां 5 दिसंबर से पहले होंगी उम्मीद पोर्टल पर दर्ज

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ द्वारा मथुरा के सभी वक्फ कोऑर्डिनेटरों को निर्देश दिए गए है कि सभी वक्फ संपत्तियां 5 दिसंबर से पहले केंद्र सरकार की उम्मीद पोर्टल पर दर्ज कराएं।

वक्फ कोऑर्डिनेटर डॉ. शबनम कुरैशी ने बोर्ड के निर्देश अनुसार अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए जिले की सभी वक्फ संपत्तियां कब्रिस्तान मस्जिदें इमामबाड़े मजारें, दरगाह आदि के सभी रजिस्टर्ड मुतवल्लियों से अपील करते हुए कहा है कि अपनी अपनी वक्फ की संपत्तियां 5 दिसंबर से पहले उम्मीद पोर्टल पर दर्ज करा लें उम्मीद पोर्टल पर दर्ज करने की 5 दिसंबर अंतिम तिथि है अंतिम तिथि निकल जाने के बाद कोई भी वक्फ संपत्ति उम्मीद पोर्टल पर दर्ज नहीं होगी जो बोर्ड द्वारा रजिस्टर्ड मुतवल्ली (सचिव) है और वह अपनी अपनी वक्फ संपत्तियां उम्मीद पोर्टल पर दर्ज नहीं करा रहे हैं ऐसे मुतवल्लियों के खिलाफ वक्फ बोर्ड द्वारा जुर्माना और सजा का प्रावधान है। वक्फ कोऑर्डिनेटर डॉ. शबनम कुरैशी ने बताया कि मथुरा जिले की कुल वक्फ की 1140 संपत्तियां है जो कि उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ में 920 रजिस्टर्ड है बोर्ड द्वारा रजिस्टर्ड की हुई संपत्तियां ही उम्मीद पोर्टल पर दर्ज की जा सकेगी। उम्मीद पोर्टल पर दर्ज करने के लिए इन दस्तावेजों दफा 37 की नकल, सर्वे नकल का नाम सर्टिफिकेट आधार कार्ड, बिजली का बिल, रेवेन्यू रिकॉर्ड, खसरा खतौनी, रकबा, आदि का होना जरूरी है। बिना वक्फ रजिस्टर्ड की हुई संपत्तियां उम्मीद पोर्टल पर दर्ज नहीं हो सकेंगी ऐसी वक्फ संपत्तियों का नया रजिस्ट्रेशन दिसंबर माह के बाद होगा। यदि किसी भी मुतवल्ली को कोई भी दस्तावेजों में परेशानी आ रही हो तो वह वक्फ कोऑर्डिनेटर डॉ. शबनम कुरैशी से 8899055706 पर संपर्क कर सकते हैं। वक्फ से जुड़े मुतवल्ली अभी उम्मीद पोर्टल से जागरूक नहीं है मथुरा जिले की मात्रा 10 प्रतिशत वक्फ संपत्तियां ही उम्मीद पोर्टल पर दर्ज हुई है कोऑर्डिनेटर डॉ. शबनम कुरैशी ने लोगों को जागरूक करने के लिए अपनी प्रबंध समिति के साथ ग्रामीण क्षेत्र में गांव सकराया, शाहपुर गोसना अकबरपुर, शेरगढ़, महावन, आदि में जाकर वक्फ संपत्तियों का सर्वे कर जागरूकता अभियान चलाया और लोगों को उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों को दर्ज करने की अपील करते हुए जागरूक किया। सभी वक्फ कोऑर्डिनेटर अपनी-अपनी वक्फ उम्मीद पोर्टल की जिम्मेदारियों में लगे हैं। वक्फ को ऑर्डिनेटरो में डॉ. शबनम कुरैशी, अब्दुल गफ्फार खालिद अली ,शारिक अली एड ,मशरूम अली आदि मौजूद रहे।

## यातायात पुलिस ने अभियान के तहत किया जागरूक, दिलायी शपथ



**फिरोजाबाद।** यातायात माह जागरुकता अभियान के अन्तर्गत यातायात पुलिस टीम द्वारा दाऊ दयाल महाविद्यालय फिरोजाबाद में जागरुकता अभियान चलाया गया। जागरुकता अभियान के दौरान छात्र छात्राओं अध्यापक बंधुओं एवं अन्य स्टाफ को यातायात नियमों के पालन करने हेतु शपथ दिलाई गई। यातायात माह नवम्बर 2025 जागरुकता अभियान के अन्तर्गत यातायात पुलिस टीम द्वारा गुरुवार को दाऊ दयाल महाविद्यालय फिरोजाबाद में जागरुकता अभियान चलाया गया। जागरुकता अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं अध्यापकों एवं अन्य स्टाफ को जागरुकता अभियान के दौरान आपातकालीन वाहनों को रास्ता देने, यातायात संकेतों सड़क संकेतों की जानकारी हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने, गलत दिशा में वाहन न चलाने गति सीमा के अन्तर्गत वाहन चलाने लेन अनुशासन आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही छात्र छात्राओं अध्यापक बंधुओं एवं अन्य स्टाफ को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई।

## सात शातिर महिला चोर गिरफ्तार चोरी के 60,500 रुपये बरामद

**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर पुलिस टीम ने लोगो की जेब काटकर रुपये चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाली सात शातिर अंतर्राज्यीय चोर अभियुक्ताओं को चोरी के 60,500 रुपये सहित गिरफ्तार किया है। 14.11.2025 को वादी का बैग काटकर एक लाख रुपए चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना उत्तर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जिसका सफल अनावरण करते हुये थाना पुलिस टीम द्वारा सात महिलाओं सुनीता पत्नी ओमप्रकाश रामबाई पत्नी हरगोविन्द सिसोदिया राधिका पुत्री स्व० प्रहलाद सिसोदिया रोमा पत्नी वीरेन्द्र सिसोदिया सोनम पत्नी रोहित सिसोदिया दुर्गा पुत्री कप्तान सिह,कविता पत्नी सुदामा सिसोदिया सभी निवासी गांव कढ़िया थाना बोड़ा जनपद राजगढ़ मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया गया। जिनसे पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि हम सभी लोग बैंको रेलवे स्टेशन बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों से लोगों की जेब, बैग पर्स आदि काटकर रुपयों सामानों आदि की चोरी करते हैं, तथा सभी आस पास ही मौजूद रहते हैं तथा चोरी किये हुये सामान को एक दुसरे को पास कर देते हैं जिससे हम लोगों के मौके पर पकड़े जाने पर हमसे कोई सामान या रुपया नही मिलता और हम बच जाते हैं बाद में हम सभी अपना-अपना हिस्सा आपस में बांट लेते हैं, 14 नवंबर को हम सभी ने योजना बनाकर स्टेट बैंक फिरोजाबाद से एक व्यक्ति का बैग काटकर 1,00,000 रुपये चोरी किये थे,हम लोगों ने उसमें से कुछ रुपये खर्च कर लिये थे तथा बाकी बचे 60,500 रुपयों को आपस में बांट लिया था। थाना पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों को आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया है।

## स्वर्ण जयंती समारोह के लिए पांच सदस्यीय कोर कमेटी गठित, सौंपी गयी जिम्मेदारी



**मथुरा।** मथुरा में स्थित प्रगतिशील बौद्धिक वर्ग की सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संस्था, जन सांस्कृतिक मंच आने वाले वर्ष में अपनी स्थापना के शानदार गौरव शाली 50 वर्ष पूरे करने जा रहा है। मंच की कार्यकारिणी ने स्वर्ण जयंती समारोह के लिए एक 5 सदस्यीय कोर कमेटी का गठन कर करके जिम्मेदारियां सौंप दी हैं ।जिसमें मंच के सक्रिय एवं जिम्मेदार सदस्य सुनील आचार्य, राजकिशोर अग्रवाल, डॉक्टर धर्मराज, मुरारी लाल अग्रवाल एवं रवि प्रकाश भारद्वाज को कोर कमेटी का सदस्य बनाया गया है। यह कोर कमेटी आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करके दिसंबर में होने वाली आमसभा में अपनी राय प्रस्तुत करेगी। कोर कमेटी ने आज अपनी पहली बैठक करके तमाम संभावनाओं पर विचार विमर्श कर ,मंच के भविष्य में होने वाले कार्यक्रममें को यादगार बनाने के लिए चिंतन मनन किया। इस संबंध में सर्वप्रथम बूढ़े हो चुके मंच के स्थापना सदस्यों से संपर्क करने की रूपरेखा तैयार की गई है। मंच के बहुत से स्थापना सदस्य देश के विभिन्न हिस्सों में बड़े पदों पर रह कर सेवानिवृत हुए हैं तथा कुछ सदस्यों ने अन्य क्षेत्रों में उच्च स्तरीय मुकाम हासिल किया है। मंच के प्रारंभिक दौर के सदस्यों ने मथुरा का नाम मथुरा से बाहर देश के विभिन्न राज्यों में तथा देश से बाहर भी रोशन करने का काम किया है ।ऐसे सभी सदस्यों को स्वर्ण जयंती अवसर पर मथुरा में एकत्रित करने का तथा नई पीढ़ी से उनका परिचय कराने का काम किया जाएगा।

## डीएम ने शिक्षा व स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण किया

**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन ने सीडीओ शत्रोहन वैश्य के साथ मानव जीवन को प्रभावित करने वाले दो महत्वपूर्ण संस्थान शिक्षा और स्वास्थ्य से संबंधित संस्थाओं का निरीक्षण किया, जिसमें सर्वप्रथम वह विद्यालय मिलावली विकासखंड एका का निरीक्षण करने गए, जहां पर डीएम ने प्राथमिक विद्यालय के कक्षा चार-पांच के बच्चों की प्रतिभा को परखा, जिलाधिकारी बच्चों की मेधा बुद्धि को देख अत्यंत प्रभावित हुए और उन्होंने कहना पड़ा कि शहरी प्राथमिक विद्यालयों से ग्रामीण प्राथमिक विद्यालय के बच्चे कहीं ज्यादा कुशाग्र बुद्धि के हैं। डीएम द्वारा पूछे गए गणित के प्रश्नों का जवाब लगभग सभी बच्चों ने दिया, डीएम को अवगत कराया गया कि यहां पर दो शिक्षक और एक शिक्षामित्र हैं डीएम ने यहां पर पर्याप्त शिक्षकों की नियुक्ति करने की बात कही,इसी विद्यालय के प्रांगण में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया,जहां पर डीएम इस बात पर बेहद नाराज दिखे की बच्चों के लिए कुर्सी और मेज दोनों उपलब्ध थे,फिर भी उन्हें टाट-पट्टी पर पढ़ाया जा रहा था,डीएम ने अपने सामने कुर्सी-मेज पर बच्चों को बैठाया।

इसके बाद डीएम निमार्णाधीन मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय के तहत उच्च प्राथमिक विद्यालय पुल खड़ीत एका का निरीक्षण करने गए, 2.839 हेक्टेयर में 25 करोड़ की लागत से बन रहे, इस विद्यालय के संबंध में एसडीएम तहसीलदार नायब तहसीलदार कानूनगो लेखपाल और प्रधान को निर्देशित किया कि इस विद्यालय के निर्माण में सभी अपना शत-प्रतिशत योगदान दें,कार्यदाई संस्था यूपी सिड़कों के साथ मिलकर यहां एक बेहतरीन विद्यालय का निर्माण हो सके, डीएम ने कहा यह विद्यालय चौकोर आकृति



में है,जिससे यहां बाल वाटिका खेल का मैदान स्पेस लैब, पुस्तकालय पार्क इत्यादि का निर्माण हो सके, यहां पर आसपास के प्रतिभाशाली बच्चों को एक नया मुकाम या नया आयाम मिल सके,यह विद्यालय आने वाले समय में बच्चों के चौमुखी विकास के लिए वरदान सिद्ध होगा। इसके बाद डीएम सीएचसी एका का निरीक्षण करने गए,जहां पर जिलाधिकारी के साथ सीएमओ भी मौजूद थे, जिलाधिकारी ने इसके परिसर को साफ-सुथरा रखने के निर्देश देने के साथ-साथ डेड स्टॉक रजिस्टर के संबंध में प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक और फार्मासिस्ट से जानकारी चाही, परंतु यह दोनों लोगों के पास जानकारी का अभाव था, डीएम ने इस बात पर सीएमओ को निर्देशित किया कि रजिस्टरों के रखरखाव के संबंध में इनको अलग से प्रशिक्षण दिया जाए, साथ ही डीएम ने यह भी जानकारी चाही, कि यहां दवाओं का समुचित तरीके से वितरण हो रहा है, अथवा नहीं इस पर डीएम को बताया गया कि दवाओं का वितरण किया जा रहा है।

## कवि सम्मेलन का आयोजन कर मनायी गयी समाजसेवी अमरपाल सिंह की पुण्य तिथि

**टूंडला।** आम जन सेवा समिति एवं ज्ञान भारती संस्था के तत्वावधान में समाजसेवी अमर पाल सिंह की 26वीं पुण्य तिथि के अवसर पर विराट कवि सम्मेलन का आयोजन वृद्धाश्रम बन्ना में बनवारी लाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। समारोह के विशिष्ठ अतिथि विनीता भारद्वाज रहीं। कार्यक्रम का आयोजन सुनील टैगौर तथा संयोजक कवि दिलीप गौड ने किया। कार्यक्रम में हास्य कवि लटूरी लटठ तथा डॉ.चेतन बिहारी सक्सेना व रवि सक्सेना व अन्य कवियों ने काव्य पाठ कर समां बांध दिया। अंत में कार्यक्रम के आयोजक सुनील टैगोर ने सभी का धन्यबाद ज्ञापित किया।

# मथुरा-वृंदावन विप्रा, ब्रज तीर्थ विकास परिषद के कार्यों की हुई समीक्षा

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सभागार में उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्र तथा पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात द्वारा मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण एवं ब्रज तीर्थ विकास परिषद के कार्यों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सूरज पटेल ने अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कुल 157 परियोजनाएं स्वीकृत की गई थी, जिसकी कुल लागत रुपए 935.36 करोड़ है। उन्होंने बताया कि 108 परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी है, 35 परियोजनाएं प्रगतिशील है, 03 परियोजनाएं निविदा प्रक्रिया में है तथा 11 निरस्त परियोजनाएं है।



मुख्य प्रगतिशील परियोजनाओं में जनपद मथुरा में कोसीकलां के पास स्थित कोकिला वन शनिधाम में परिक्रमा मार्ग का निर्माण, टॉयलेट ब्लॉक तथा सोलर प्लान्ट की स्थापना का कार्य, जनपद मथुरा में कोसीकलां में स्थित कोकिला वन परिक्रमा मार्ग में सोलर स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य, जनपद मथुरा एवं वृन्दावन के बीच प्रेक्षागृह / ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य, जनपद मथुरा में वृन्दावन स्थित ग्राम सुनरख खादर में सौभरि नगर वन स्थापना फेज-2 का कार्य, जनपद मथुरा के ग्राम करहला स्थित बज्रनाभ की समाधि का पुनरोद्धार एवं सौंदर्यीकरण का कार्य आदि शामिल है। प्रमुख सचिव जी ने प्रगतिशील कार्यों में विलंब होने पर निर्देशित किया कि उक्त कार्यों को समयबद्धता के साथ पूर्ण करे। उन्होंने कहा कि कार्यों में देरी नहीं होनी चाहिए, कार्यों में लापरवाही बरतने वाली संस्थाओं को नोटिस जारी करे। सभी कार्यों को ब्रज की थीम के अनुसार विकसित किया जाए। ब्रज की पौराणिक एवं सांस्कृतिक महत्ता वाली थीम को ध्यान में रखते हुए आगामी प्लान बनाए जाए।

परिषद के 03 अनारंभ कार्य/ निविदा प्रक्रिया कार्यों में जनपद मथुरा में यमुना नदी के घाटों का विकास एवं पुनरूद्धार का कार्य, जनपद मथुरा में वृन्दावन परिक्रमा मार्ग के अवशेष भाग एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर सी०सी०टी०वी० कैमरा, पी०ए० सिस्टम एवं आई०टी०एम०एस० का कार्य तथा जनपद मथुरा की छाता तहसील में शनिदेव मंदिर के निकट कोकिला वन आरक्षित वन में आर्द्र भूमि पर ईको पर्यटन स्थल के विकास कार्य है। बैठक में प्रमुख सचिवजी ने निर्देश दिए कि पर्यटकों की सुविधाओं हेतु बनाए जा रहे पर्यटक सुविधा केंद्रों का कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि पर्यटक सुविधा केंद्र वृन्दावन में आने वाले पर्यटकों की संख्या, आयु, महीने, सप्ताह, आयोजनों आदि के संबंध में डाटा तैयार किया जाए। कब कब ज्यादा पर्यटक आते है, कब कम आते है, किस आयु के आते है, कौन से आयोजनों में ज्यादा आते है, आदि का डाटा तैयार किया जाए। उन्होंने कुंडो के जीर्णोद्धार के साथ साथ कुंडो को मथुरा की पौराणिक विरासत के अनुसार विकसित करने के निर्देश दिए। कुंडो को और अधिक आकर्षक बनाया जाए। प्रमुख सचिव जी ने जनपद मथुरा में हो रहे विभिन्न विकास कार्यों का अधिकाधिक प्रचार प्रचार करने के निर्देश दिए। प्रमुख सचिवजी उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा जनपद में स्थापित विभिन्न साइन बोर्डों को परिवर्तित करते हुए मानकों के अनुरूप करवाने के निर्देश दिए। प्रमुख सचिवजी ने नगर आयुक्त को बेहतर सफाई तथा एसएसपी को यातायात व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने वृन्दावन परिक्रमा मार्ग को श्रद्धालुओं, पर्यटकों एवं दर्शनार्थियों हेतु सुदृढ़ बनाने पर चर्चा किया गया। उन्होंने परिक्रमा मार्ग में सभी तारों को एकत्रीकृत करने, नालों को ढकने, पोल को हटाने, सड़कों व डिवाइडर को एकरूप बनाने का सुझाव दिया।

## साधुओं की सेवा करने से सनातन धर्म को मिलती है ऊर्जा : डॉ. श्यामा त्रिपाठी



**मथुरा।** जगद्गुरु कृपालु परिषद की चेयरपर्सन डॉ श्यामा त्रिपाठी ने कहा कि साधुओं की सेवा करने से सनातन धर्म को ऊर्जा मिलती है। संस्था की चेयरपर्सन डॉ श्यामा त्रिपाठी रंगीली महल परिसर में आयोजित साधू भोज कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्षा डॉ कृष्णा त्रिपाठी की गरिमामयी उपस्थिति में अपने विचार व्यक्त कर रही थी। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में साधू सेवा सर्वोपरि है, और इनको सेवा करने से हमारी संस्था को शक्ति मिलती है। इस अवसर पर रंगीली महल संस्था की अध्यक्षा डॉ कृष्णा त्रिपाठी ने कहा कि भक्तियोग रसावतार जगगुरु श्रीकृपालु जो महाराज की कृपा से हमें ब्रज के संतों की पुनीत सेवा करने का अवसर मिल रहा है। इस मौके पर संस्था सचिव नितिन गुप्ता ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी प्रशासनिक नियमों का अनुपालन कर साधुओं को दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुओं एवं दक्षिणा के साथ भोजन पैकेट वितरित किए। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम में कल बरसाना क्षेत्र की दो हजार निराश्रित विधवा एवं साध्वी माताओं को भी भोज के साथ दैनिक उपयोग आने वाली वस्तुओं का वितरण समयानुसार किया जाएगा। आगामी 22 नवंबर दिन शनिवार को बरसाना क्षेत्र के 41 स्कूलों के 6 हजार स्कूली छात्राओं को भी विधिवत रूप से सामान वितरित्त होगा। संस्था के सेक्रेटरी नितिन गुसा ने कहा कि हमारी जेकेपी संस्था निराश्रित लोगों की सेवा को अपना धर्म मानते हुए, संस्थापक जगद्गुरु श्री कृपालु जो महाराज के द्वारा बनाई गई नीतियों का अनुसरण कर रही है।

## पुलिस ने पकड़े दो चोर, नौ बाइक बरामद

**मथुरा।** थाना रिफाइनरी पुलिस ने बुधवार रात चेकिंग के दौरान दो अंतरजनपदीय बाइक चोरों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से कुल नौ चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद हुई है। दोनों आरोपितों के खिलाफ रिफाइनरी थाने में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई पुलिस ने की है। पुलिस के अनुसार, 19 नवंबर 2025 की रात करीब 10:50 बजे रिफाइनरी थाना पुलिस टीम एनएच-19 पर जीयो पेट्रोल पंप से आगरा की ओर लगभग 100 मीटर दूर नियमित चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दो संदिग्ध युवक दिखे। उन्हें रोककर तलाशी लेने पर उनके पास चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद हुईं। गुरुवार को जारी पुलिस प्रेस नोट के मुताबिक, पकड़े गए आरोपियों की पहचान लोकेश उर्फ लक्की (23), पुत्र हुब्बा सिंह, और श्यामवीर उर्फ श्याम (28), पुत्र दीवान सिंह के रूप में हुई है। दोनों आगरा जिले के थाना अच्छनेरा क्षेत्र के साधन गांव के निवासी हैं। पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपी शातिर वाहन चोर हैं और मथुरा-आगरा क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी की कई वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। पूछताछ में उन्होंने चोरी की कई घटनाओं में शामिल होने की बात स्वीकार की है। मौके से पुलिस ने अलग-अलग मॉडल की नौ मोटरसाइकिलें बरामद कीं। इनमें स्प्लेंडर प्लस, एचएफ डिलक्स और अपाचे जैसी बाइकें शामिल हैं। कई वाहनों के चेसिस और इंजन नंबर मिटाकर उनकी पहचान छिपाने की कोशिश की गई थी। कुछ बाइकें फर्जी नंबर प्लेट के साथ मिलीं। गिरफ्तारी के बाद थाना रिफाइनरी में मु0अ0सं0 352/25 के तहत धारा 35(1)/106 बीएनएसएस और 318(4)/317(2)/317(4)/317(5)/112 बीएनएस के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि इस गिरोह में और कितने सदस्य शामिल हैं, ताकि अन्य चोरी की वारदातों का भी खुलासा हो सके। थाना रिफाइनरी पुलिस टीम की इस कार्रवाई की स्थानीय स्तर पर सराहना की जा रही है।

# महिला कल्याण विभाग की टीम ने छात्राओं को किया जागरूक

**फिरोजाबाद।** हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन की अधिकारी जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अनम अकाशा एवं अकाउंट अस्सिटेंट मोहिनी शर्मा सहित हब टीम सदस्यों ने महिला एवं बाल विकास विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रमों एवं मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत शिकोहाबाद स्थित एक विद्यालय में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के साथ साथ गुड टच बैड टच एवं चाइल्डलाइन की जागरूकता विकसित करने हेतु शॉर्ट फिल्म डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से बच्चों को सजग व सचेत करते हुए उन्हें, बाल अधिकारों के प्रति जागरूक और कंपोजिट विद्यालय गढ़िया मोहल्ला एवं ब्लॉक नारखी, ग्राम दौलतपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट विद्यालय व अन्य स्थानों पर महिला जन जागरूकता चौपाल संगोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें भारत सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत आने वाली समर्थ एवं संबल की संपूर्ण जानकारी विकसित करते हुए महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं पर महिलाओं से विस्तृत चर्चा की और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ संबंधित स्टीकर चस्पा अभियान चलाते हुए




विभागीय आईईसी मटेरियल पंपलेट एवं प्लेयर्स वितरित किए और सभी को नारी सशक्तिकरण की शपथ दिलाई गई। इस दौरान कन्या सुमंगला योजना की एक सक्सेस स्टोरी भी सामने आई जिसमें, बालिका ने लगातार दो चरण में धनराशि प्राप्त करते हुए अपनी शिक्षा पूर्ण की। सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार एवं महिला आरक्षी श्रद्धा ने समस्त बच्चों एवं महिलाओं को संबोधित करते हुए डिजिटल मीडिया एवं साइबर सिक्योरिटी एवं साइबर फ्रॉड जैसे विशेष मुद्दों पर चर्चा और महिलाओं की जनसुनवाई भी की। हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन की अधिकारी जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अनम अकाशा व मोहिनी शर्मा ने महिलाओं को शारीरिक हिंसा, मानसिक हिंसा, सामाजिक हिंसा आर्थिक हिंसा आदि के विषय में विस्तार से समझाते हुए, ऐसी स्थिति में फंसी हुई महिला को क्या करना चाहिए,यह बताया। साथ ही महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, सखी वन स्टॉप सेंटर समर्थ हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन व अन्य विभागीय योजनाओं सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हेल्पलाइन 15100, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 इमरजेंसी हेल्पलाइन 112, एंबुलेंस सेवा 102, 108, साइबर अपराध 1930 आदि टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों के प्रति जागरूक किया। साथ ही, ऐसी महिलाओं को चिन्हित किया गया जिन्हें, अभी तक सरकार की महत्वाकांक्षी निराश्रित महिला पेंशन, वृद्धा पेंशन, बाल सेवा आदि योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी मुकीम, सलीना एवं नाजिश हाशमी, शिवानी कुलश्रेष्ठ दुर्गेश कुमारी, समस्त बच्चों के अभिभावक गणों और आशा आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों व समूह की महिलाओं सहित प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

## अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बेटे ने किया ताजमहल का दीदार

**आगरा।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर ने गुरुवार को यहां आगरा में ताजमहल का दीदार किया और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच लगभग एक घंटा इस विश्व धरोहर में बिताया। अधिकारियों ने बताया कि ट्रंप जूनियर अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे ताज महल पहुंचे और परिसर के अंदर डायना बेंच समेत विभिन्न स्थानों पर तस्वीरें खिंचवाईं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि ट्रंप जूनियर ने ताजमहल के इतिहास और निर्माण में गहरी रुचि दिखाई तथा अपने गाइड से इसकी वास्तुकला के बारे में विस्तृत प्रश्न पूछे। गाइड नितिन सिंह इस दौरान ट्रंप जूनियर के साथ थे। अधिकारियों ने बताया कि सिंह वही गाइड हैं, जिन्होंने 2020 में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यात्रा के दौरान उन्हें यह स्मारक दिखाया था। अमेरिका के राष्ट्रपति के बेटे के इस दौरे के लिए कड़े सुरक्षा बंदोबस्त किए गए थे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हिफाजत के लिए स्थानीय पुलिस के अलावा, अमेरिकी सुरक्षाकर्मियों को भी तैनात किया गया था। ट्रंप जूनियर के परिसर में प्रवेश करते ही केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था संभाल ली, जिससे स्मारक के अंदर निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित हुई। डोनाल्ड ट्रंप जूनियर के आगमन से पहले प्रशासन ने विशेष सफाई अभियान भी चलाया। अधिकारियों ने बताया कि ट्रंप जूनियर उदयपुर में एक हाई-प्रोफाइल डेस्टिनेशन वेडिंग में भी शामिल हो सकते हैं।




# एशेज का सूखा खत्म करने उतरेगा इंग्लैंड

## क्रिकेट : आखिरी बार 2010-11 में इंग्लैंड ने आस्ट्रेलिया को 3-1 से हराया था

एजेंसी




पर्थ। आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच शुक्रवार से शुरू हो रही एशेज श्रृंखला से पहले यक्षप्रश्न यह है कि क्या इंग्लैंड आस्ट्रेलियाई सरजमीं पर खिताब का सूखा खत्म कर सकेगा। आस्ट्रेलिया में पिछले 15 टेस्ट में से इंग्लैंड ने 13 गंवाये और दो ड्रॉ खेले हैं जबकि एक भी जीत नहीं मिल सकी। आखिरी बार 2010-11 में इंग्लैंड ने आस्ट्रेलिया को 3-1 से हराया था। अगले सात सप्ताह तक पांच शहरों में चलने वाली एशेज श्रृंखला से पहले कई बड़े सवाल खड़े हैं। क्या उम्रदराज और प्रमुख खिलाड़ियों के बिना खेलने जा रही आस्ट्रेलियाई टीम अपनी सरजमीं पर 2010-11 से चला आ रहा अपराजेय अभियान बरकरार रख सकेगी। क्या बेन स्टोक्स इंग्लैंड को आस्ट्रेलियाई सरजमीं पर लंबे अर्से बाद एशेज दिला सकेंगे। आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चोटों के कारण पहला टेस्ट नहीं खेल सकेंगे। ऐसे में तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और आफ स्पिनर नाथन लियोन पर जिम्मेदारी बढ जायेगी। ब्रेंडन डोगेट तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड के साथ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर सकते हैं जिससे आस्ट्रेलियाई पुरूष टेस्ट एकादश में पहली बार दो देशी खिलाड़ी होंगे। कैमरन ग्रीन हरफनमौला की तरह खेलेंगे। आस्ट्रेलिया सलामी बल्लेबाज जैक वेदरालड को भी 31 साल की उम्र में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने का मौका मिल सकता है। मार्नस लाबुशेन तीसरे और कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ चौथे नंबर पर उतरेंगे। इंग्लैंड के कप्तान स्टोक्स ने कहा, मुझे पता है कि यह कितनी बड़ी श्रृंखला है। मैं जनवरी में यहां से रवाना होते समय उन भाग्यशाली कप्तानों में नाम दर्ज कराना चाहता हूं जिन्होंने आस्ट्रेलिया में एशेज श्रृंखला जीती है। इतिहास के बारे में काफी बातें होती हैं लेकिन अब हमारे पास अपना इतिहास रचने का मौका है। इंग्लैंड टीम में जोफ्रा आर्चर तेज गेंदबाजी का दारोमदार संभालेंगे जिनका साथ देने के लिये मार्क वुड हैं। स्टोक्स खुद गेंदबाजी करेंगे और तेज गेंदबाज ब्राइडन कार्स तथा गुस एटकिंसन को भी मौका मिल सकता है। वहीं दूसरी ओर

दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजी कोच पीट बोथा को लगता है कि बरसापारा स्टेडियम का विकेट बल्लेबाजी के लिए काफी बेहतर होगा लेकिन वह यह जानना चाहते हैं कि क्या भारतीय क्यूरेटर लालमिट्टी वाली पिच से घास हटा देंगे। दूसरा और आखिरी टेस्ट शनिवार से यहां शुरू हो रहा है। कोलकाता के ईडन गार्डन्स की मुश्किल पिच पर हार के बाद भारत 0-1 से पीछे है। बोथा ने दूसरे टेस्ट से पूर्व संवाददाताओं से बात करते हुए कहा, जहां तक पिच का सवाल है तो मैंने आज सुबह इसे देखा।

## भारत के लिए हर प्रारूप खेल पाना आसान नहीं : कुलदीप यादव

गुवाहाटी। भारत के बायें हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने स्वीकार किया कि भारत में हर प्रारूप में खेलने का मौका मिलना आसान नहीं है लेकिन कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच आक्रामक मानसिकता से वह अपनी जगह बनाये हुए हैं। कुलदीप आस्ट्रेलिया में पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के बीच से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला खेलने स्वदेश लौट आये थे। उन्होंने पहले टेस्ट में चार विकेट लिये हालांकि भारत 30 रन से हार गया था। सभी प्रारूप मिलाकर 342 विकेट ले चुके कुलदीप ने जियो स्टार के फॉलो द ब्लूज कार्यक्रम में कहा निश्चित तौर पर आप तीनों प्रारूप खेलना चाहेंगे लेकिन टेस्ट खेलने में मजा आता है। भारत में सभी प्रारूपों में खेल पाना आसान नहीं है। उन्होंने कहा हर किसी को टेस्ट क्रिकेट पसंद है। सभी को इसमे मजा आता है लेकिन यह काफी चुनौतीपूर्ण भी है। अगले चार पांच साल टेस्ट क्रिकेट में मेरे लिये काफी अहम हैं तो मैं अपनी फिटनेस बनाये रखने और इसी तरह से खेलने पर फोकस करूंगा। उन्होंने कहा कि अपनी भूमिका को लेकर वह स्पष्ट है और टीम प्रबंधन के सहयोग से वह आक्रामक मानसिकता के साथ खेल पाते हैं। कुलदीप ने कहा एक आक्रामक बल्लेबाज के तौर पर मैं काफी स्पष्ट हूं। मुझे अपनी भूमिका पता है। कोच और कप्तान ने काफी स्पष्टता और सहयोग दिया है। मैं हमेशा आक्रामक मानसिकता से खेलता हूं और मेरा काम विकेट लेना है। कोच भी मुझसे यही चाहते हैं। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका जैसी कठिन टीमों से खेलकर खिलाड़ियों को सीखने और आत्मविश्वास में इजाफा करने में मदद मिलेगी।

# माहित ने राइफल प्रोन में जीता रजत



तोक्यो। भारतीय राइफल निशानेबाज माहित संधू ने बृहस्पतिवार को यहां 25वें बधिर ओलंपिक की 50 मीटर प्रोन स्पर्धा में क्वालीफिकेशन में विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ रजत पदक जीता जो प्रतियोगिता में उनका तीसरा पदक है। माहित ने फाइनल में 246.1 अंक के साथ रजत पदक अपने नाम किया जबकि चेक गणराज्य की एलिस्का स्वोबोडोवा ने 247.2 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। हंगरी की मीरा सुजसाना बियातोवस्की ने 225.0 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। फाइनल में जगह बनाने वाली भारत की नताशा जोशी शूट आउट में पिछड़ने के बाद आठवें स्थान पर रहीं। फाइनल में माहित 14 शॉट के बाद चौथे स्थान पर थी लेकिन अगली सीरीज में वह यूक्रेन की वायोलेटा लिकोवा को पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गई और 20 शॉट पूरे होने तक इसी स्थान पर रहीं। माहित ने अगली सीरीज में 9.8 और 10.2 अंक जुटाए जबकि हंगरी की निशानेबाज 9.4 और 9.8 ही बना सकी जिससे भारतीय निशानेबाज दूसरे स्थान पर पहुंच गई। स्वोबोडोवा ने अपने अंतिम दोनों निशाने 10 अंक से अधिक मारकर सुनिश्चित किया कि माहित उन्हें नहीं पछाड़ पाएंगी।

इससे पहले माहित ने क्वालीफिकेशन में छह सीरीज में 619.7 अंक के साथ नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। नताशा ने 611.6 अंक के साथ सातवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। भारत ने तोक्यो में निशानेबाजी में अब तक 12 पदक जीते हैं जिसमें से माहित के नाम तीन पदक हैं। उन्होंने इससे पहले 10 मीटर मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण और 10 मीटर व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक जीता।

## रबाडा पर नजर रख रहे हैं अगले 24 घंटों में लेंगे फैसला : दक्षिण अफ्रीका कोच

गुवाहाटी। दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजी कोच पीट बोथा ने भारत के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में कगिसो रबाडा के खेलने की संभावना से इनकार नहीं किया लेकिन इस मुख्य तेज गेंदबाज ने बृहस्पतिवार को ट्रेनिंग में हिस्सा नहीं लिया। दुनिया के सबसे अच्छे तेज गेंदबाजों में से एक और दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज आक्रमण का अहम हिस्सा रबाडा मैच से पहले ट्रेनिंग सत्र के दौरान पसलियों में चोट लगने के कारण कोलकाता में पहला टेस्ट नहीं खेल पाए थे। बोथा ने दूसरे टेस्ट में इस तेज गेंदबाज के खेलने की संभावना पर कहा, हम कागिसो रबाडा पर नजर रख रहे हैं और अगले 24 घंटे में फैसला करेंगे। गुवाहाटी पहली बार टेस्ट मैच की मेजबानी कर रहा है और बरसापारा स्टेडियम की पिच से दोनों टीम अनजान हैं। बोथा ने पिच के बारे में कहा, हमें बताया गया है कि विकेट (गुवाहाटी में) बल्लेबाजी के लिए अच्छा है। लेकिन आप घास रखते हैं या नहीं, इससे बहुत फर्क पड़ता है। दो दिन बचे हैं, हमें यह देखने के लिए इंतजार करना होगा कि क्या यह समय से पहले टर्न लेना शुरू करती है। दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजी कोच को उम्मीद है कि ईडन गार्डन्स में पहले टेस्ट में मेहमान टीम की यादगार जीत के नायकों में से एक ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर अंतिम मैच में भी भारतीय बल्लेबाजों को चित्त कर देंगे। साथ ही उनकी फिटनेस को लेकर किसी भी तरह की दिक्कत से भी इनकार किया। बोथा ने कहा साइमन हार्मर के कंधे में कोई दिक्कत नहीं है।

## संक्षेप

### आस्ट्रिया को हराकर इटली डेविस कप सेमीफाइनल में

बोलोगना (इटली)। दो बार की गत चैम्पियन इटली ने आस्ट्रिया को 2-0 से हराकर डेविस कप टेनिस सेमीफाइनल में जगह बना ली जहां उसका सामना बेल्जियम से होगा। इटली के लिये फ्लावियो कोबोली ने फिलिप मिसोलिच को 6.1, 6.3 से हराकर दूसरा मुकाबला जीता। इससे पहल मात्तेओ बेरेतिनी ने जुरिज रोडियोनोव को 6.3, 7.6 से मात दी थी। इटली लगातार 12 डेविस कप मुकाबला जीत चुका है। आखिरी बार उसे 2023 में कनाडा ने ग्रुप चरण में हराया था। अन्य मुकाबलों में स्पेन का सामना चेक गणराज्य से होगा जबकि जर्मनी की टक्कर अर्जेंटीना से होगी।

### मुक्केबाजी के अध्यक्ष ने उत्कृष्टता केंद्र की सराहना की

रोहतक। विश्व मुक्केबाजी के अध्यक्ष बोरिस वान डेर वोर्स्ट ने ग्रेटर नोएडा में चल रहे विश्व कप से इतर यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र का दौरा किया और इसकी काफी सराहना की। उन्होंने बुधवार को केंद्र के अभ्यास परिसर, होस्टल, रिकवरी क्षेत्र, जिम और किचन का भी मुआयना किया। उन्होंने साइ द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा , मैने यहां राष्ट्रीय केंद्र पर सुविधायें देखी हैं और मैं इससे काफी प्रभावित हूं। अभ्यास सुविधायें , अनुशासन। अब मुझे पता चला कि भारत मुक्केबाजी में इतना अच्छा क्यो कर रहा है। उन्होंने कहा , भारतीय मुक्केबाजों में असीम संभावनायें हैं। मैने कई बार भारत का दौरा किया है और मैं अभी भी देखता हूं कि भारत के लिये शीर्ष स्तर पर खेलने की काफी ललक है। मैं उम्मीद करता हूं कि भारतीय मुक्केबाजी महासंघ विश्व का अग्रणी महासंघ बने। भारत से कई और मैरी कॉम निकलें।

### अनाहत व जोशना इंडियन ओपन के सेमीफाइनल में

इंदौर। उभरती हुई भारतीय खिलाड़ी अनाहत सिंह और अनुभवी जोशना चिनप्पा ने बृहस्पतिवार को यहां शानदार जीत के साथ डेली कॉलेज एसआरएफआई इंडियन ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई। यह एक पीएसए कांस्य प्रतियोगिता है। शीर्ष वरीय अनाहत ने जर्मनी की आठवीं वरीय कैटरीना टाइकोवा को 11-5, 11-1, 11-4 से हराया जबकि जोशना ने क्वार्टर फाइनल में स्पेन की सातवीं वरीय सोफिया मातियोस को 11-4, 11-6, 11-3 से शिकस्त दी। सातवें वरीय रमित टंडन पुरुषों के वर्ग में शीर्ष वरीय यूसुफ सोलिमन से पांच गेम के करीबी क्वार्टर फाइनल में हार गए।

# लखनऊ में जिला स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू



लखनऊ । जिला स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 का भव्य एवं सफल आयोजन आज गुरु गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम, लखनऊ में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राम प्रवेश, उप प्राचार्य, डायट लखनऊ उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। प्रतियोगिता का सफल संयोजन रामराज द्वारा किया गया तथा मंच संचालन प्रकाश चन्द्र तिवारी द्वारा कुशलतापूर्वक संपन्न किया गया। प्रतियोगिता के परिणामों में ब्लॉक काकोरी ने ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया, जबकि द्वितीय स्थान गोसाईगंज को प्राप्त हुआ। व्यक्तिगत स्पधाओं में बेसिक विद्यालय हसनापुर के अर्पित ने 200 मीटर और 400 मीटर दोनों ही प्रतिस्पधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शॉट पुट बालक वर्ग में सौरभ (पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुरियामऊ) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वहीं डिस्कस थ्रो में शिवाकांत (बेसिक विद्यालय पहाड़नगर) ने द्वितीय स्थान और बालिका वर्ग में वैष्णवी गुप्ता (पूर्व माध्यमिक विद्यालय बहरौली) ने प्रथम स्थान हासिल किया। सगुन ने बालिका वर्ग में एवं अर्पित ने बालक वर्ग में व्यक्तिगत ओवरऑल चैंपियन का खिताब प्राप्त किया। टीम स्पधाओं में कबड्डी (बालक वर्ग) में पहाड़नगर द्वितीय तथा प्राथमिक स्तरीय कबड्डी (बालिका वर्ग) में गोसाईगंज-2 ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

गुरु गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम

# बैडमिंटन : शेट्टी व लक्ष्य क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी




सिडनी। भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी और विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन बृहस्पतिवार को यहां विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए जबकि सीनियर खिलाड़ी एच एस प्रणय हारकर बाहर हो गए। शेट्टी और लक्ष्य अंतिम आठ के मुकाबले में आमने-सामने होंगे। शीर्ष वरीयता प्राप्त सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी भी चीनी ताइपै के सू चिंग हेंग और वु गुआन शुन को 21.18, 21.11 से हराकर अंतिम आठ में पहुंच गए। सात्विक और चिराग क्वार्टर फाइनल में फजर अल्फियान और मोहम्मद शोहीबुल फिकरी की इंडोनेशिया की पांचवीं वरीय जोड़ी से भिड़ेंगे। योनेक्स अमेरिकी ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट के विजेता शेट्टी ने चौथी वरीयता प्राप्त जापान के कोडाइ नराओका को 21.17, 21.16 से हराया। लक्ष्य ने कड़े प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में चीनी ताइपे के ची यू जेन को 63 मिनट में 21-17, 13-21, 21-13 से हराया। वहीं इस साल प्री क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं जा सके प्रणय को आठवीं वरीयता प्राप्त पूर्व जूनियर विश्व चैम्पियन इंडोनेशिया फरहान अलवी ने 21.19, 21.10 से हराया। सात्विक और चिराग की जोड़ी का सामना अब पांचवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मुहम्मद शोहिबुल फिकरी से होगा।

भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी आस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए जबकि सीनियर खिलाड़ी एच एस प्रणय बृहस्पतिवार को हारकर बाहर हो गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी भी चीनी ताइपै के सू चिंग हेंग और वु गुआन शुन को 21.18, 21.11 से हराकर अंतिम आठ में पहुंच गए। योनेक्स अमेरिकी ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट के विजेता शेट्टी ने चौथी वरीयता प्राप्त जापान के कोडाइ नराओका को 21.17, 21.16 से हराया। अब क्वार्टर फाइनल में उनका सामना हमवतन लक्ष्य सेन से होगा। वहीं इस साल प्री क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं जा सके प्रणय को आठवीं वरीयता प्राप्त पूर्व जूनियर विश्व चैम्पियन इंडोनेशिया फरहान अलवी ने 21.19, 21.10 से हराया। सात्विक और विराग की जोड़ी का सामना अब पांचवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मुहम्मद शोहिबुल फिकरी से होगा।

## विश्व कप स्नूकर: भारत ए जीता, भारत बी हारा

मस्कट। भारत ए ने ओमान ए को हरा दिया लेकिन बृहस्पतिवार को यहां विश्व कप स्नूकर टीम प्रतियोगिता के पहले दिन भारत बी को फ्रांस की मजबूत टीम के हाथों हार का सामना करना पड़ा। भारत ए की तरफ से खेल रहे तीन बार के आईबीएसएफ चैंपियन पंकज आडवाणी ने ग्रुप एफ में उमर सुल्तान को 80-4 से हराकर धमाकेदार शुरुआत की। आदित्य मेहता ने अहमद अलखुसैबी के खिलाफ लय पाने में समय लिया लेकिन नजरें जमाने के बाद मुंबई के इस खिलाड़ी ने भारत ए को 2-0 से आगे कर दिया।

# शुभमन गिल का आज होगा फिटनेस टेस्ट




एजेंसी

गुवाहाटी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान गर्दन में ऐंठन के शिकार हुए भारतीय कप्तान शुभमन गिल का फिटनेस टेस्ट शुक्रवार को होगा ताकि दूसरे टेस्ट के लिये उनकी उपलब्धता का पता चल सके। कोलकाता में पहले टेस्ट के दूसरे दिन गिल की गर्दन में ऐंठन आ गई थी और उसके बाद से उन्होंने नेट्स पर अभ्यास नहीं किया है। दूसरे टेस्ट में उनके खेलने की संभावना कम है जबकि बीसीसीआई की खेल विज्ञान टीम अंतिम फैसला लेने से पहले इंतजार करना चाहती है। दूसरा और आखिरी टेस्ट शनिवार से खेला जायेगा।

भारत के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने अभ्यास सत्र से पहले कहा , वह तेजी से फिट हो रहा है क्योंकि मैं उससे कल ही मिला था। उन्होंने कहा अब फैसला कल शाम को लिया जायेगा क्योंकि फिजियो और डॉक्टर देखेंगे कि पूरी तरह से फिट होने के बाद भी क्या मैच के दौरान फिर ऐंठन होने की आशंका है। कोटक ने कहा अगर ऐसी आशंका होगी तो उसे एक मैच के लिये और आराम दिया जायेगा। शुभमन जैसा खिलाड़ी और वह कप्तान भी है तो टीम को उसकी कमी खलेगी। उन्होंने कहा अगर वह नहीं खेलता है तो भी हमारे पास कई अच्छे खिलाड़ी हैं। वे पेशेवर हैं और टीम के लिये अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। हम उम्मीद करते हैं।

# गोल्फर दीक्षा ने बधिर ओलंपिक में जीता स्वर्ण

एजेंसी



तोक्यो। भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने आखिरी दौर में 11 अंडर स्कोर करके बृहस्पतिवार को बधिर ओलंपिक में स्वर्ण पदक बरकरार रखा। चौबीस वर्ष की दीक्षा ने 2017 बधिर ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करके रजत पदक जीता था जब पहली बार खेलों में गोल्फ को शामिल किया गया था। इसके बाद 2021 में उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था। दीक्षा ने पहले दिन चार अंडर 68 स्कोर किया जिसके बाद 65 और 72 स्कोर रहा। जकार्ता में 2018 एशियाई खेलों में भाग लेने वाली दीक्षा इसके एक साल बाद 18 वर्ष की उम्र में लेडीज यूरोपीय टूर पर जीत दर्ज करने वाली अदिति अशोक के बाद दूसरी गोल्फर बनी थी। तोक्यो ओलंपिक में अंतरराष्ट्रीय गोल्फ महासंघ (आईजीएफ) से खेलने का अचानक न्योता पाने वाली दीक्षा ने 54 होल में 26 अंडर स्कोर किया। फ्रांस की मारज़ू ब्रेजो को रजत और कनाडा की एरिका डान रिवार्ड को कांस्य पदक मिला। दीक्षा दुनिया की अकेली बधिर गोल्फर है जिसने ओलंपिक और बधिर ओलंपिक दोनों में खेला है। वह भारत के लिये 2024 पेरिस ओलंपिक खेली थी। भारत के हर्ष सिंह 12वें और विभु त्यागी संयुक्त 14वें स्थान पर रहे। वहीं दूसरी ओर प्रणवी उर्स बृहस्पतिवार को यहां आईजीपीएल टूर में इतिहास रचते हुए पुरुष खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए पेशेवर टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय महिला गोल्फर बनीं। प्रणवी ने आईजीपीएल आमंत्रण मुंबई में अंतिम दौर में आठ अंडर 60 का हफ्ते का सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया।

प्रणवी ने इतिहास रचा, पुरुष खिलाड़ियों को पछाड़कर आईजीपीएल खिताब जीता

## भारत से घरेलू हालात में खेलने के फायदे को नहीं छीना जा सकता : नीरज चोपड़ा

बेंगलुरु। भारत और दक्षिण अफ्रीका दोनों गुवाहाटी की पिच से अनजान हैं लेकिन पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा का मानना है कि ऐसी पिच पर खेलने के अपने पहले के अनुभव के कारण घरेलू टीम अब भी थोड़े फायदे की स्थिति में है। अब क्रिकेट विशेषज्ञ की भूमिका निभाने वाले चोपड़ा ने यह भी कहा कि अगर कप्तान शुभमन गिल गर्दन में ऐंठन के कारण नहीं खेल पाते हैं तो साई सुदर्शन को महत्वपूर्ण तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए चुना जाना चाहिए।

कोलकाता टेस्ट 30 रन से हारने के बाद भारत की नजरें दो मैच की श्रृंखला को बराबर करने पर टिकी हैं लेकिन पहली बार टेस्ट की मेजबानी कर रहे एसीए स्टेडियम में खेलना उसके लिए नई चुनौती होगी। दूसरे टेस्ट से पहले जियोस्टार के विशेषज्ञ चोपड़ा ने कहा किसी को भी नहीं पता कि गुवाहाटी में क्रिकेट कैसे खेला जाएगा क्योंकि यह एक नया टेस्ट स्थल है।

## हर कोई गंभीर को दे रहा दोष : कोटक

गुवाहाटी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में भारत की हार के बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर की आलोचना से आजिज आ चुके भारत के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने कहा कि उन्हें लगता है कि कुछ लोग निहित स्वार्थों के कारण ऐसा कर रहे हैं। पिछले एक साल में गंभीर के कोच रहते भारत ने चौथा टेस्ट गंवाया है। कोटक ने शनिवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट से पहले कहा , गौतम गंभीर, गौतम गंभीर (आलोचना) हो रहा है। मैं इसलिये ऐसा कह रहा हूं क्योंकि मैं स्टाफ हूं और मुझे बुरा लग रहा है। यह कोई तरीका नहीं है। उन्होंने कहा कि कई बार लगता है कि आलोचना एजेंडे के चलते हो रही है। सौराष्ट्र के पूर्व खब्बू बल्लेबाज ने कहा , शायद कुछ लोगों का व्यक्तिगत एजेंडा है।

उन्हें शुभकामनायें लेकिन यह बहुत खराब है। कोलकाता में पहले टेस्ट के लिये इस्तेमाल की गई पिच को लेकर भी गंभीर की आलोचना हो रही है। भारतीय टीम 124 रन के साधारण लक्ष्य का पीछा करते हुए भी हार गई। गंभीर ने बाद में यह भी कहा कि पिच वैसी ही थी, जैसी मांगी गई थी। वहीं कुछ सप्ताह पहले शुभमन गिल ने कहा था।

# एएफसी चैंपियन्स लीग में जियांगदा से हारा ईस्ट बंगाल

एजेंसी

वुहान (चीन)। भारतीय क्लब ईस्ट बंगाल एफसी को बृहस्पतिवार को यहां एएफसी महिला चैंपियन्स लीग ग्रुप बी मैच में चीन के गत चैंपियन वुहान जियांगदा एफसी के खिलाफ 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। मेजबान टीम की ओर से दोनों गोल पहले हाफ में वैंग शुआंग ने आठवें और 17वें मिनट में किए। पहले मैच में ईरान के बेम खातून एफसी को हराने वाली ईस्ट बंगाल एफसी की टीम क्वार्टर फाइनल में जगह बना सकती है लेकिन इसके लिए उसे सुनिश्चित करना होगा कि 23 नवंबर को उज्बेकिस्तान के पीएफसी नसफ के खिलाफ वह दो गोल से अधिक के अंतर से नहीं हारे।

भारतीय फुटबॉल टीम छह पायदान खिसककर फीफा रैंकिंग में 142वें स्थान पर

तीन ग्रुप में से प्रत्येक में शीर्ष पर रहने वाली दो टीम के अलावा तीसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीम नॉकआउट में जगह बनाएंगी। वहीं दूसरी ओर एशियाई कप 2027 क्वालीफायर में बांग्लादेश से 0.1 से मिली हार के बाद भारतीय टीम ताजा फीफा रैंकिंग में छह पायदान गिरकर 142वें स्थान पर आ गई है। खालिद जमील की कोचिंग वाली टीम 2003 के बाद पहली बार बांग्लादेश से हार गई जिससे टीम की काफी आलोचना हुई है। पिछले महीने गोवा में सिंगापुर के हाथों हारने के बाद भारत एशिया कप की दौड़ से बाहर हो चुका है। भारत की अक्टूबर 2016 के बाद यह सबसे खराब रैंकिंग है। उस समय टीम 148वें स्थान पर थी। दिसंबर 2023 में भारत रैंकिंग में 102वें स्थान पर पहुंचा था लेकिन उसके बाद से रैंकिंग लगातार खराब हुई है। एशिया की 46 टीमों में भारत अब 27वीं रैंक पर है जिसमें जापान 18वें स्थान पर है। भारत की सार्वश्रेष्ठ रैंकिंग 94 थी जो उसे फरवरी 1996 में मिली थी। वहीं दूसरी ओर अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बृहस्पतिवार को कहा कि रेयान विलियम्स भारतीय टीम में चयन के लिए आधिकारिक रूप से पात्र हैं क्योंकि उन्हें अपनी ऑस्ट्रेलियाई नागरिकता छोड़ने के बाद सदस्य संघ बदलने के लिए खेल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा की मंजूरी मिल गई है। पर्थ में जन्मे 32 साल के फारवर्ड विलियम्स ने हाल ही में भारतीय नागरिक बनने के लिए अपना ऑस्ट्रेलियाई पासपोर्ट छोड़ दिया था।



विलियम्स इंडियन सुपर लीग की टीम बेंगलुरु एफसी के लिए खेलते हैं। एआईएफएफ ने कहा, फीफा के प्लेयर्स स्टेटस चैंबर ने 19 नवंबर 2025 को अपना आखिरी फैसला जारी किया जिसमें रेयान विलियम्स के संघ बदलने के अनुरोध को मंजूरी दी गई जिससे वह भारतीय राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए आधिकारिक रूप से पात्र हो गए।

महासंघ ने कहा, अब इस फैसले के लागू होने के साथ रेयान विलियम्स भारतीय राष्ट्रीय टीम में चयन के लिए आधिकारिक रूप से पात्र हो गए हैं। विलियम्स की मां का जन्म मुंबई में जबकि पिता का जन्म इंग्लैंड के केंट में हुआ था। वह ऑस्ट्रेलिया अंडर-20 और अंडर-23 टीम के लिए खेल चुके हैं और 2019 में दक्षिण कोरिया के खिलाफ एक मैत्री मैच के दौरान दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर सीनियर टीम का भी प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।


# मोदी और शरीफ ने मुझे फोन किया था : ट्रंप



न्यूयॉर्क/वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि उन्होंने भारत एवं पाकिस्तान को 350 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी देकर उनके बीच जारी हमलों को रुकवाया था और इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें फोन करके कहा था कि हम युद्ध नहीं करेंगे।

ट्रंप 60 से अधिक बार इस दावे को दोहरा चुके हैं कि उन्होंने इस साल मई में भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव शांत करने में मदद की जबकि भारत किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप के दावे को लगातार नकारता रहा है। उन्होंने बुधवार को कहा, ...मैं झगड़े सुलझाने में अच्छा हूं और हमेशा से ऐसा रहा हूं। मैंने पिछले कुछ साल में, यहां तक कि इससे पहले भी इस दिशा में बहुत अच्छा काम किया है। मैं अलग-अलग लड़ाइयों के बारे में बात कर रहा हूं... भारत, पाकिस्तान... वे परमाणु हथियारों से हमले करने वाले थे। ट्रंप ने अमेरिका-सऊद्दी निवेश मंच में दावा किया कि उन्होंने परमाणु हथियार रखने वाले दोनों पड़ोसी देशों से कहा था कि वे युद्ध जारी रख सकते हैं लेकिन मैं दोनों देशों पर 350 प्रतिशत शुल्क लगा रहा हूं। वे अमेरिका के साथ अब व्यापार नहीं कर पाएंगे। अमेरिका-सऊद्दी निवेश मंच में सऊद्दी अरब के काउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान भी शामिल हुए। ट्रंप ने दावा किया कि भारत और पाकिस्तान दोनों ने उनसे ऐसा नहीं करने के लिये कहा था। अमेरिकी राष्ट्रपति के अनुसार, उन्होंने दोनों देशों से कहा था, मैं यह करने (शुल्क लगाने) जा रहा हूं...मैं नहीं चाहता कि आप लोग एक-दूसरे के खिलाफ परमाणु हथियार का इस्तेमाल करें, लाखों लोगों को मारें और लॉस एंजिलिस पर परमाणु धूल उड़े। इसके बाद ट्रंप ने कहा कि वह पूरी तरह तैयार थे और उन्होंने अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट से कहा था कि वह (संघर्ष को) समाप्त करने के लिए 350 प्रतिशत शुल्क लगाएंगे और अगर दोनों देश युद्ध रोक देते हैं, तो हम एक अच्छा व्यापार समझौता करेंगे। ट्रंप ने कहा, कोई अन्य राष्ट्रपति ऐसा नहीं करता... आठ में से पांच युद्ध, व्यापार और शुल्क की वजह से सुलझे। मैंने यह किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने उन्हें फोन किया और लाखों लोगों की जान बचाने के लिए व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) की चीफ ऑफ स्टाफ सूसी विल्स के सामने उन्हें धन्यवाद दिया। ट्रंप ने इसके बाद दावा किया कि उन्हें प्रधानमंत्री मोदी ने फोन करके कहा, हमारा काम हो गया। मैंने कहा, आपका क्या काम हो गया? ट्रंप ने दावा किया कि मोदी ने जवाब दिया, हम युद्ध नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि फिर उन्होंने मोदी को धन्यवाद दिया और कहा, चलिए, एक समझौता करते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ने यह भी दावा किया कि उन्होंने कई अन्य युद्धों में बहुत से लोगों, लाखों लोगों को बचाया। ट्रंप ने एक दिन पहले भी ओवल ऑफिस (राष्ट्रपति का कार्यालय) में सऊद्दी अबर के काउन प्रिंस के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान यह दावा दोहराया था कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने 10 मई को सोशल मीडिया पर घोषणा की थी कि अमेरिका की मध्यस्थता में हुई बातचीत के बाद भारत और पाकिस्तान पूरी तरह और तत्काल संघर्षविराम पर सहमत हो गए। तब से उन्होंने 60 से अधिक बार यह दावा दोहराया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को खत्म करने में मदद की।

## बिहार सरकार पीएम के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए और अधिक ऊर्जा के साथ काम करेगी: शाह



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर नीतीश कुमार को बधाई दी और कहा कि यह डबल इंजन सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए और अधिक ऊर्जा से कार्य करेगी।

शाह ने उपमुख्यमंत्रियों और सभी मंत्रियों को भी शपथ लेने पर बधाई दी। शाह ने एक्स पर पोस्ट किये गये एक संदेश में कहा कि 20 वर्षों से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) द्वारा किए जा रहे विकास और सुशासन पर विश्वास जताने के लिए बिहार की जनता का आभार। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जी, विजय सिन्हा जी और मंत्रिपरिषद के सभी मंत्रियों को शपथ लेने पर हार्दिक शुभकामनाएं। शाह ने कहा, यह डबल इंजन सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित बिहार के दृष्टिकोण को साकार करने और समाज के सभी वर्गों तक विकास के कामों को पहुंचाने के लिए और भी ज्यादा ऊर्जा के साथ काम करेगी। जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने बृहस्पतिवार को एक भव्य समारोह में बिहार के मुख्यमंत्री पद की रिकॉर्ड 10वीं बार शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री शाह समेत कई गणमान्य नेता उपस्थित रहे। उन्होंने कहा, आज पटना के गांधी मैदान में बिहार के कोने-कोने से लाखों की संख्या में आकर राजग सरकार को प्रदेशवासियों का आशीर्वाद देना बताता है कि यह बिहार के जन-जन की सरकार है। बिहार के सभी लोगों को दिल से बधाई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और हाल में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान भी इस अवसर पर मौजूद थे। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में कुमार और 26 सदस्यीय मंत्रिपरिषद को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

**संक्षेप**

### नेपाल में तनाव से 10 घायल

काठमांडू। नेपाल के एक जिले में बृहस्पतिवार को उस समय नए सिरे से तनाव पैदा हो गया, जब जेन जेड के युवाओं की अपदस्थ प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली की पार्टी के सदस्यों के साथ झड़प में 10 लोग घायल हो गए। इसके बाद अधिकारियों को भारत की सीमा से लगे नेपाल के बारा जिले में स्थिति को नियंत्रित करने के लिए फिर से कर्फ्यू लगाना पड़ा। काठमांडू पोस्ट की अखबार के अनुसार, बारा जिले के सिमारा चौक पर उस समय तनाव बढ़ गया जब युवक ओली की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल( यूनिफाइड मार्क्सवादी-लेनिनवादी) (सीपीएन-यूएमएल) के कार्यकर्ताओं के साथ झड़प के एक दिन बाद सड़कों पर लौट आए। उन्होंने पुलिस पर बुधवार की झड़पों को लेकर अपनी शिकायत में नामित व्यक्तियों को गिरफ्तार नहीं करने का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारी पूर्वाह्न 11 बजे से सिमारा चौक पर एकत्र हुए। बारा में स्थानीय प्रशासन ने जान-माल के संभावित नुकसान को रोकने के लिए दोपहर एक बजे से रात आठ बजे (स्थानीय समय) तक कर्फ्यू लगा दिया था। हालांकि, निषेधाज्ञा लागू नहीं हो पाई और प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए तथा पुलिस से भिड़ गए। प्रदर्शनकारियों द्वारा कर्फ्यू का उल्लंघन किए जाने और आगे बढ़ने पर अधिकारियों ने आंसू गैस के छह गोले दागे और हवा में दो चक्र गोलियां चलाईं।

## भारत में इजराइली कंपनियों के लिए निवेश के बड़े अवसर



तेल अवीव। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत में इजराइली कंपनियों के लिए निवेश के काफी अवसर हैं और दोनों देशों के उद्योग बुनियादी ढांचे के विकास, विनिर्माण और कृत्रिम मेधा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ा सकते हैं।

गोयल ने कहा कि दोनों देशों के बीच सहयोग के अन्य क्षेत्रों में वित्तीय प्रौद्योगिकी, कृषि प्रौद्योगिकी, मशीन लर्निंग, क्वांटम कंप्यूटिंग, औषधि, अंतरिक्ष और रक्षा शामिल हैं। उन्होंने इजराइल के आर्थिक मामलों के मंत्री नीर बरकत के साथ भारत-इजराइल व्यापार शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, दोनों देशों के बीच असीमित संभावनाएं और क्षमताएं हैं। यह पहली बार है जब कोई भारतीय वाणिज्य मंत्री इजराइल की यात्रा कर रहा है। गोयल इजराइल में 60 सदस्यीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। वह द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए नेताओं और कंपनी प्रमुखों से मिलेंगे। मंत्री ने कहा कि कई ऐसी चीजें हैं जो भारत को एक आकर्षक निवेश गंतव्य बनाते हैं। इनमें लोकतंत्र, जनसंख्या संबंधी लाभांश, डिजिटलीकरण, तेज गति विकास और निर्णायक नेतृत्व शामिल हैं। गोयल ने कहा, भारत निवेशकों के अनुकूल और व्यापार के लिए एक भरोसेमंद माहौल प्रदान करता है। यह दोनों पक्षों की कंपनियों के लिए काफी अवसर प्रदान करता है। इसी कार्यक्रम में बरकत ने कहा कि भारतीय बुनियादी ढांचा कंपनियां यहां आकर बोली लगा सकती हैं। उन्होंने कहा कि भारत-पश्चिम एशिया यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) भी सहयोग बढ़ाने का एक अवसर प्रदान करता है। एक अग्रणी पहल के रूप में प्रस्तुत, आईएमईसी का उद्देश्य सऊद्दी अरब, भारत, अमेरिका और यूरोप के बीच एक विशाल सड़क, रेलमार्ग और पोत परिवहन नेटवर्क स्थापित करना है ताकि एशिया, पश्चिम एशिया और पश्चिम के बीच एकीकरण सुनिश्चित हो सके। सितंबर, 2023 में दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान आईएमईसी पहल को अंतिम रूप दिया गया था। इजराइल को भारत का निर्यात 2024-25 में 52 प्रतिशत घटकर 2.14 अरब डॉलर रहा, जो एक साल पहले 4.52 अरब डॉलर था। आयात भी 26.2 प्रतिशत घटकर 1.48 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। भारत को इजराइल से अप्रैल, 2000 और जून, 2025 के दौरान 33.78 करोड़ डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्राप्त हुआ।

## भारतीय ध्वज वाले जहाजों के लिए आव्रजन व्यवस्था खत्म



नयी दिल्ली। देश के समुद्र तटों पर सेवा देने वाले भारतीय नाविकों को राहत देते हुए, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दो दशक पुरानी उस आव्रजन व्यवस्था को बृहस्पतिवार को खत्म कर दिया, जिन्हें देरी की एक बड़ी वजह माना जाता था। भारतीय ध्वज वाले ऐसे जहाजों, जो सिर्फ़ भारतीय पत्तन की सीमा के अंदर संचालित होते हैं, उनके चालक दल के लिए खत्म किये गए दो मुख्य नियमों में कोस्टल साइन-ऑन और साइन-ऑफ सिस्टम तथा शोर लीव पास प्रणाली शामिल हैं।

इन जहाजों में ड्रेजर (तल से गाद निकालने वाली) और अनुसंधान पोत आदि शामिल हैं। पहले, नाविकों को अंतरराष्ट्रीय आव्रजन मंजूरी जैसी मुश्किल दस्तावेजी प्रक्रिया का सामना करना पड़ता था, भले ही वे भारतीय पत्तनों के बीच आते-जाते हों। इसके अलावा, एक नाविक को जहाज से उतरने और किनारे पर जाने (शोर लीव) के लिए एक नियमित आव्रजन पास की ज़रूरत होती थी। इन दोनों प्रक्रियाओं को खत्म करने के इस फैसले के साथ, सरकार ने नाविकों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा कर दिया है। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार भारत के नाविकों के साथ मज़बूती से खड़ी है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हमारे नाविकों को मज़बूत बनाने के लिए, (गृह मंत्री) अमित शाह जी के मज़बूत नेतृत्व में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने विशेष रूप से भारतीय जल क्षेत्र में संचालित होने वाले सभी भारतीय जहाजों के लिए साइन-ऑन, साइन-ऑफ़ और शोर लीव पास की दशकों पुरानी ज़रूरतों को खत्म कर दिया है। पूर्व की व्यवस्था में, चालक दल के प्रत्येक सदस्य को हर 10 दिन में अपना शोर लीव पास लेने और नवीकरण कराने के लिए खुद आव्रजन कार्यालय जाना पड़ता था। इस प्रक्रिया को बहुत बोझिल माना जाता था, जिससे नाविकों के लिए जहाज पर अपने ज़रूरी काम पर ध्यान देना बहुत मुश्किल हो जाता था।

## पुलिस ने कश्मीर टाइम्स के जम्मू कार्यालय पर छापा मारा, एके राइफल के कारतूस बरामद

जम्मू। जम्मू कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने देश के खिलाफ गतिविधियों को बढ़ावा देने के आरोप में बृहस्पतिवार को यहां कश्मीर टाइम्स के कार्यालय पर छापा मारा और अन्य चीजों के अलावा एके राइफलों के कारतूस तथा पिस्तौल के कुछ कारतूस बरामद किए।

अधिकारियों ने कहा कि एसआईए के अधिकारियों ने प्रकाशकों और प्रवर्तकों के खिलाफ एक मामला दर्ज करने के बाद अखबार के परिसरों और कंप्यूटरों की गहन जांच की। उन्होंने बताया कि छापेमारी में एसआईए ने एके राइफल के कारतूस, पिस्तौल के कुछ कारतूस और हैंड ग्रेनेड पिन समेत अन्य सामान जब्त किया। अधिकारियों ने कहा कि प्रकाशन के प्रवर्तकों से पूछताछ हो सकती है। वहीं, कश्मीर टाइम्स के प्रबंधन ने प्रकाशन के जम्मू कार्यालय में कथित छापे की कड़ी आलोचना की और कहा कि राज्य के खिलाफ गतिविधियों के आरोप एक स्वतंत्र मीडिया संस्थान को दबाने की एक सोची-समझी कोशिश है। सोशल मीडिया पर जारी एक संयुक्त बयान में, संपादक प्रबोध जामवाल और अनुराधा भसीन ने कहा, जम्मू में हमारे कार्यालय पर कथित छापा, राष्ट्र के खिलाफ गतिविधियों के बेबुनियाद आरोप और कश्मीर टाइम्स पर समन्वित कार्वाई हमें चुप कराने की एक और कोशिश है। उन्होंने कहा, सरकार की आलोचना करना और सरकार से दुश्मनी करना एक जैसा नहीं है। असल में, यह इसका बिल्कुल उल्टा है। एक मजबूत, सवाल पूछने वाला प्रेस एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए जरूरी है।

## ट्रंप की अब सूडान में गृहयुद्ध को समाप्त करने में मदद की योजना

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि वह सूडान में जारी भीषण गृहयुद्ध को समाप्त करने में मदद पर अधिक ध्यान देने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि सऊद्दी अरब के काउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने उनसे इस संबंध में आग्रह किया है।

दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद कई युद्धों को समाप्त कराने का दावा करने वाले ट्रंप ने स्वीकार किया कि काउन प्रिंस से बातचीत से पहले यह संघर्ष उनके एजेंडे में शामिल नहीं था। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस में सऊद्दी अरब के शासक के साथ हुई विस्तृत बातचीत में सूडान के गृहयुद्ध पर चर्चा की। ट्रंप ने कहा कि काउन प्रिंस ने उनसे अनुरोध किया कि वह अपने पद की शक्ति व प्रभाव का उपयोग कर युद्ध को समाप्त करने में मदद करें। सूडान पर नियंत्रण के लिए जारी संघर्ष में 40,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और 1.4 करोड़ से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं, जिससे यह विश्व का सबसे बड़ा मानवीय संकट बन गया है। अप्रैल 2023 से जारी गृहयुद्ध में सूडानी सशस्त्र बल और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) आमने-सामने हैं।

**इंटरटेनमेंट...**

## 56वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया का आगाज



**मुंबई।** 56वां इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (आईएफएफआई) आज से गोवा के पणजी में शुरू हो गया है। बॉलीवुड एक्टर अनुपम खेर, डायरेक्टर शेखर कपूर, तेलुगु एक्टर नंदमुरी बालकृष्ण ने इफ्फी 2025 में वेव्स फिल्म बाजार का उद्घाटन किया है। 20-28 नवंबर तक चलने वाली इस फेस्टिवल में दुनिया भर की बेहतरीन फिल्में दिखाई जाएंगी।

इफ्फी 2025 में अनुपम खेर की 4 फिल्में प्रदर्शित होंगी, जिसे लेकर उन्होंने खुशी जताई है। एक्टर की जिन फिल्मों की स्क्रीनिंग होगी, उनमें 'तन्वी द ग्रेट', 'द बंगाल फाइल्स', 1942 ए लव स्टोरी और 'कैलरी' शामिल हैं। 'कैलरी' एक कैनेडियन फिल्म है, जिसे इंडो-कैनेडियन फिल्ममेकर ईशा मरजारा ने लिखा और डायरेक्ट किया है, इसके साथ ही अनुपम की एक मास्टर क्लास भी यहां आयोजित की जाएगी। बात करते हुए एक्टर ने खुशी जाहिर की। साथ ही फिल्म फेस्टिवल को लेकर अपनी यादें भी साझा की। उन्होंने कहा 'अनऑफिशियल रेट्रोस्पेक्ट ऑफ अनुपम खेर है। मैं अपने आपको ऐसे बोलना चाहता हूं। मैं ये बात बहुत प्यार और नम्रता से बोल रहा कि मुझे नहीं लगता कि सिनेमा के इतिहास में किसी भी फेस्टिवल में, किसी भी एक्टर की चार फिल्में अलग-अलग सेक्शन में सेलेक्ट हुई हैं। स्पेशल स्क्रीनिंग के लिए 1942- अ लव स्टोरी, पैनोरमा के लिए तन्वी द ग्रेट, द बंगाल फाइल्स और इंटरनेशनल सेक्शन के लिए कनाडाई फिल्म कैलरी चुनी गई है। मैं 1984 से फेस्टिवल अटेंड करता आ रहा हूं।

मैंने पहला फेस्टिवल दिल्ली में अटेंड किया था। उस वक्त सारांश फिल्म सेलेक्ट हुई थी। उसके बाद बहुत सारे फेस्टिवल मैंने अटेंड किए हैं। लेकिन मुझे खुशी है कि अब हमारी एक जगह है, जो गोवा है। गोवा की अपनी एक पहचान है, अपनी एक खुशबू है। हम यहां सिनेमा को सेलिब्रेट कर रहे हैं। मुझे खुशी है कि मैं यहां हूं।' आईएफएफआई में एक्टर एक मास्टर क्लास भी कंडक्ट करने वाले हैं। मास्टर क्लास पर बात करते हुए एक्टर ने कहा- 'पहले मैं सिनेमा के बारे में बात करता था। लेकिन धीरे-धीरे मुझे लगा कि जो मास्टर क्लास अटेडेंट करने आते हैं, वो भावी कलाकार, राइटर, डायरेक्टर होते हैं। उनको कहीं ना कहीं एक इनसिक्योरिटी होती है कि मेरा क्या होगा। जैसे मुझे होती थी, जब मैं मुंबई काम ढूंढने आया था। फिर मैं अपना टॉपिक ऐसा चुनता हूं, जिनसे उन्हें कोई प्रेरणा मिले। पिछले साल मेरा टॉपिक था-पावर ऑफ फेलियर था। इस बार मेरा टॉपिक है- गिविंग अप इज नॉट च्वाइस। आप कोई भी सिचुएशन से गुजर रहे हैं।

### 252 करोड़ के ड्रग केस में ओरी को समन

मुंबई। पॉपुलर इन्फ्लूएंसर ओरहान अवत्रमणि उर्फ ओरी को बुधवार को एंटी नारकोटिक्स सेल ने समन किया है। उन्हें 252 करोड़ रुपए के ड्रग केस में जांच के दायरे में लिया गया है। आज तक की रिपोर्ट के अनुसार, ओरी को आज के घाटकोपर में स्थित कार्यालय में करीब 10 बजे पेश होने के आदेश दिए गए हैं। यहां उनसे ड्रग केस में पूछताछ होगी। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, एंटी नारकोटिक्स सेल ने अगस्त में दाऊद इब्राहिम के साथ काम करने वाले ड्रग तस्कर सलीम डोला के बेटे ताहेर डोला को दुबई से प्रत्यर्पित किया था। पूछताछ के दौरान ताहेर डोला ने बयान में कहा कि उसके द्वारा भारत और विदेशों में आयोजित होने वाली ड्रग्स पार्टियों में बॉलीवुड एक्टर्स, मॉडल्स, रैपर्स, फिल्ममेकर और अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के रिश्तेदार भी शामिल होते थे।

## '120 बहादुर' पूरे हिंदुस्तान की कहानी



**मुंबई।** फिल्म 120 बहादुर के जरिए उस अनसुनी बहादुरी को बड़े पर्दे पर जिंदा किया जा रहा है, जिसे हमारे देश के इतिहास में वह सम्मान कभी नहीं मिला जिसका वह हकदार था। इसी फिल्म को लेकर हमारी खास बातचीत हुई कलाकार ब्रिजेश करनवाल, धनवीर सिंह, आशुतोष शुक्ला, अंकित सिवाच और दिग्विजय प्रताप से, जिन्होंने अपने-अपने किरदारों के जरिए 1962 के उन वीर सैनिकों की रूह और जज्बे को महसूस किया। बातचीत में इन सभी कलाकारों ने स्क्रिप्ट से जुड़ाव, कठोर ट्रेनिंग, ऊंचाई पर शूटिंग के अनुभव, फरहान अख्तर के साथ सफर और देश के प्रति अपनी भावनाओं को खुलकर बताया हैं।

## द फैमिली मैन 3 में मनोज बाजपेयी की बढ़ेंगी मुश्किलें




**मुंबई।** लेखक और निमार्ता-निर्देशक राज निदिमोरु और कृष्णा डी.के., यानी राज एंड डीके, की लोकप्रिय वेब सीरीज द फैमिली मैन का नया सीजन 21 नवंबर को रिलीज होगा। इस सीजन 3 में इंटेलिजेंस ऑफिसर श्रीकांत तिवारी की मुश्किलें पहले से भी ज्यादा बढ़ती नजर आएंगी। इतना ही नहीं, सीरीज में जयदीप अहलावत और निम्रत कौर की एंट्री हुई है, जो विलेन के किरदार में दिखाई देंगे। द फैमिली मैन 3 के डायरेक्टर डीके और एक्टर मनोज बाजपेयी ने बातचीत की और उन्होंने बताया कि इस बार के सीजन में क्या कुछ खास होने वाला है। इस बार श्रीकांत की लड़ाई दोनों ही तरह की है इंटरनल भी और बाहरी भी। हालांकि बाहरी हालात उसे अंदरूनी संघर्ष की ओर धकेल रहे हैं। इस सीजन में मेरी लड़ाई बाहर ज्यादा है और श्रीकांत को महसूस होता है कि उसे हर जगह सवालों के घेरे में खड़ा किया जा रहा है।

उसके कॉमन सेंस और शार्पनेस पर भी उंगली उठाई जा रही है। इसीलिए इस बार आप एक बहुत अलग श्रीकांत देखने वाले हैं। पहले दो सीजन का वही अंदाज कहीं-कहीं नजर आएगा, लेकिन साथ ही ऐसा भी लगेगा कि वह कुछ चीजों में खो गया है और उन्हें संभाल नहीं पा रहा है। जैसा कि आपको पता है कि फैमिली मैन के दो सीजन आ चुके हैं। पहले सीजन में विलेन भूसा था, जिसका किरदार काफी पसंद किया गया और जिसने श्रीकांत की जर्नी को एक नई दिशा दी। दूसरे सीजन में राजी एक बेहद लोकप्रिय किरदार बनी।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com